CMYK

सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-210 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 09 जनवरी 2024
26 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



बिलकिस गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पलटा गुजरात सरकार का फैसला

# फिर जेल जाएंगे 11 दोषी

**निर्णय**

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर रिश्तेदारों-गवाहों ने जताई खुशी
- गुजरात सरकार का फैसला शक्ति का दुरुपयोग था
- 15 अगस्त 2022 को आरोपियों को कर दिया गया था रिहा
- बिलकिस ने सरकार के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी



**नई दिल्ली।** गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया हैं। मामले में एक गवाह ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बानो को वास्तव में आज न्याय मिला है। मैं इस मामले में गवाहों में से एक हूं। इन 11 दोषियों को महाराष्ट्र की एक अदालत ने सजा सुनाई थी। गुजरात सरकार का उन्हें रिहा करने का फैसला गलत था, इसलिए हमने इसे अदालत में चुनौती दी थी। फैसले के बाद दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया में बिलकिस बानो के रिश्तेदारों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुशी जाहिर करते हुए जमकर आतिशबाजी की हैं। देवगढ़ बारिया शहर के रहने वाले मामले के गवाहों में से एक अब्दुल रजाक मंसूरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है।

### न्याय की हुई जीत : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर दिखा दिया कि अपराधियों को पनाह कौन देता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिलकिस बानो का अथक संघर्ष अहंकारी भाजपा सरकार के खिलाफ न्याय की जीत का प्रतीक है। चुनावी लाभ के लिए न्याय की हत्या करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक हैं।

# रोजगार और स्वरोजगार के बन रहे नए मौके: मोदी

**कार्यक्रम**

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से पीएम ने की बातचीत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभा को संबोधित भी किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के कई लाभार्थियों ने भाग लिया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2-3 दिन पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। मोदी ने कहा कि हम देश की एक बहुत बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए हम गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

# नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने को सुप्रीम मंजूरी

**आदेश**

- आजीवन अयोग्यता खत्म, जेल में मायूस होंगे इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने 6-1 के बहुमत के फैसले में संविधान के अनुच्छेद 62(1)(एफ) के तहत सांसदों के लिए आजीवन अयोग्यता को समाप्त कर दिया। शीर्ष अदालत ने समीउल्लाह बलूच मामले में अपने 2018 के फैसले को खारिज कर दिया, जब उसने फैसला सुनाया था कि अनुच्छेद 62(1)(एफ) के तहत दी गई अयोग्यता को स्थायी माना जाता था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के 8 फरवरी को होने वाले चुनाव में हिस्सा लेने को मंजूरी मिल गई है। नवाज शरीफ को पनामा पेपर्स मामले में सुप्रीम कोर्ट ने किसी भी सरकारी पद को धारण करने से आजीवन अयोग्य घोषित कर दिया था। वहीं, इमरान खान का पर्चा खारिज होने पर सुप्रीम कोर्ट ने अब तक कोई फैसला नहीं दिया है। वह लंबे समय से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में नवाज शरीफ और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान के नेता जहांगीर तरीन को अयोग्य ठहराया था। आज के फैसले के बाद नवाज और तरीन दोनों को चुनाव लड़ने की मंजूरी मिल गई है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश मियां साकिब निसार, न्यायमूर्ति शेख अजमत सईद, पूर्व चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति सज्जाद अली शाह की पीठ ने 2018 में फैसला देते हुए नवाज शरीफ को आजीवन चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया था।



मुख्यमंत्री ने उप्र को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की

# देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना यूपी

**विचार**

- राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा : मुख्यमंत्री
- फार्मास्युटिकल रिसर्च एण्ड इनोवेशन इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाए



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया।

नियोजन विभाग द्वारा आयोजित की बैठक में प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

विगत साढ़े 06 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1 फीसदी रही, जबकि देश की विकास दर 18.4त्न रही। जबकि स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3 फीसदी वृद्धि दर रही। वर्तमान स्थिति में 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने के अनुमान हैं, वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। अपने कार्यों की और बेहतर प्लानिंग करनी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है।

### संजय सिंह ने किया नामांकन



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच व्यक्तिगत रूप से राज्यसभा में अपने पुन~नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी है। पिछले हफ्ते शुक्रवार को आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने संजय सिंह और एनडी गुप्ता को उच्च सदन में सांसद के रूप में उनके दूसरे कार्यकाल के लिए जारी रखने का फैसला किया था। राज्य सभा का चुनाव 19 जनवरी को होगा। उन्होंने सिविल लाइंस में एक पुलिस वैन में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। उनकी पत्नी अनीता सिंह कहती हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वह उत्साह से भर गए हमें न्यायपालिका पर भरोसा है।

# 22 को लखनऊ में बंद रहेंगी मांस की दुकानें

**घोषणा**

- मुस्लिम विक्रेता संघ की बड़ी पहल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख मुस्लिम संगठन ऑल इंडिया जमीयतुल कुरेश ने घोषणा की है कि वह 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर अभिषेक समारोह के दौरान लखनऊ में सभी मांस की दुकानें बंद रखेंगे। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरेश के राष्ट्रीय सचिव शहाबुद्दीन कुरेशी और उपाध्यक्ष अशफाक कुरेशी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समुदाय ने लखनऊ के बिलोचपुरा, सदर कैंट, फतेहगंज और लाटूश रोड इलाकों में सभी मांस की दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। शहाबुद्दीन कुरेशी ने राज्य के डिप्टी सीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि हम सब अवधवासी हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर सद्भावना को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 22 जनवरी 2024 को बिलोचपुरा, सदर कैंट, फतेहगंज और लाटूश रोड क्षेत्र के सभी मीट व्यापारी अपना कारोबार बंद रखेंगे। वहीं, महाराष्ट्र में भाजपा विधायक राम कदम ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के दिन राज्य में शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है।

बांग्लादेश के चुनाव में जीत पर पीएम मोदी ने किया शेख हसीना को फोन

# भारत ही हमारा सच्चा दोस्त: शेख हसीना

**सफलता**

- साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध
- विपक्ष दलों के बहिष्कार के बीच बांग्लादेश में हुए थे चुनाव



**ढाका।** विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच बंग्लादेश में सात जनवरी को आम चुनाव हुए थे। इस दौरान बांग्लादेश के कई इलाकों में छुटपुट घटनाएं हुई थी। बांग्लादेश के आम चुनाव के नतीजों ने सबको हैरान कर दिया हैं। मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग ने प्रचंड जीत हासिल की हैं।

300 में से 299 सीटों पर मतदान हुए, वहीं एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के बाद चुनाव टाल दिया गया था। 299 सीटों में से 223 सीटों पर आवामी लीग ने ऐतिहासिक जीत हासिल की हैं।

चुनावी नतीजों के सामने आने के बाद पीएम मोदी ने शेख हसीना को फोन कर बधाई दी। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री शेख हसीना से फोन पर बात हुई। बांग्लादेश में हुए आम चुनाव में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं। हम बांग्लादेश के साथ स्थायी और जन केंद्रित साझेदारी को अधिक मजबत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गौरतलब हैं कि शेख हसीना ने बांग्लादेश ने जीत दर्ज करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने भारत को अपना सच्चा दोस्त बताया।

उन्होंने कहा हमारा पड़ोसी देश भारत बांग्लादेश का सबसे अच्छा और सच्चा दोस्त हैं। 1971 और 1975 में भारत ने हमारा समर्थन किया था। मैं वास्तव में इस बात की सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत संबंध हैं।

# बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**फटकार**

- उपचुनाव में देरी पर चुनाव आयोग से पूछे सवाल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश पर रोक लगा दी।

दरअसल बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने आदेश में चुनाव आयोग को पुणे लोकसभा सीट पर तुरंत उपचुनाव कराने का निर्देश दिया था। पुणे लोकसभा सीट यहां के सांसद गिरीश बापट के निधन के कारण 29 मार्च 2023 से खाली है। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। चुनाव आयोग ने अपनी याचिका में कहा कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को खत्म हो रहा है, ऐसे में अब इस समय उपचुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी लेकिन उपचुनाव में हुई देरी को लेकर भी सवाल किया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 13 दिसंबर 2023 को चुनाव आयोग को लताड़ भी लगाई थी और तुरंत पुणे लोकसभा सीट पर उपचुनाव कराने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि चुनाव आयोग पुणे लोकसभा सीट पर उपचुनाव में देरी के लिए बेकार के कारण दे रहा है।




**विचार**

आप और कांग्रेस के बीच हुई बैठक

# सीट बंटवारे का पेंच फिर करेंगे हल

**गठबंधन**

- दोनों पार्टियों ने दिए सकारात्मक संकेत
- पंजाब में गठबंधन की राह हुई मुश्किल
- महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के साथ बैठक आज



**नई दिल्ली।** आईएनडीआईए गठबंधन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बनी सहमति को आगे बढ़ाते हुए दोनों पार्टियों ने अब सीटों के बंटवारे की औपचारिक बातचीत का पहला राउंड सोमवार को पूरा कर लिया। इस बातचीत का लेकर दोनों पार्टियों ने फिलहाल किसी तरह का खुलासा करने से परहेज किया है मगर मिले संकेतों के अनुसार, दिल्ली में जहां चार-तीन के फार्मूले पर सहमति बनने की संभावना हैं। वहीं, गुजरात, हरियाणा और गोवा में दोनों पार्टियां चुनावी संभावनाओं की गुंजाइश टटोल रही हैं। बताया जाता है कि आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में एक सीट समेत गोवा और गुजरात में कांग्रेस के सामने कुछ सीटों की मांग रखी है। सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए अगले कुछ ही दिनों में कांग्रेस और आप के नेताओं के बीच दूसरे दौर की बैठक होगी। आईएनडीआईए में शामिल दलों से चुनावी गठबंधन को जल्द आकार देने में जुटी कांग्रेस की मंगलवार को महाराष्ट्र में उसके गठबंधन महाविकास अघाड़ी के दलों शिवसेना यूबीटी और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के नेताओं के साथ बैठक होगी। आईएनडीआईए गठबंधन के दलों के बीच 2024 के चुनाव में अधिकतम संभव सीटों पर संयुक्त प्रत्याशी उतारने को लेकर बनी राय के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस ने सीट बंटवारे की यह कसरत दो दिन पहले ही शुरू की। बिहार में राजद के नेताओं संग हुई चर्चा के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की आप नेताओं आतिशी, सौरभ भारद्वाज और संदीप पाठक के साथ सोमवार को करीब तीन घंटे चर्चा हुई। कांग्रेस की गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक के घर पर हुई इस बैठक में अशोक गहलोत, सलमान खुर्शीद, मोहन प्रकाश के साथ दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भी मौजूद थे।

### मायावती ने योगी सरकार से की सुरक्षा बढ़ाने की अपील

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उनकी पार्टी के कार्यालय को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि इससे बीजेपी को दलित विरोधी तत्वों से मजबूती से निपटने में मदद मिलेगी। बीएसपी का यूपी सरकार से विशेष अनुरोध है कि मौजूदा पार्टी प्रदेश कार्यालय के बजाय कहीं और सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था की जाए अन्यथा यहां कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। साथ ही, इस असुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा सुझाव पर पार्टी प्रमुख को अब पार्टी की अधिकतर बैठकें अपने निवास पर करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि पार्टी दफ्तर में होने वाली बड़ी बैठकों में पार्टी प्रमुख के पहुँचने पर वहाँ पुल पर सुरक्षाकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ती है।

# प्रेस क्लब मोहम्मदी की अब पहचान प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी के नाम से होगी

## तहसील क्षेत्र में पहला रजिस्टर्ड हुआ पत्रकारों का संगठन



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मद-खीरी।** प्रेस क्लब की मासिक बैठक वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चंद्र सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद में संपन्न हुई। प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर ने बताया प्रेस क्लब मोहम्मदी की अब पहचान प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी के नाम से होगी तहसील क्षेत्र में पहला रजिस्टर्ड प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी के नाम से हुआ है। समस्त पदाधिकारी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वरिष्ठ पत्रकार विमल सिंह ने संगठन को मजबूत करने के लिए पत्रकार साथियों को अहम सुझाव दिए। मोहम्मद इलियास ने संगठन रजिस्ट्रेशन होने पर बधाई संदेश के लिए नगर में फ्लेक्स लगाने की बात रखी जिस पर समस्त पदाधिकारी ने सहमति जताई।बैठक में महामंत्री तनवीर,अश्वनी राजपूत,सिदाकत मंसूरी, रियासत अली, फिरोज मंसूरी, अमित सिंह कुशवाहा,अर्जुन राठौर, शुभम कुमार, जाकिर खान, इमरान मंसूरी, गोपाल कृष्ण मिश्रा, शादाब खान, शहवाज, शमशाद खान, बबली, शारिब अली, मोहम्मद असलम रजा, पुष्पेंद्र, तौहीद मंसूरी, जसवंत सिंह, पपिल अमीननगर प्रेस क्लब मोहम्मदी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त संजय पुत्र मूलचन्द्र निवासी भंगहा बेलवा थाना शारदानगर जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 462/2023 धारा 128 सीआरपीसी को ग्राम भंगहा बेलवा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**लखीमपुर खीरी।** निघासन कस्बे में चंद्रगुप्त नगर निवासी विवाहिता का शव सोमवार को फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है पलिया थाने के गांव टेहरा निवासी विष्णू ने बताया कि उसकी बहन रजनी (24) की शादी तीन वर्ष पहले चंद्रगुप्त नगर निवासी सोनासर के बेटे सूरज के साथ हुई थी हैसियत के अनुसार दान-दहेज देने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोग एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे दहेज की मांग को लेकर रजनी को प्रताड़ित करते थे आरोप है कि बच्चे न होने का ताना भी मारा जाता था। करीब 12 दिनों से उसे अधिक परेशान किया जा रहा था शनिवार को बहन का शव चारपाई पर पड़ा मिला। कमरे के अंदर कुंडे में साड़ी का फंदा लगा था।

## नववर्ष के उपलक्ष में पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन

सहारनपुर। नववर्ष के उपलक्ष में सहारनपुर क्लब में पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ दम्पत्ति के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। सहारनपुर क्लब में नववर्ष के उपलक्ष में पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्य व उनके परिवार के लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया और नववर्ष को धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में महापौर डॉ.अजय सिंह और प्रशासनिक अधिकारियों का क्लब के लोगों द्वारा बुके देकर पटका पहनकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में परिवार के लिए खेलों व कपल डांस समेत बच्चों के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन पी एम पी डब्ल्यू ए भवन, ऐरा रोड , मीरपुर, पर किया गया। इसमें मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, हड्डी रोग, मानसिक रोग, बाल रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, एवं होम्योपैथिक के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर का उद्घाटन संगठन के संरक्षक डॉक्टर जी सी मिश्रा ने फीता काटकर किया। संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर एम आर खान ने बताया की बहुत से मरीज ऐसे हैं जो प्राइवेट में फीस देकर अपना इलाज नहीं करवा सकते इसी को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आज निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई। सचिव डॉक्टर मुदित मेहरोत्रा ने कहा हमारा संगठन हमेशा ऐसी सेवाएं देने के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 147 मरीज को निशुल्क परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉक्टर रूबी मेहता, डॉक्टर अभिलाषा सिंह, डॉक्टर पवन गर्ग, डॉ एम आर खान, डॉक्टर रूपक टंडन, डॉ दिनेश दुआ,डॉ अनिल वर्मा, डॉक्टर राकेश माथुर, डॉ प्रदीप टंडन, डॉ ओ. पी. मिश्रा, डॉक्टर नित्य मेहरोत्रा, डॉ रोहित मिश्रा, डॉक्टर मुदित मेहरोत्रा, डॉक्टर इंद्रेश राजावत, डॉक्टर प्रारूप मेहता, डॉ संजय मल्होत्रा, डॉक्टर देश दीपक जायसवाल, डॉक्टर अर्नव मल्होत्रा, डाक्टर वीरेंद्र वर्मा, एवं डॉक्टर शरद सिन्हा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में निशुल्क परामर्श के अलावा शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, हीमोग्लोबिन, ऑक्सीजन की जांच की गई पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहा।

## अनियंत्रित कार खाई मे गिरी, एक की मौत, दो घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।हादसे में एक श्रद्धालु की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि महिला सहित दो घायल हो गए। पुलिस ने घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें सहारनपुर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। सोमवार की सुबह उत्तराखंड के जिला देहरादून के कस्बा विकासनगर निवासी महेंद्र पुत्र रामपाल अपने परिवार के साथ सिद्धपीठ मां श्री शाकंभरी देवी दर्शन करने के लिए आया था। वापस लौटते समय अलीपुर बड़वाला के निकट उनकी कार के सामने अचानक बाइक आ गई, बाइक को बचाते समय श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।जिससे कार सवार 50 वर्षीय महेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि उसकी पत्नी मंजू व बेटा प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल श्रद्धालुओं को 108 एंबुलेंस से सीएचसी बेहट में भर्ती कराया। हादसे की ख़बर मिलते ही बेहट चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया सीएचसी पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना तथा चिकित्सको से वार्ता कर घायलों को बेहतर इलाज़ मुहैया कराने की बात कही।

# 10.5 किलोग्राम चरस के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने नशीले पद्धार्थ की तस्करी करने वाला 01 अन्तर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 किलो 500 ग्राम चरस बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 06 लाख रूपये आंकी गयी है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने बताया कि थाना मिर्जापुर के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त इस्तकार पुत्र लाहोरी निवासी मौ.बन्दूकची मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर को गोल्डन पैलेस से आगे मिर्जापुर पोल जाने वाले रास्ते से लगभग 10 किलो. 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर अभियुक्त



इस्तकार ने बताया कि वह कम समय में अधिक पैसा कमाना चाहता था, उसका संपर्क एक महिला तस्कर से हो गया। उसने महिला तस्कर ने मुझे एक व्यक्ति का मोबाइल नम्बर दिया और बताया कि यह व्यक्ति सिखटा जिला बेतिया बिहार का रहने वाला है। यह तुम्हे चरस बिना रुपये के दे देगा, जब उस माल को बेच दोगे, तब उसके रुपये उस व्यक्ति को दे देना। उसने संपर्क कर सहारनपुर माल मंगाया, तो उस व्यक्ति ने 02 महिलाओ को सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर भेजा, जिन्होने मुझे रेलवे स्टेशन के पास माल दिया। मेरे द्वारा उनको 20 हजार रुपये दिये गये थे। महिलाएं माल देकर वापस चली गयी थी। उनका नाम मुझे मालूम नही है। उसने दिये हुए माल को एक सवा लाख रुपये में मंसूरी देहरादून में बेच दिया था, तब उसने एक लाख रुपये किश्तो के रुप में जिस व्यक्ति से माल खरीदा था, उसे आनलाईन ट्रांजिक्शन के माध्यम से दिये थे। 5 जनवरी को पुनः उसी नम्बर से सम्पर्क कर 07 जनवरी को रेलवे स्टेशन सहारनपुर पर माल मंगवाया।

उसने माल पहुँचाने के लिये 20 हजार रुपये माल लाने वाली महिलाओ को देकर माल करीब 10-11 किग्रा0 रेलवे स्टेशन से चरस प्राप्त कर लिया। इसके अतिरिक्त उन लोगो के बारे में कोई जानकारी नही है।

चरस तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा, हैड कांस्टेबल गौरव भाटी, कांस्टेबल रोहित कुमार, राकेश कुमार व प्रमोद कुमार शामिल रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर यूआरएमयू ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** एनएफआईआर के आहवान पर आज उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन से जुडे कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चार दिवसीय क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। आज रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर एनएफआईआर के आहवान पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया और चार दिवसीय आमरण अनशन भी आरंभ कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नौजवानो का भविष्य बचाने के लिए आज से लेकर 11 जनवरी 2024 तक कार्मिक अनशन की शुरूआज कर दी गयी है। उन्होंने मांग की कि पुरानी पेंशन की बहाली की जाये तथा महंगाई भत्ते की रुकी हुई किश्तों के एरियर का भुगतान किया जाये। तथा निश्चित समयावधि अर्थात सन् 2026 तक रिपोर्ट देने के लिए 8 वेतन आयोग अथवा वेज रिव्यू कमेटी का गठन किया जाये, खाली पड़े पदों को अतिशीघ्र भरा जाये, ताकि रेलवे का काम सुचारू रूप से चल सकें। रेलवे में ठेकेदारी प्रथा को बन्द किया जाये। शाखा सचिव सुभाष त्यागी ने कहा कि भारत सरकार बार-बार कहने पर भी ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू नहीं कर रही है। जिससे रेलवे कर्मचारियों में काफी रोष है। जिसके कारण यूनियन को कार्मिक अनशन का फैसला लेना पड़ा है। इस अवसर पर सुभाष त्यागी, उपेन्द्र गुप्ता, बाबूराम, अजय सिंह, सैनपाल, ताराचन्द, संजय सिंह, अनुज कुमार, जितेन्द्र, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, सपरा, भगवान गिरी आदि मौजूद रहे।

## संस्कृति उत्सव 2023 के अंतर्गत आयोजित हुई जनपद स्तरीय प्रतियोगिता

**सहारनपुर।** उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में उप्र पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव 2023 के अन्तर्गत विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक नकुड मुकेश चौधरी एवं जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र की उपस्थिति में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनमंच प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में जनपद की समस्त तहसीलों के विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। विधायक नगर राजीव गुम्बर ने सांस्कृतिक उत्सव मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भारतीय लोक संस्कृति ही भारत की पहचान है। उन्होने सरकार के इस उद्देश्य को शहर की गलियों तथा गांव तक पंहुचाने का संकल्प दोहराया। विधायक नकुड मुकेश चौधरी ने कहा कि पश्चिमी सभ्यता को छोडकर भारतीय लोक उत्सव मनाने चाहिए।

# स्कूटी चोरी की घटना का खुलासा कर तीन चोर दबोचे

# अभियुक्त की निशानदेही पर पांच स्कूटी बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मात्र 10 घण्टे स्कूटी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 03 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच स्कूटी बरामद की है।

उल्लेखनीय रहे कि 07 जनवरी की रात्रि गौरव कुमार तनेजा पुत्र अशोक कुमार तनेजा निवासी 3-9 गोपाल नगर नूमाईश कैम्प सहारनपुर ने घर के बाहर से स्कूटी चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त अमित कश्यप पुत्र राधेश्याम निवासी मूल निवासी ग्राम बुड्डा खेडा सन्तलाल थाना रामपुर



मनिहारान हाल निवासी किराये का मकान आशिक राणा ग्राम माहीपुर थाना जनकपुरी सहारनपुर, संजीव पुत्र मदनलाल निवासी कृष्णा धाम कालोनी, ग्राम चकरेहटी थाना जनकपुरी व इब्राहिम पुत्र शफीक निवासी मौहल्ला नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर को कृषि विज्ञान केन्द्र गेट पास गोपाल नगर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित स्कूटी बरामद की गयी। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की अन्य 04 स्कूटियां भी बरामद हुई। अभियुक्त अमित व संजीव ने बताया कि यह स्कूटी गत् रात्रि में गोपाल नगर से चोरी की थी और उसे अपने साथी इब्राहिम के घर नूर बस्ती ले जा रहे थे। हम लोगो ने पहले भी अलग-अलग स्थान से कई स्कूटी चोरी की है। हम लोग चोरी की गयी स्कूटी अपने साथी इब्राहिम के घर पर खडी कर देते है। अभियुक्त इब्राहिम ने पूछताछ पर बताया कि उसके घर पर पूर्व में 01 स्कूटी थाना जनकपुरी व 01 स्कूटी थाना सदर बाजार से चोरी की गयी। अभियुक्तों ने बताया कि वह स्कूटी चोरी कर इब्राहिम के घर खड़ी कर देते है और मौका देखकर राह चलते व्यक्तियों को बेचने की फिराक में थे। चोरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा, कांस्टेबल अश्वनी, कपिल व सोनू शामिल रहे।

# नल्हेड़ा गुर्जर में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास उप्र शासन जसवंत सैनी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत नल्हेड़ा गुर्जर ब्लॉक बलियाखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित हुआ। उपस्थित सभी को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई गई।

जसवंत सैनी द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी विकास योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी गयी। उनके द्वारा सभी ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया गया। उन्होने छात्रों एवं लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा उत्कृष्ट व भव्य आयोजन के लिये ग्राम प्रधान व ज्वाईंट मजिस्ट्रेट व खण्ड विकास अधिकारी की मंच से प्रशंसा की गयी व आयुष्मान कार्ड में अच्छी प्रगति के लिये पंचायत सहायक को सम्मानित किया गया।

# हर बूथ तक अपना दल एस का झंडा लगाए कार्यकर्ताः कुंवर सत्येंद्र पटेल

**रायबरेली।** जिला मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया जिला पदाधिकारी एवं विधानसभा अध्यक्ष गण अपने विधानसभाओं में जो बूथ कमेटी तैयार की है उनकी सक्रियता को और बढ़ाएं हर बूथ घर-घर जाकर अपना दल एस पार्टी के विषय एवं नितियों को लेकर हर बूथ तक पहुंचाएं। पार्टी का उद्देश्य हर व्यक्ति जो अंतिम पायदान पर खड़ा है उसकी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्त तक पहुंचाएं । इस मौके पर प्रदेश सचिव आलोक पटेल ने कहा कि अपना अपना दल एस पार्टी को प्रदेश में नंबर वन की पार्टी बनाना है। इस मौके पर जिला महासचिव राम बहादुर यादव, अजीम खान, वीरेन कनौजिया, रामकिशुन , इंद्रेश विक्रम सिंह, जिला अध्यक्ष युवा मंच राजन पटेल ,शाहिद अल्पसंख्यक के मोर्चा के अध्यक्ष अब्दुल वहाब, महेंद्र, विधानसभा अध्यक्ष अरुण पटेल, विजय ,श्री रामपाल ,रेखा पटेल, कंचन ,विजय चौधरी, गौरव रावत ,सत्यम पटेल, अमित पासी जी, सुरेश पटेल ,दिलीप पटेल , प्रेम नारायण मिश्रा,राम जी, जितेंद्र पटेल , दीपक पासी,मलिकदिन चौधरी, इत्यादि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के पश्चात दर्जनों की संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# आंगनवाड़ी ,कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन ने मनाया नववर्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** विगत दिवस आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की कार्यकत्रियों ने नववर्ष के अवसर पर स्थानीय होटल में नववर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आंगनवाड़ी प्रतापगढ़ संगठन की जिला अध्यक्ष बबिता सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह जगतपुर को इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लीना पांडेय ने मुख्य अतिथि व संरक्षक विक्रम सिंह ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया जिला महामंत्री बीना सिंह ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी बहनों ने अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिला कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए संगठित रहने के लिए कहा जिला संगठन मंत्री स्नेहा सिंह संगीत प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित किरण गुप्ता ने बच्चो के लिए खेल खेल में ज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की व सभी को टॉफी चॉकलेट से पुरस्कृत किया मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी व महिला शक्ति को स्वयं को पहचानने के लिए कहा।

# प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** आगामी मकर संक्रांति के मध्यनजर प्रदेश सरकार के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने ब्लॉक परिसर महराजगंज में 53 ग्राम सभाओं के निराश्रित और जरूरतमंद लोगों को उनके ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल बांटे। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ किया। इसके बाद ग्राम प्रधानों ने माला पहनकर मंत्रीजी का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह दाढ़ी ने किया तथा मंच का कुशल संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह द्वारा किया गया।

आपको बता दें कि, कंबल वितरण कार्यक्रम में महराजगंज ब्लॉक परिसर को खूब सजाया गया था। अपने संबोधन में प्रदेश सरकार के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) देश प्रताप सिंह ने कहा कि, गरीबों के विकास के लिए केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह से संकल्पित है। यही कारण है कि, भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास से लेकर किसान सम्मान निधि, उज्जलवा योजना सहित जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रही है उसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ती को बिना किसी भेद भाव के दिया जा रहा है, जो आमजन को मिल रहा है, इसके अलावा महराजगंज विकासखंड क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी निरंतर कराए जा रहे हैं।

उन्होंने रायबरेली की सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि, विरोधी दल पीएम मोदी व सीएम योगी को दिन रात कोसने में लगे हुए है। पिछले वर्षो में देश रूढ़िवादी पंपराओ से ऊपर उठकर मोदी और योगी के नेतेत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार में सभी वर्गो को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसलिए भाजपा सरकार विरोधियों के मंसूबों को



जान चुकी है और तेजी से देश व प्रदेश के विकास में जुटी हुई है। भाजपा सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रहा है, उन्होंने कहा कि, प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्र को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया है। गांव से ही देश और प्रदेश का विकास होता है। जिससे आज भारत का पूरे विश्व मे परचम स्थापित हो रहा है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि, आज देश और प्रदेश में माफिया राज खत्म हो चुका है। उन्होंने फिर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, पहले जब कहीं बम ब्लास्ट होते थे, तो यह कहा जाता था कि, इसमें आतंकवादियों का हाथ है, किंतु देश की जनता ने हाथ को ही खत्म कर दिया है जिसके द्वारा बम ब्लास्ट होते रहे हैं। अब डबल इंजन की सरकार समाज के अन्तिम वर्ग को सभी योजनाओ का लाभ बिना किसी भेद भाव के दे रही है। यही कारण है कि, भाजपा में आम जन का विस्वास निरंतर बढ़ता जा रहा है। विकास करना ही हमारा मिशन है। मंत्री ने कहा कि, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का प्रथम उद्देश्य है कि, इस भीषण ठंड के मौसम में प्रदेश में निवास करने वाले निर्धन और गरीब लोगो को कम्बल वितरण कर पुनीत कार्य किया जा रहा है।

# सीएफआई रायबरेली उप्र द्वारा नव वर्ष के अवसर पर छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** वित्तविहीन विद्यालय संगठन एवं सीएफआई के संयुक्त तत्वाधान में रायबरेली स्थित होटल दीप पैलेस में जिले स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दोनों संगठन के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान एवं विक्रम सिंह व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी जगतपुर श्रीमती प्रियंका सिंह एवं एफडीडीआई संस्थान फुरसतगंज के प्रभारी वरुण गुप्ता जी के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रियंका सिंह ने कहा कि ऐसी परीक्षाओं से बच्चों में बौद्धिक एवं ज्ञानार्जन की क्षमता विकसित होती है। समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाएं होती रहनी चाहिए। संगठन के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने संगठन के महत्व को बताया एवं आए हुए सभी विद्यालय प्रबंधको एवं अभिभावकों का सादर आभार व्यक्त किया। सीएफआई के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में कोचिगों की भूमिका एवं योगदान को बताते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन कोषाध्यक्ष एल पी यादव एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता तथा मीडिया प्रभारी सूरज यादव ने किया। कार्यक्रम में गीत एवं संगीत के माध्यम से सुरेंद्र मौर्य एवं खगेश कुमार ने संगठन के बारे में बताया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से दीपेंद्र सिंह, शक्तिधर बाजपेयी ,शशिधर सिंह, अरुणेश त्रिपाठी, कुसुम चंद्र यादव, सुनील पांडेय, भोला प्रसाद द्विवेदी, प्रभाकर पांडेय, सुनील पांडेय,विमलेश सोनकर ,भूपेंद्र सिंह, विनय त्रिपाठी,उमेश श्रीवास्तव,कीर्ति श्रीवास्तव,किरण गुप्ता वी के गुप्ता,हरीश वर्मा विपिन यादवआदि लोगों ने संबोधित करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

## एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से जल-जीवन मिशन हर-घर नल से जल योजनान्तर्गत जन-जागरूकता के लिए एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, जल निगम जयपाल सिंह एवं जिला परियोजना समन्वयक विमल कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। अधिशासी अभियंता, जल निगम जयपाल सिंह ने बताया कि एलईडी वैन जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जाकर आमजन को जल-जीवन मिशन हर-घर नल से जल योजना के सम्बन्ध मे आमजन को जागरूक करेंगी।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल भ्रमण किया



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा मे शान्ति व्यवस्था बनाए रखने व कस्बा वासिंयो मे सुरक्षा का यहसास करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक कुमार सिंह ने पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष व पुलिस फोर्स के साथ पैदल भ्रमण किया। थाना तिराहा से हनुमान मंदिर व झारखंडी मोड तक पैदल गस्त के दौरान मार्ग मे अतिक्रमण की स्थिति मे वाहनों का चालान भी किया गया तथा दूकानदारों की अगाह किया गया कि मार्ग मे किसी प्रकार का अतिक्रमण न करे ताकि राहगीरों को आने जाने मे परेशानी न हो साथ ही व्यवसायियों तथा आम लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया गया। मिश्रित इलाको मे भी भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने की दृष्टि से स्वयं भ्रमण करते है सम्बंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी व थानाध्यक्षों को प्रतिदिन पैदल भ्रमण कर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश जारी कर रखा है।

## सिकरीराजा में कलश यात्रा का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भगवान श्रीराम के जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या में बने मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर गांवों में आयोजनों की शुरूआत हो गई है। ग्राम सिकरीराजा में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्त धूमधाम से श्रीराम के जयकारे लगाकर भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए। अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव और अन्य आयोजनों की शुरुआत हो गई है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा में 151 कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ ही प्रभू श्रीराम के दरबार की भव्य झांकी निकाली गई। कलश यात्रा के साथ रामभक्तों ने घर घर जा कर पीले चावल एवं प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता दिया और 22 को घर घर में दीप जलाकर उत्सव मनाने और राम धुन के साथ श्रीरामचरित मानस, श्रीहनुमान चालीसा, सुंदरकांड आदि का पाठ करने की अपील की। गांव में शोभायात्रा के दौरान भक्त डीजे पर बज रहे भजनों पर भक्ति रस में डूब कर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। कंठ प्रिय गीतों को सुनकर गांव का माहौल प्रभु श्रीराम की भक्तिमय हो गया। इस मौके पर जिला प्रचारक आरएसएस शिवमजी, जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद आचार्य तेजस, जिला कोषाध्यक्ष आशीष सेठ, मण्डल उपाध्यक्ष अरविंद व्यास सिकरी राजा, खंड समन्वयक धर्मेंद्र सिंह, कैलाश बाबू वर्मा, राजा भदौरिया, रानू राजावत, राकेश पटेल, बृजकिशोर वर्मा, ग्राम प्रधान आलोक वर्मा, यश पटेल, निखिल पटेल, रवि जादौन, सुमित वर्मा, हिमांशु दीक्षित, दीपक पटैरिया, निशा माहेश्वरी, नीलाम गुप्ता, अनीता दुबे आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता शिविर का आयोजन



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत 01 दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन ग्रामीण स्वःरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव ने विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, कौशल विकास योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं कौन सा उद्योग लगाऐं, कहॉ लगाएं और उद्योग शुरु होने के बाद आने वाली समस्याओं का कैसे निवारण किया जाए, सबकी विस्तृत जानकारी दी साथ ही उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने भारी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया। उक्त जागरूकता शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनिल प्रकाश तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा, निदेशक (आरसेटी) सतेन्द्र यादव, सहायक प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अजय कुमार, प्रबन्धक जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा अवनीश कुमार, अमित कुमार, जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कोटेदारों की कमिश्नर को लेकर हड़ताल

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जिले में हरियाणा,गुजरात सहित कई अन्य प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के वितरकों को मिल रही सुविधाओ की जिले के वितरक भी मांग कर रहे है,वेतन और अधिक कमीशन की मांग को लेकर जिले के सभी वितरक हड़ताल पर चले गए,जिले के सभी वितरक 25 से 50 हजार वेतन और 200 रुपए कुंटल कमीशन की मांग को लेकर हड़ताल पर है। जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली वितरक संघ के संरक्षक लाखन सिंह राजपासी ने बताया कि हरियाणा,गुजरात जैसे कई प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के वितरकों को 200 से लेकर 250 रुपए प्रति कुंतल कमीशन और वेतन दिया जा है उत्तर प्रदेश में वितरकों को मात्र 90 रुपए प्रति कुंतल ही कमीशन दिया जा रहा है ,यही नहीं डोर डिलीवरी का बावजूद सभी वितरकों को मजदूर को मजदूरी भी देनी पड़ती है और सभी वितरकों को निर्धारित मानक से कम तौल की बोरिया दी जाती है जिससे राशन का स्टॉक हमेशा का बना रहता है।

## कौशल विकास पर दिया जोर



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कौशल विकास को देखते हुए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सोनम सिंह ने बताया कि ऑनलाइन अदव्य स्टोर में हर तरह कि क्वालिटी के बैग के साथ क्लच सैण्डल जरूरी वस्तुएं मिलेंगी और भविष्य में हर प्रकार के प्रोडक्ट मिलने की प्लानिंग है।

# ओवरलोड वाहन निकालने में पुलिस कर रही खेल, हाईटेक कैमरे बन्द

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** जनपद में बालू के खेल में जिले के ही नहीं गैर जनपद के माफिया शामिल हैं। उनकी मिलीभगत जिले की पुलिस से है। इसके चलते वाहन बिना रोक टोक जिले की सीमा पार करते है। सीमाओं में लगे हाईटेक कैमरे की निगाह ओवरलोड वाहनो के नंबर प्लेट पर पड़ने के बजाय माफियाओं के बुने जाल को पार करने में नाकाफी साबित हो रहे हैं।



जांच के नाम पर जगह-जगह तैनात होने वाली पुलिस भी बिना रोक थाम के ओवर लोड वाहनों को पास कर देती है। यही कारण है बालू की ओवर लोडिग नहीं रुक रही है। ओवरलोड वाहनों के आवागमन से सड़के टूट रही और आए दिन हादसा भी होता है। जनपद के घाटों से हर दिन सैकड़ों ओवरलोड वाहन निकल रहे है। जिला प्रशासन उनको रोकने का दावा तो कई बार कर चुका है, लेकिन कुछ दिनों तक थोड़ा नियंत्रण में रहने बाद दोबारा ओवर लोडिग व अवैध तरीके से बालू निकासी का कारोबार शुरू हो जाता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए घाटों व रास्तों पर मुस्तैद रहने वाले अधिकारी अचानक नर्म हो जाते है। रास्तों में लगे हाईटेक कैमरे भी उन्हें पकड़ने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इसके बाद बालू का खेल फिर से उसी गति पर पहुंच जाता है। जनपद में ये कारोबार पिछले कई वर्षो से हो रहा है। पुलिस सीधे बालू की गाड़ियों को नहीं पकड सकती। इसके बाद भी पुलिस की दखल बालू कारोबार में कम नहीं हो रहा है। वह ट्रकों को दस्तावेज चेक

- **जांच के नाम पर जगह-जगह तैनात होने वाली पुलिस भी बिना रोक थाम के ओवर लोड वाहनों को पास कर देती है**

करने के नाम पर रोकती है और फिर यही से सौदेबाजी का ड्रामा शुरू हो जाता है। सौदा पटा तो ठीक है नहीं तो किसी न किसी दस्तावेज को कम होने का दावा करते हुए वाहन को रोक लिया जाता है, उसके बाद ट्रक चालक को पुलिस व अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। पकड़े गए वाहन स्वामी को इन सब समस्याओं से बचाने के लिए पुलिस उनको थाने में इंट्री कराने का आफर भी देती है। बात बनी तो ठीक है नहीं तो कार्रवाई कर दी जाती है। यह नुकसान पुलिस का इंट्री देने से कही अधिक होता है, ऐसे में वाहन स्वामी पुलिस को इंट्री देने लगते हैं।

## एसपी ने तीन सिपाहियों को किया निलंबित 58 दीवान और सिपाहियों को मिली तैनाती

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अनुशासनहीनता के आरोप में तीन सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही 58 सिपाहियों की थानों में तैनाती की है। एसपी ने कोतवाली फतेहगढ़ के सिपाही अनिल कुमार फर्रुखाबाद कोतवाली के सिपाही बहादुर सिंह एवं थाना जहानगंज के दीवान बृजेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने पुलिस लाइन के 58 दीवान व सिपाहियों की थानों में तैनाती की है। दीवान राजेन्द्र कुमार की अभियोजन कार्यालय, राहुल सिंह गौर की थाना कायमगंज शिव कुमार की थाना शमसाबाद,आनन्द कुमार की न्यायालय सुरक्षा, सुशील कुमार की थाना मेरापुर, सुरेन्द्र कुमार सिंह की थाना फर्रुखाबाद, राज कुमार की थाना फतेहगढ़, भगवान सिंह की थाना मऊदरवाजा, जितेन्द्र सिंह की थाना कादरीगेट में तैनाती की गई। जबकि मुख्य आरक्षी मनोज कुमार की थाना नवाबगंज,सतेन्द्र कुमार की थाना जहानगंज,आशीष चौधरी की थाना अमृतपुर, सुरेश कुमार की न्यायाल सुरक्षा। तफज्जुल हुसैन की अभियोजन कार्यालय,भारत सिंह की अभियोजन कार्यालय, कायम सिंह की न्यायालय सुरक्षा, अखलेश कुमार थाना कमालगंज में तैनाती की गई। पुलिस लाइन के दीवान महेन्द्र सिंह को थाना राजेपुर, योगेन्द्र सिंह को न्यायालय सुरक्षा, धर्मेन्द्र सिंह को थाना कायमगंज, अरुण कुमार को थाना शमसाबाद, अशोक कुमार को थाना फर्रुखाबाद, कुलदीप कुमार को थाना फतेहगढ, रामनरेश को थाना मऊदरवाजा, अवधेश कुमार यादव को थाना नवाबगंज। दिलीप कुमार को थाना जहानगंज भेजा गया। मुख्य आरक्षी राजेश कुमार की थाना अमृतपुर,विनोद कुमार की थाना कमालगंज, सुबोध कुमार की थाना राजेपुर,रमेश चन्द्र की थाना कायमगंज, रजनेश कुमार की थाना फर्रुखाबाद,आदेश कुमार की थाना फतेहगढ़, अजय कुमार की थाना मउदरवाजा, विवेक कुमारकी थाना कमालगंज, कमल सिंह की थाना नवाबगंज में नियुक्ति की गई। पुलिस लाइन से दीवान भोलाराम को थाना राजेपुर,मुकेश कुमार को थाना कायमगंज। राजकुमार को थाना फर्रुखाबाद, अनवीर सिंह को थाना फतेहगढ़, लाल सिंह को थाना मऊदरवाजा,बृजेश कुमार को थाना नवाबगंज, नरेन्द्र सिंह को थाना कमालगंज, जावेन्द्र सिंहको थाना कायमगंज धर्मसिंह को न्यायालय सुरक्षा, मो0 रिजवी को थाना मऊदरवाजा भेजा गया।

## बीसी सखी संघ जिला अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिले भर के समस्त विकास खंड से आई बी0 सी सखी बहनों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन और जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन। जिसमें उन्होंने कहा है। कि सभी जिलों की बी0सी0 सखी बहनों को राष्ट्रीय कृति बैंकों से जोड़ा जाए। ताकि वह अपनी आजीविका चला सकें। और हम सभी बी0सी0 सखी बहनों को 75 000 का सपोर्ट फंड माफ किया जाए। और हम सभी बी0सी0 सखी बहनों को का रुका मान दे भेजा जाए। और परमानेंट किया जाए। और हम सभी बीसी बहनों को 15 लाख रुपए का बीमा सरकार द्वारा किया जाए और बी0सी0 सखी की सभी बहनों को गांव के लोगों की समस्याओं को देखते हुए आधार सुधार का कार्य दिया जाए और अगर हमारी पूरी मागे नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।इस मौके पर जिला अध्यक्ष अंजुली, शारदा देवी, ललिता, रीता राजपूत ,प्रेमलता, धनश्री ,शशि प्रभा, संवेदना, मनीषा, पूनम ,बंदिनी, रिंकी, ज्योति कुमारी, रामधनी, अन्य बी0 सी0 सखी बहनें उपस्थित रही।

## सरकारी कार्यालयों पर दीप जलाकर मतदान के प्रति किया जागरूक



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** स्वीप 2024 मेरा वोट मेरा अधिकार कार्यक्रम के तहत तहसील, ब्लॉक व कोतवाली समेत विभिन्न बूथों पर दीप जलाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 21 हजार दीपों से नगर जगमग हुआ। लोकतंत्र के महापर्व मतदान के प्रति मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप 2024 मेरा वोट मेरा अधिकार कार्यक्रम के तहत नगर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों और मतदाता बूथों पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील परिसर, ब्लॉक परिसर, कोतवाली समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मियों ने दीपों की खूबसूरत श्रृंखला बनाई तो लोकतंत्र के महापर्व का दीपोत्सव दमक उठा। इस दौरान एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह सार्थक कार्यक्रम है। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व के साथ जोड़ने के लिए कारगर व प्रभावी साबित होंगे। ऐसे कार्यक्रमों का वोटरों की जागरूकता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान आपका अधिकार है चुनावों में आप सक्रिय रूप से भागीदार बनकर लोकतंत्र के उत्सव की महिमा को बढ़ाएं। कहा कि स्वीप भारत के चुनाव आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। स्वीप का मतलब है कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी।

# नियमों की अनदेखी कर क्षेत्र में चल रहा अवैध मेडिकल स्टोर, विभाग मौन

ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय

- **ड्रग अधिकारी नहीं करते मेडिकल स्टोर का निरीक्षण**
- **मेडिकल स्टोरों पर बिक रहा ज्यादा कमीशन एवं दो नंबर की दवाइयां**

**अहिरौली, कुशीनगर (अवधनामा संवाददाता)।** अहिरौली क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अवैध मेडिकल स्टोरों की भरमार लगी हुई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अधिकतर दवा की दुकान बिना लाइसेंस के ही चल रही है। जानकारी के अभाव में कुछ दुकानदार डॉक्टरों द्वारा लिखे दवाओं के बजाय दूसरी दवाऐं औने पौने दामों में बेच देते हैं। जिससे ग्रामीण मरीजों को आराम होने के बजाय नुकसान पहुंचता है।



बताया जा रहा है कि ग्रामीण इलाकों में अवैध मेडिकल संचालक नकली व नशीली दवाई भी बेच रहे हैं जहां से युवाओं को आसानी से उपलब्ध हो जा रही है। नशीली दवाओं के कारण उनका भविष्य अंधकार में जाता दिख रहा है वही इन नशीली दवाओं का खेल काफी पुराना है। इन अवैध मेडिकल स्टोर के संचालकों द्वारा छोटा मोटा ऑपरेशन तक किया जा रहा है। जो नियमों को ताख पर रखकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करते है। हालात ऐसे है कि क्षेत्र में सैकड़ों से अधिक अवैध मेडिकल स्टोरों को संचालन करने के लिए मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। बिना लाइसेंस के चलने वाली इन दुकानों पर अप्रशिक्षित व्यक्ति मरीजों को दवा देते हैं विभागीय अधिकारियों के साठ गांठ होने के कारण मेडिकल स्टोरों के संचालक बेखौफ होकर अपनी दुकान चला रहे हैं अवैध मेडिकल स्टोर संचालक मरीजों के परिजनों को दवाओं के नाम पर उन्हें नकली दवा थमा कर जमकर लूटते हैं। आम जन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके चाय पानी की दुकान की तरह अवैध मेडिकल स्टोर संचालित कर लोग नीम हकीम खतरे जान कर रहे हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार ड्रग इंस्पेक्टर हैं लेकिन वह क्षेत्र में आज तक कभी किसी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण नहीं किया और ना ही किसी मेडिकल स्टोर पर नकली और नशीली दावों पर छापेमारी कर कार्यवाही किया इस वजह से ग्रामीण क्षेत्र में अवैध मेडिकल स्टोरों पर नकली व नशीली दावों का कारोबार बड़ी तेजी से फल फूल रहा है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान ना देना उनकी लापरवाही को दर्शाता है।

### इन जगहों पर स्वास्थ्य विभाग की छापे में खुलेगी पोल

क्षेत्र के बोदरवार बनकटा महुई, घोघरा, कुन्दूर, मंसूरगंज सोमाली, सखवापार, अहिरौली बाजार, भैसही बाजार, खोठ्ठा, टीकर, सहजौली, जगदीशपुर बरडीहा, मंसुरगंज,भैसही, गोड्डा, असना, तिनहवा पकड़ी, मुजडीहा सहित अन्य चौराहो पर झोलाछाप डॉक्टरों की तरह झोलाछाप मेडिकल स्टोर का भी संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। अगर स्वास्थ्य विभाग इन पर छापेमारी करें तो अवैध संचालन का पोल खुल जायेगा। इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर से उक्त के संबंध में बोदरवार व आस पास के ग्रामीण इलाकों में नकली व नशीली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही। उनसे पूछने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन एक हफ्ते से फ़ोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।

## मारपीट से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने की हड़ताल

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** माडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के सैकड़ो अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसपी ऑफिस का घेराव कर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया,अधिवक्ता इंस्पेक्टर सराय अकिल को हटाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है।बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने बताया कि सराय अकिल थाना प्रभारी हमेशा से विवादों में रहते है,अधिवक्ता साथी नीरज मिश्रा के भाई पर हुए जानलेवा हमला मामले में इंस्पेक्टर लगातार लापरवाही बरत रहे है,जिसको लेकर प्रदर्शन किया गया है। जिला मुख्यालय मंझनपुर में कचेहरी के सैकड़ो अधिवक्ता सोमवार की दोपहर सड़क पर उतर आए, अधिवक्ताओं का समूह नारेबाजी कर पुलिस ऑफिस परिसर में घुस गया और इंस्पेक्टर सराय अकिल विनीत सिंह के खिलाफ नारेबाजी कर हटाए जाने की मांग उठाई है। अधिवक्ता अपने साथी वकील नीरज मिश्रा के भाई मुकेश मिश्रा पर हुए जानलेवा हमले में प्रभावी कार्यवाही ना किए जाने से नाराज़ है। मुकेश मिश्रा पर पड़ोसी विद्यासागर सिंह ने पेड़ काटने का विरोध करने पर कुल्हाड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमे थाना पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर छोड़ दिया। मुकद्दमा भी दर्ज किए जाने में हल्की धाराओं का मुकद्दमा दर्ज किया गया। महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने बताया, इंस्पेक्टर सराय अकिल अधिवक्ता मामले को लेकर वारदात के बाद से लापरवाही बरत रहे है, जब तक इंस्पेक्टर को थाने से नहीं हटाया जाएगा। तब तक वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

## वीणा ईसी सदस्य बनीं

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मेडिसिन संकाय की डीन प्रोफेसर वीणा माहेश्वरी को वरिष्ठता के आधार पर एएमयू की कार्यकारी परिषद (ईसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर माहेश्वरी 1987 में एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग में डिमॉन्स्ट्रेटर के रूप में शामिल हुयी और 1988 में लेक्चरर, 1997 में रीडर और 2005 में प्रोफेसर बनीं।

## डीएम ने लापरवाह अधीनस्थों के कसे पेच

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त जिलास्तरीय अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत निस्तारण से पहले शिकायतकर्ता से बात अवश्य की जाए एवं स्वम निस्तारण आख्या का अवलोकन कर निस्तारण अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो यह सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस पर डिफाल्टर ना होने दें एवं शिकायतों का ससमय निस्तारण किया जाए। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी, समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकल्प यात्रा की एलईडी से प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद का प्रसारण हुआ

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड कमालगंज की ग्राम पंचायत हैदरपुर में आयोजन किया गया। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा भेजी गयी एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद का लाइव प्रसारण का विधायक भोजपुर,समस्त उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है की हर गांव के हर व्यक्ति को विकसित बनाना है। इसी उद्देश्य से पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़े पैमाने पर आयोजन कराया जा रहा है। उन्होने समस्त अधिकारियो को पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के आवाहन पर 22 जनवरी को श्री राम मंदिर उद्घाटन के पावन दिवस को दीपोत्सव के रूप में मनाने की अपील की।जिलाधिकारी द्वारा इस दौरान शपथ ग्रहण कराई गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। यदि कोई पात्र लाभार्थी किसी कारणवश वंचित रह गया है तो यात्रा कार्यक्रम में ही आवेदन कराकर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। विकसित भारत यात्रा में विधायक एवं जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को घरौनी, आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ साथ नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया गया। उपस्थित अधिकारियो द्वारा विभागीय योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप निदेशक कृषि, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, संबंधित अधिकारी एवं सम्मानित ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर

**अमेठी।** थाना क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत वन विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने कछुआ तस्करी मे लिप्त अभियुक्त को धर दबोचा और उसके विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित निहालगढ रेलवे-स्टेशन के निकट मुखबिर की सूचना पर पहुंची वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार को धर दबोचा।बताया गया है की तलाशी के दौरान उसके पास से बयासी अदद कछुए बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम सुलतान निवासी गांधीनगर पालपुर थाना जगदीशपुर बताया है।

# व्यापार मण्डल के अध्यक्ष निर्वाचित हुए जितेंद्र कौशल

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा मे



व्यापार मंडल का मदतान गर्मजोशी के साथ रविवार को शुरु हुआ। मौसम खराब होने के बावजूद मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ग्यारह बजे से दो बजे तक मतदान होने के बाद तीन बजे मतपत्र की गिनती की गई। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया था । जिसमे जीतेन्द्र कौशल ने अपने प्रतिद्वंदी पिन्टू सोनी को शिकस्त देकर जीत हासिल किया । महामंत्री का चयन निर्विरोध हो चुका था शेष पदो का मनोनयन किया जाएगा। नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा ब्यापार मंडल के चुनाव को लेकर काफी समय से रस्साकशी चल रही थी । मंडल के संस्थापकों ने आपसी सहमति से चुनाव कराने का निर्णय लिया । सदस्य बनाने की समय सीमा तय होने के बाद चुनाव की तिथि सात जनवरी रविवार तय की गई। नामांकन के समय अध्यक्ष पद के लिए जीतेन्द्र कौशल व वीरेंद्र उर्फ पीन्टू सोनी ने नामांकन किया और महामंत्री पद के लिए विनोद केशरवानी व शहंशाह अकबर ने नामांकन किया लेकिन शहंशाह ने अपना पर्चा वापस ले लिया विनोद केशरवानी निर्विरोध निर्वाचित हो गये । रविवार को मतदान की प्रक्रिया पूरी तैयारी के साथ शुरु की गयी । कुल छः सौ छियत्तर मतदाता सूची मे दर्ज थे। दो बजे तक मतदान की समय सीमा तय की गयी थी। तय समय सीमा के अंदर पांच सौ अस्सी मत पडे । लगभग पचासी प्रतिशत मतदान हुआ।

# 108 फीट लंबी धूप बत्ती से महकेगा राम मंदिर का परिसर, गुजरात से पहुंची आगरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** योगी सरकार अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी हुई है। इसको लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। श्रीराम मंदिर को महकाने के लिए गुजरात के वडोदरा से 108 फीट लंबी धूप बत्ती अयोध्या ले जाई जा रही है।

भरतपुर से होते हुए आगरा के फतेहपुर सीकरी और किरावली पर यह धूपबत्ती पहुंची। इसके पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में लोग हाईवे पर पहुंच गए और धूपबत्ती को देखकर जय श्री राम के नारे लगाने लगे। वडोदरा से शुरू हुआ सफर धूपबत्ती की शोभायात्रा में बदल गया है। सोमवार को राजस्थान के भरतपुर होते हुए यह करवा आगरा के फतेहपुर सीकरी और किरावली पर



पहुंची। 3610 किलो वजन की 108 फुट लंबी और करीब साढ़े तीन फीट चौड़ी धूपबत्ती को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने धूपबत्ती का फूल बरसा कर स्वागत किया। छह महीने में यह बनकर तैयार हुई धूपबत्ती वड़ोदरा में तैयार की गई है। इस विशेष धूपबत्ती को बनाने में अनेक तरह की जड़ी बूटियां का प्रयोग किया गया है। यह धूपबत्ती करीब डेढ़ महीने तक अनवरत चलेगी। करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में अपनी खुशबू फैलाएगी। धूपबत्ती का निर्माण करने वाले गुजरात निवासी बिहाभरबाड़ ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसमें भेंट करने के लिए इस धूपबत्ती का निर्माण किया गया है। इसे तैयार करने में देसी गाय का गोबर, देसी गाय का घी, धूप सामग्री सहित अनेक प्रकार की जड़ी बूटियां का इस्तेमाल किया गया हैं। इस धूपबत्ती का उपयोग किया जाएगा तो करीब डेढ़ महीने तक यह जलती रहेगी और 50 किलोमीटर क्षेत्र में अपनी खुशबू फैलाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के पूरे कार्यक्रम में एक बड़ा बदलाव हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला को नगर भ्रमण कराए जाने की योजना सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब रामलला अयोध्याधाम नहीं सिर्फ राम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण करेंगे। यह निर्णय सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने काशी के आचार्यो के साथ बैठक के बाद लिया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा काशी के विख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ के निर्देशन में होनी है। गणेश्वर द्रविड़ सोमवार को अयोध्या पहुंचे और ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मुलाकात की। बताया गया कि राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने गणेश्वर द्रविड़ समेत अन्य आचार्यों के साथ बैठक कर चर्चा की। चर्चा में यह बात सामने आई कि जब रामलला को नगर भ्रमण कराया जाएगा तो उनके दर्शन के लिए श्रद्धालु व भक्त उमड़ पड़ेंगे।

अवधनामा



# आदित्य भवन ट्रस्ट की तरफ से नगर निगम को सौंपा गया आइसीयू एम्बुलेंस बस व शव वाहन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आदित्य भवन ट्रस्ट की तरफ से एक आइसीयू एम्बुलेंस बस व शव वाहन नगर निगम को सौंपा गया है। संस्था



की तरफ से एनआरआई मनमोहन व पिंकी नैय्यर ने आईसीयू एम्बुलेंस व दिल्ली निवासी ओम प्रकाश मेहतो इसको श्रीरामचन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को सौंपा। दोनो ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का भाव हमारी संस्कारों में समाहित है। समाज के सक्षम व्यक्तियों को दूसरों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सेवा भाव किसी मनुष्य की पहचान बताता है। दूसरों की सहायता के लिए आगे आना हमारे आत्मसंतोष का वाहक बनाता है। समाज के प्रति अपना योगदान देने वाले दूसरों के पथ प्रदर्शक बनते है। आदित्य भवन के ट्रस्टी हरिओम राय ने बताया कि आईसीयू बस एम्बुलेंस एक चलता फिरता अस्पताल होगा। नगर निगम ही आगे चलकर इसका संचालन करेगा। जिसमें डाक्टर व अन्य स्टाफ की उपस्थिति रहेगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में यह उपलब्ध रहेगा। इसके बाद इसका संचालन नगर निगम करेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में बैकुण्ठ धाम में करीब एक करोड़ की लागत से शवदाह मशीन लगाई जाएगी। इस तरह की मशीन बनारस व रामेश्वरम में लगी है। इससे प्रदूषण नहीं होगा। मशीन एलपीजी से काम करेगी। एक सिलेण्डर से 45 मिनट में शव का दाह हो जाएगा। इस मौके पर राम जन्मभूमि ट्रस्ट से चंपत राय, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, नरेंद्र कोठारी, नवीन सावतिया, हरिओम राय, विष्णु पाण्डेय एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह डिंपल मौजूद रहे।

# वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज ने बनाया प्रभु श्रीराम की अंतर्ध्यान स्थली को अयोध्या का बड़ा पर्यटन केंद्र

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एक दृश्य की कल्पना कीजिए समस्त सृष्टि में सर्वोत्कृष्ट शासन प्रणाली को स्थापित करने वाले निराकार ब्रह्माण्ड नायक श्रीराम के रूप में साकार होने की लीला पूर्ण



करने के बाद अब वापस अपने लोक के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। पवित्र सरयू में समाहित होने से पूर्व उन्हें अपने लौकिक चक्षुओं से जी भरकर देख लेने और आखिरी बार उनके पवित्र चरणरज को शीश नवाने के लिए अवधपुरी का भाव-विह्वल विशाल जनसमुद्र नदी किनारे उतर पड़ता है। फिर, प्रभु श्रीराम कुटुंबियों समेत सरयू में लौकिक देह को अंतर्ध्यान कर दिव्य विमान में चढ़कर वैकुंठ जाने से पूर्व आखिरी बार उस विशाल जनसमुद्र को दर्शन देते हैं। अब जरा सोचिए, सत्य सनातन आस्था की उस पवित्रतम घटना के साक्षी रहे अयोध्या स्थित गुप्तारघाट का पिछले 500 वर्षों के पराभव काल के दौरान कैसा हाल रहा होगा? वह स्थान जिसे श्रीराम ने खुद वैकुंठ गमन के लिए चुना, यह दुर्भाग्य ही है कि सदियों तक उसकी कोई सुध लेने वाला तक नहीं था। मगर, योगी सरकार ने यहां विकास के ऐसे अध्याय की नींव रखी कि आज एक बार फिर गुप्तारघाट अपने उस पुरातन आध्यात्मिक व ऐतिहासिक वैभव को प्राप्त करने साथ ही मॉडर्न सिविक एमिनिटीज से लैस टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर पहचान बनाने के लिए उठ खड़ा हुआ है। अब गुप्तारघाट बदहाली नहीं, विकास का द्योतक है और उसकी इस पहचान में इजाफा किया है वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज समेत विकास की तमाम परियोजनाओं ने, जिसके कारण यह अयोध्या के सबसे चहेते सेल्फी व टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर उभरा है। पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण वर्ष 2017 तक गुप्तारघाट केवल कुछ पुराने ऐतिहासिक मंदिरों व साधुओं की तपस्थली के साथ जीर्ण-शीर्ण तट के तौर पर ही सिमट कर रह गया था, जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता था। यहां साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। जहां-तहां कूड़ा-कचरा बिखरा हुआ देखा जा सकता था। मगर पीएम मोदी के विजन को जब सीएम योगी का प्रतिबद्ध क्रियान्वयन मिला तो गुप्तारघाट रिवरबैंक रीस्टोरेशन, पक्के तटबंध निर्माण, सौंदर्यीकरण, मार्गों के चौड़ीकरण व विस्तारिकरण के साथ ही टूरिस्ट अट्रैक्शन प्वॉइंट के तौर पर परिवर्तित होने के लिए तमाम साधन-सुविधाओं से लैस होने लगा। स्थानीय लोगों की मानें तो सीएम योगी के अतिरिक्त कोई भी अन्य मुख्यमंत्री गुप्तारघाट का ऐसा कायाकल्प नहीं कर सकता था। आज राजघाट से गुप्तारघाट को जोड़ने वाला लक्ष्मण पथ अतिक्रमण नियंत्रण व विस्तारीकरण के जरिए फोर लेन सड़क के रूप में परिवर्तित हो गया है। इसके अतिरिक्त, यहां वॉटर स्पोर्ट्स समेत तमाम अट्रैक्शन टूरिस्ट्स के लिए डेवलप किए गए हैं, जिनके कारण प्राकृतिक संपदा संपन्न सरयू का यह शांत किनारा अब यहां आने वाले लोगों को आध्यात्मिक सुकून प्रदान करने के साथ ही रोमांच और प्रसन्नता के नए तरंगों से भर देता है।

## डॉ.राजेश कुमार शुक्ल को मिला बेस्ट मीडिया एजुकेशनलिस्ट अचीवमेंट अवॉर्ड

**अयोध्या।** न्यूज पेपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंटरनेशनल चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री तथा एशियन अकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 31वें एनुअल कांफ्रेंस एंड नेशनल अचीवमेंट अवॉर्ड के तहत नई दिल्ली स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक समारोह के दौरान अयोध्या जनपद के निवासी डॉ. राजेश कुमार शुक्ल को बेस्ट मीडिया एजुकेशनलिस्ट लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग केंद्रीय राज्यमंत्री श्री वी. के. सिंह तथा एशियन अकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन के चेयरमैन डॉ. संदीप मारवाह के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

## अलग अलग हादसों में वृद्ध समेत दो की मौत

**बाराबंकी। अलग** अलग हादसों में एक अधेड़ व्यक्ति समेत दो लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार राहुल वर्मा 22 पुत्र राम खेलावन निवासी डेड़क्का का पुरवा मजरे मीरापुर थाना बदोसराय बीती रात 10 बजे सीतापुर से बाइक से घर लौटतें समय अद्रा पुल पर अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल हुआ। पुलिस ने घायल को सिरौली गौसपुर सीएचसी पहुचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना शहर कोतवाली अंतर्गत हुई। नन्हा यादव 50 पुत्र स्व. रामलाल निवासी धकौली नगर कोतवाली की घर से एक किमी दूर ढकौली नहर किनारे माइनर में बीते दिन दोपहर डेढ़ बजे गिरने से मौत हो गई। करीब आधे घंटे बाद बहु पूनम पत्नी सर्वेश ने देखा उसके बताने पर परिजन पहुंचे। पुलिस ने शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# रोजगार मेले का आयोजन, 225 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** प्रदेश की योगी सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को आईटीआई, कौशल विकास और सेवायोजन विभाग के सामूहिक तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ागांव परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में 225 अभ्यर्थियों का विभिन्न निजी कंपनियों में चयन किया गया। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन, डिप्लोमा, कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण प्राप्त और आईटीआई कर चुके युवा पहुंचे. इस मेले में कुल 693 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कुल 225 युवाओं को शॉर्टलिस्ट कर नियुक्ति पत्र दिया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य ने फीता काटने के बाद दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में युवाओं को दक्ष बनाने काम किया जा रहा है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए युवाओं के द्वारा बनाये गये समूहों के तैयार उत्पादों के स्टाल का निरीक्षण किया और उनके हुनर की प्रशंसा की। रोजगार मेले मे एफ आई इंटरप्राइजेज, ओरी फ्लेम, कवाईस कोर प्रा लि, टेक विगो 360 अशोक प्रा लि, इंडियन एकरीलेट प्रा लि, माइक्रोटर्नर, सोलर सर्किल पावर प्रोजेक्ट एल एल पी, केयर हेल्थ नर्सिंग प्रा लि, हीरो स्पेयर प्रा लि, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एन्ड आयुर्वेदिक प्रा लि, डी डी एस ग्रुप, के एस मारुति इंटर प्राइजेज, एल एन जे टी सहित 26 कम्पनियो ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले के संयोजक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 10 जनवरी विकास खण्ड रामनगर मे रोजगार मेले का




आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर आई टी आई प्रिंसपिल आशीष कुमार कौशिक, बनीकोडर आई टी आई प्रिंसपिल सुनील कुमार सिंह, आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## वामा सारथी अध्यक्ष ने कर्मियों में बांटे कम्बल

**बाराबंकी।** वामा सारथी अध्यक्षा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में 100 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मध्य कम्बल वितरित किये गये।

रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में पुलिस फैमली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती रेखा सिंह पत्नी पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा शीतलहर के दृष्टिगत 100 अल्प वेतन भोगी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद ने गिनाई योजनाए

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड सूरतगंज के ग्राम पंचायत राम मंड़ाई व ग्राम पंचायत बसौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इसके पश्चात् सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, उज्जवला कनेक्शन, शौचालय, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को सांसद श्री रावत ने पंचप्रण की शपथ दिलायी और कहा कि %विकसित भारत का निर्माण और %अंत्योदय% का मोदी जी का



संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में ÷मोदी की गारंटी÷ का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही। इस अवसर पर प्रांतीय परिषद सदस्य विनोद मिश्र, जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर, जिला मिडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेयी, मण्डल अध्यक्ष रंगनाथ त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष कि.मो.राम नरेश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, राम खेलावन लोधी, करुणा शंकर शुक्ला, गिरीश दीक्षित, मुकेश सोनी, सतीश कुमार वर्मा, राजेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, संगम शुक्ला, दिनेश बाजपेयी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घर-घर रोशन होंगे दिए 22 जनवरी का दिन अभूतपूर्व बनाने की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गजब का उत्साह है। कुम्हारों के चाक दीपावली पर्व से अधिक तेजी से चल रहे। घर- घर दीप खरीदे जा रहे हैं। घरों व मंदिरों पर एक साथ लाखों दीप पूरे जिले में जलाने को लेकर घर-घर तैयारियां जोर पर चल रही है।शहर ही नही ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली से पांच गुना अधिक मिट्टी के दीपक की डिमांड बढ़ गई है। ठंड और बारिश के मौसम के बीच मिट्टी के दीए बनाने में बाधा आ रही है। नगर व ब्लॉक क्षेत्रों के हजारों कुम्हार परिवार मिट्टी के दीये बनाने में जुटे हैं। रोजाना कुम्हारों को आर्डर मिलते ही जा रहे हैं। कुम्हार के साथ ही चैनपुरवा गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मो वाले दीपक तैयार करने में तेजी से जुटी हैं। प्रधानमंत्री ने हर घर पर दीपक जलाने और सार्वजनिक स्थलों को दीप से रोशन करने की अपील के बाद क्षेत्र में अचानक दीपक की डिमांड बढ़ गई हैं। 22 जनवरी को हर घर दीप जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही पंचायत भवन, सरकारी स्कूल, अमृत सरोवर पर भी दीपोत्सव का आयोजन होगा। जिले भर में लाखों दीपक जलाने की तैयारी है। दीपक के साथ मोमबत्ती की डिमांड बढ़ गई है। कारोबारी बता रहे हैं कि बाजार में मांग को देखते हुए मोमबत्ती का स्टाक मंगाया गया है।

## मादक पदार्थ तस्कर को 05 माह का कारावास की सजा व जुर्माना

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय ने मादक पदार्थ तस्कर को 05 माह का कारावास व 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मॉनीटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर* पर मादक पदार्थ की तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सिकन्दर उर्फ शिवराम पुत्र रामअधार निवासी झोपड़पट्टी थाना कोतवाली नगर को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 10 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 5 माह का कारावास व 2,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# पूजित अक्षत कलश देख भाव विभोर हुए ग्रामवासी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा



समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान चल रहा है। ज़िला प्रचार प्रमुख जीवेश मिश्र ने बताया कि पूरे जनपद में विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा व अक्षत वितरण कार्यक्रम बहुत ज़ोरो शोरों से प्रगति पर है। उसी क्रम में सोमवार को निचलौल खण्ड के बैठवलिया ग्राम सभा से भव्य शोभा यात्रा विस्तारक आशुतोष व अभियान प्रमुख शिवचरण के नेतृत्व में निकाली गई। शिवचरण ने बताया की शोभा यात्रा की शुरुआत बैठवालिया से प्रारंभ होते हुए यात्रा मिश्रालियाँ ,बहुआर ,बहुआरखुर्द, कंमिशवा औवरहवा गेडअहवां, भेरिहारी गोसाईपुर बढ़ेंया, डोमा रामनगर, ढेशो, गिरहिया,सितालापुर परागपुर ग्राम में निकाली गई। पूजित अक्षत कलश देख सभी ग्रामवाशी भाव विभोर व राममय हो गये और सभी ग्रामसभाओं में आरती व पूजन कार्य हुआ। ज़िला प्रचारक ऋषि ने सभी रामभक्तो से 22 जनवरी को पूजा, कीर्तन करने व शाम को भव्य दीपावली मनाने की भी अपील की और बताया की यह समय हमारे पूर्वजों के त्याग और संघर्षों के कारण आया है,अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का निर्माण हो रहा है ।

## एडीजी जोन ने सरहद पर कड़ी निगरानी रखने का दिया निर्देश




**महराजगंज।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा थाना सोनौली क्षेत्रान्तर्गत भारत नेपाल बार्डर पर आगामी मकर संक्रान्ति (खिचड़ी) त्यौहार व अयोध्या के राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा तथा आगामी गणतंत्र दिवस पर शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। बार्डर क्षेत्र पर स्थापित एव कार्यरत सुरक्षा सम्बन्धित समस्त विभाग के उच्चाधिकारी एवं कर्मचारीगणो के साथ साथ एसएसबी के उच्च अधिकारीगण भी मौजूद रहे। निरीक्षण में नो मेन्स लैण्ड का भ्रमण किया गया निगरानी, गश्त को और बेहतर बनाने हेतु एसएसबी व स्थानीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इमीग्रेशन चेक पोस्ट का निरीक्षण कर आने जाने वाले वाहनो के उपर सतर्क दृष्टि रख चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने सरहद के जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक बैठक किया। एडीजी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत-नेपाल का सोनौली बॉर्डर सबसे संवेदनशील है। अयोध्या में श्री राम मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बरतने का निर्देश निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी पगडंडी मार्गो पर जांच किए जाएंगे पेट्रोलिंग होगी साथ ही विभिन्न होटलों में भी सघन जांच की जाएगी। सरहद पर कड़ी चौकसी के निर्देश दिए गये है।

## समारोह आयोजित कर कमांडर को दी गई विदाई

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद की होमगाड्र्स कंपनी फरेंदा के कंपनी कमांडर मुरलीधर यादव एवं कंपनी



निचलौल के प्लाटून कमांडर हरिशंकर पांडेय के रिटायरमेंट पर कार्यालय जिला कमांडेंट होमगाड्र्स महराजगंज में दोनों मानदेयी अधिकारियों को कार्यक्रम आयोजित कर विदा किया गया। जिला कमांडेंट होमगाड्र्स विंध्याचल पाठक ने सेवानिवृत दोनों अधिकारियों को उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि सरकारी जिम्मेदारियों से मुक्त यह किसी भी सेवा के उपरांत जीवन का अगला और अहम पड़ाव होता है। ऐसे समय में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए अपने समाज और अपने देश के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाई जा सकती है। अतः ऐसे व्यक्ति खुद को सिर्फ रिटायर्ड समझें, टायर्ड नहीं। इस अवसर पर जिला कमांडेंट के सहायक अनिल श्रीवास्तव, बीओ निचलौल सत्यनारायण, कंपनी कमांडर सदर जयराम पटेल, सहायक कंपनी कमांडर उदयराजमुनि त्रिपाठी सहित जनपद सभी कंपनी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिना विपक्ष पर मंत्री ने साधा निशाना

## मिठौरा और निकलौल क्षेत्र में आयोजित हुआ यात्रा कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगज।** विकास खंड मिठौरा के ग्राम सभा औराटार और विकास खंड निचलौल के टिकुलहिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बिना भेदभाव के सभी गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उनके नेतृत्व में भारत का सम्मान बढ़ा है और देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। भारत में आज वैश्विक स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। एम्स और फर्टिलाइजर के कारखाने बन रहे हैं ।जनता की सुविधा के लिए प्रत्येक गांव को सड़क, पेयजल जैसी योजनाओं से जोड़ने का काम हो रहा है। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने जा रही है। एक तरफ अपनी संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य हो रहा है तो



दूसरी तरफ समाज के हर वर्ग के विकास और उत्थान के लिए भी सरकार अनेको जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर रही है।जबकि पूर्व की सरकारों ने केवल भ्रष्टाचार के दलदल में फसी रहती थी। सपा बसपा और कांग्रेस की हर योजना तुष्टिकरण की चाशनी में डूबी रहती थी। आज भी उनके भ्रष्टाचार के प्रमाण सामने आ रहे है। उनके नेताओ के यहां नोट की गड्डियां मिल रही है। नेता मंत्री जेलों में है।इस अवसर पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौज्जिया ने कहा कि पीएम मोदी के संकल्पों के अनुरूप सरकार की योजनाएं वंचितों, गरीबों, दलितों को लाभ दिलाते हुए उनके जीवन मे परिवर्तन का माध्यम बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने गोदभराई, अन्नप्राशन संस्कार, विभिन्न विभाग के लाभार्थियो को योजनाओ को प्रमाण पत्र वितरित किया। केन्द्रीय मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर अलग अलग विभागो के स्टालो का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के बीच मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण उपस्थित जनसमुदाय को दिखाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सीडीओ संतोष कुमार राय,एसडीएम पंकज कुमार,बीडीओ शमा सिंह, एडीओ पंचायत सुरेश चंद्र कन्नौजिया, एपीओ शिवेन्द्र सूर्यवंशी,एपीओ रवींद्र बहादुर, अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता,रामहरख गुप्ता,प्रमुख प्रतिनिधि अम्बरीष यादव, राजेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश पटेल, अमरनाथ पटेल, अनिल जोशी, अरुणेश शुक्ल, प्रदीप उपाध्याय,दुर्गा गुप्ता, एनडी उपाध्याय, प्रेम उपाध्याय, करुणेश बर्मा, करुणेश गुप्ता, विजय सिंह, राजन गुप्ता, ग्राम प्रधान राम अवतार भारती, ओमप्रकाश बर्मा सहित हजारो लोग मौजूद रहे।

## प्रदीप पाण्डे पुनः भाजपा कोल्हुई मंडल अध्यक्ष मनोनीत

**नौतनवा (महराजगंज)।** भारतीय जनता पार्टी के महाराजगंज जिले के फरेंदा विधानसभा के अंतर्गत कोल्हुई मंडल का भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय को मनोनीत किया गया। पुनः भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनीत



किए जाने कि खबर सुनते ही कोल्हुई मंडल में निवास करने वाले तमाम भाजपा के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशियों की लहर दौड़ गई तथा बधाई देने वालों का तांता लग गया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री/सांसद महाराजगंज के पंकज चौधरी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पांडे महाराजगंज जिला अध्यक्ष रविकांत पटेल पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष परदेसी रविदास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी मधुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण राय भाजपा मीडिया प्रभारी प्रिन्स जायसवाल, भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी,राकेश मद्धेशिया ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी मीडिया कर्मी सहित क्षेत्र के तमाम लोगो ने अपना बधाई संदेश प्रेषित किया है।

## डीएम ने किया आश्रम पद्धति विद्यालय एवं वृहद गौवंश आश्रय स्थल धनगढ़िया का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सोमवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, एवं बृहद गौवंश आश्रय स्थल, धनगढ़िया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा बताया गया कि कक्षा-11 एवं 12 में 96 बच्चे है।

जिलाधिकारी ने कम्बल, बैग आदि एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बालिका द्वारा अवगत कराया गया कि कोई समस्या नही है। अध्यापक के लिए बन रहे आवास का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने समय से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का निर्देश दिया। खेल मैदान बनवाने का निर्देश दिया। बृहद गौवंश आश्रय स्थल, धनगढ़िया में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को चौकीदार द्वारा बताया गया कि गौशाला में 264 गौवंश है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने साफ-सफाई, ठंड से बचाव के लिए जूट के बोरे, हरा चारा, आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को 2 दिवस के अन्दर व्यवस्थाओ को ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी को जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# टीएनपीजी कॉलेज के 146 छात्रों को मिला स्मार्टफोन

अवधनामा संवाददाता

**सूरापुर अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उच्च शिक्षा को तकनीकी सशक्तिकरण से जोड़ते हुए छात्र छात्राओं में स्मार्ट फोन वितरण योजना की शुरुआत की जिसके अन्तर्गत रविवार को त्रिलोक नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय टाण्डा अमबेडकर नगर में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष त्रयम्बक तिवारी ने कॉलेज परिसर में स्मार्ट फोन के उचित इस्तेमाल करने के साथ कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला और स्मार्ट फोन का वितरण किया। जिससे छात्र छात्राओं में उसकी उचित उपयोगिता बनी रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा अध्यक्ष जिला पंचायत अंबेडकर नगर के कर कमलों द्वारा भी छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया गया। जिला पंचायत





स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल और उत्साह देखा गया

अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने छात्र हित में सरकार के योजनाओं की सराहना की और कहा कि योगी आदित्यनाथ जी की सरकार छात्र छात्राओं के उन्नयन हेतु समर्पित है और उनके तकनीकी सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल और उत्साह देखा गया। स्मार्ट फोन वितरण के सम्बंध में प्राचार्य डॉ0 रमेश चन्द्र पाठक ने बताया कि बी ए फाइनल के 199 व बीएड के 47 छात्र छात्राओं में कुल 246 फोन का विरतण किया गया । इस अवसर पर वितरण के नोडल अधिकारी डॉ अतुल कुमार सिंहव प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे। महाविद्यालय परिवार की तरफ से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ0 आदित्य कुमार मिश्र , विकास चन्द्र वर्मा, चौधरी अलमतर अली, अर्पित कुमार यादव, स्वीटी यादव, डॉ हजारी प्रसाद चौधरी , सौरभ सिंह, सुश्री माया, सुबाष चन्द्र मौर्या, डॉ गीता श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, शिवम सिंह, डॉ प्रमोद सिंह, शशि सिंह आदि उपस्थित रहे। श्री पाठक ने आगन्तुको का आभार व्यक्त किया।

## इंसानियत का पाठ सिखाता है इस्लाम: मौलाना समर ज़ैदी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील अंतर्गत हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में रविवार रात इंजिनियर मोअत्तर रज़ा इब्ने खुशतर रज़ा की दूसरी बरसी के सिलसिले से एक मजलिस आयोजित हुई। जिसको लखनऊ से आये मौलाना समर हैदर ज़ैदी ने खिताब किया। मजलिस से पूर्व मुकामी शायरों ने अपने अपने कलाम के ज़रिए ताज़ियत पेश किया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना समर हैदर ज़ैदी ने कहा कि इस्लाम इंसान को हुस्ने एखलाक, किरदारसाज़ी और इंसानियत का पाठ सिखाता है उन्होंने कहा कि इंसान की जिस तरह इंसान की बुनियादी ज़रूरत रोती, कपड़ा, और मकान है उसी तरह रूह की बुनियादी ज़रूरत है अहलेबैत की मोहब्बत। जिस इंसान के अंदर कुरआन और अहलेबैत की मोहब्बत होती है वो हमेशा सच्चे रास्ते पर ही चलेगा। मजलिस से मुकामी शायरों ने कलाम व मरसिया ख्वानी के फ़रायज़ को शाहिद आलम व हमनवां ने अंजाम दिया। मजलिस के दौरान खुशतर रज़ा, मंज़र रज़ा, मनव्वर रज़ा, अकील हैदर, काज़िम रज़ा, ताक़ीब रिज़वी, तशबीब हसन, महफूज़, इक़्तेदार मेंहदी, अज़ीम मास्टर, नफीसुल हसन, हसन ताक़ीब रिज़वी, नफासत रिज़वी, पप्पू पल्सर, इन्तेज़ार हुसैन शबाब, कामियाब हैदर, टिल्लू, शमीम रज़ा शम्मू, सैय्यद हसन, लल्ला, बेताब, नफीस, आले रज़ा, लल्लन मैनेजर, शाहिद, आबिद, आलम, हानी, मोजिज़ा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मानक के विपरीत हो रहा नाले का निर्माण

**अम्बेडकरनगर।** कहते है कि जबरा मारे तो रोवे भी न दे, यदि इस मुहावरे से आपको बात थोडा समझने में देरी लगे तो फिर कुछ इस तरह में आपको बताता हु कि ÷समरथ को नही दोष गुसाई।÷ अगर मनुष्य समर्थ है तो फिर उसकी एक करोड़ गलतियों पर भी पर्दा पड़ जाता है, और कोई बोलने वाला नही होता है। इसका जीता जागता उदहारण आपको दोस्तपुर रोड पर हो रहे नाले के निर्माण में मिल जायेगा। जहा आदेशो और मानको को ताख पर रखकर नाले का निर्माण हो रहा है।

एक तरफ जहां नगर पालिका और नगर पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की प्रक्रिया जारी है वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार को छुपाने की खातिर जिम्मेदारों ने चुप्पी साध ली है।जल निकासी के लिए बनाए जा रहे नाला निर्माण के कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत लोगों द्वारा मिल रही है। नाला निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।नाले के तल पर जीएसबी की मोटाई मानक के अनुरूप नहीं की गई।

## भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाएगी मोदी सरकार: राजेंद्र नाथ

**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी विकासखंड कुदरहा के ग्राम पंचायत छरदही और जिभियांव के पंचायत भवन पर पहुँची, जहाँ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र नाथ तिवारी व ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने गाड़ी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि नहीं मौजूद लोगों से संवाद स्थापित किया, लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई और बाल पोषाहार एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई और अन्नप्राशन करवाया। मुख्य अतिथि राजेंद्र नाथ तिवारी के साथ छरदही पंचायत भवन पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मोदी जी के गारंटी वाली गाड़ी का फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बाल विकास पुष्टाहार द्वारा गोद भराई व अन्नप्राशन के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत कभी सोने की चिड़िया था लेकिन हम धीरे-धीरे अन्य देशों की तुलना में पिछड गए प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक जन-जन के सहयोग एवं संकल्प से भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव में पहुंच रही है। ब्लॉक प्रमुख अनिल दूबे ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का हर वर्ग और हर पात्र व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के मिल रहा हैं।प्रधानमंत्री ने हर घर में शौचालय उज्ज्वला गैस योजना प्रधानमंत्री आवास विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन पत्रों को मिल रहा है। इस अवसर पर नोडल संजय पांडेय ब्लॉक संयोजक विजय शंकर मिश्र मुकेश कुमार कृषि तकनीकी सहायक पंचायत सहायक खुशबू अंसारी सचिव गोरखनाथ यादव पंचायत सहायक प्रीति दुबे आंगनवाड़ी कमर जहां शशिकला प्रधान प्रतिनिधि सदरूद्दीन अंसारी शाहिद तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।



## एलईडी वैन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता के बारे में किया जा रहा जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**जोगिया सिद्धार्थनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार जनपद के विकास खंड जोगिया में संस्था मेंसर्श फाल्कन लखनऊ के द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलईडी वैन होर्डिंग बैनर ग्राफिटी आदि के माध्यम से ग्राम पंचायत में जन जागरूकता फैलाई जाएगी ग्राम पंचायत में एलईडी वैन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता पर आधारित फिल्म दिखाकर लोगों को पेयजल स्वच्छता के बारे में अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित आदरणीय खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओमप्रकाश एवं जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक तौक़ीर आज़म, गोविंद सिंह, तरुण त्रिपाठी, अनिल निषाद, विजय पाल, ग्राम पंचायत से आए ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं मीडिया से पत्रकार बंधु कार्यक्रम मैं उपस्थित रहे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाएंगे और लोग पेयजल और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे कार्यक्रम के पश्चात खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत ने अपनी शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।

## डीएम ने किया रा. औ. प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महदेवा नानकार, विख-शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को संबधित निर्माण एजेंसी के अधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस वर्ष से संचालन होगा। बिजली व्यवस्था हेतु पैसा जमा कर दिया गया है, किन्तु कनेक्शन नही हो पाया है। जिलाधिकारी ने शीघ्र कनेक्शन कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि इसके अलावा जो भी कमियां है उन्हे ठीक कराना सुनिश्चित करें।

## वि. हिं. महा. ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री एवं सिविल बार एशोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व में सोमवार को सिद्धार्थनगर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव को ज्ञापन देकर शहर के सोहास रोड पर पायल पुल और पक्का ब्रिज के बीच खाली पड़े नगर पालिक के जमीन पर पूर्व मंत्री स्वर्गीय धनराज यादव स्मृति उद्यान के रूप में विकसित किये जाने की मांग किया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि स्व धनराज यादव का शहर से विशेष लगाव रहा है। अनूप नगर के हनुमान मंदिर के पास से मछली मंडी तथा मीट मंडी हटाकर ओवर ब्रिज के नीचे अथवा किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराया जाय। इसके अलावा पकड़ी का नगर पालिका द्वारा सुंदरीकरण कराए जाने की मांग किया है। ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से विश्व हिंदू महासंघ के संरक्षक सुधीर पाण्डेय उर्फ फरसा बाबा, भूप नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह, जैनेंद्र कुमार मिश्र, सूरज सिंह, मान बहादुर सिंह, सभासद कल्लू, श्यामसुंदर मित्तल, दिव्यांशु सहित भारी संख्या में विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी एव कार्यकर्ता शमील रहे।

## ऐतिहासिक सिद्ध पीठ मां वटवासिनी गालापुर महाकाली स्थान के प्रांगण में चल रहे राम कथा अमृत वर्षा में बही भक्ति की बयार



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्ध पीठ मां वटवासिनी गालापुर महाकाली स्थान के प्रांगण में चल रहे नौ दिवासीय श्री राम कथा अमृत वर्षा के दौरान शिव पार्वती विवाह का वर्णन कथा व्यास बलराम दास शास्त्री द्वारा किया गया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए। कथा व्यास बलराम दास शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार हुआ है तब तब भगवान ने अवतार लेकर अत्याचारियों का नाश किया है, उन्होंने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती के बिना राम कथा अधूरा है जब तक माता पार्वती तथा भगवान शंकर का विवाह का प्रसंग नहीं सुनाया जाता है, तब तक राम कथा पूरा नहीं होता है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कभी भी अपने धार्मिक संस्कारों को ना भूले क्योंकि सनातन धर्म में धार्मिक संस्कारों का बहुत ही महत्व है जब भी लोग अपने संस्कारों से हटते हैं तब तब धरती पर अत्याचार बढ़ जाता है, जिसे भगवान श्री नारायण किसी न किसी रूप में आकर अत्याचार्यो का नाश करते हैं। इस दौरान राजमान यादव, भगत, विनोद मिश्रा, चंद्रकांत पांडे, रामचंद्र, रामतीरथ यादव, अंगद, अनिल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया निर्माणाधीन पीडीएस दुकान व नाला खुदाई कार्य का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने सोमवार को विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत बरवा में निर्माणाधीन उचित दर विक्रेता पीडीएस दुकान एवं ग्राम पंचायत करूआवल कला में महात्मा गांधी नरेगा योजना से वित्तीय वर्ष 2023- 24 में नाला खुदाई कार्य का निरीक्षण किया।

ग्राम करूआवल कला मे साधु की कुटी से अब्दुल्लाह के खेत तक नाला खुदाई व सफ़ाई कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें मस्टररोल के अनुसार 47 श्रमिक नियोजित किया गया है। जिसमें निरीक्षण के समय 36 श्रमिक उपस्थित थे। रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया कि उपस्थित श्रमिक की ही उपस्तिथि दर्ज करें। कार्यस्थल पर सी.आई.बी. बोर्ड नही लगाया गया है तत्काल सीआइबी लगाने के लिए निर्देश दिया गया।



खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि एस्टीमेट में निर्धारित गहराई के अनुसार से नाला की खुदाई कराना सुनिश्चित करें।

ग्राम बरवा में उचित दर विक्रेता पीडीएस दुकान का निर्माण कार्य महात्मा गांधी नरेगा से कराया जा रहा हैं जिसका निरीक्षण किया गया। दुकान की कार्य का छत स्तर तक पूर्ण है, निर्माण कार्य बन्द था जो खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस में छत लगवाना सुनिश्चित करें। कार्यस्थल पर सी.आई.बी. बोर्ड नही लगाया गया है। तत्काल सीआइबी लगाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय सुरेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर/कार्यक्रम अधिकारी लोटन राम प्रवेश, खण्ड विकास अधिकारी लोटन, करुआवल ग्राम सचिव सुशीला,व बरवा सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बालिका सशक्तिकरण मिशन अनुवर्ती कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**टांडा अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के बालिका सशक्तीकरण मिशन के तहत एक सप्ताह की निःशुल्क अनुवर्ती कार्यशाला का शुभारंभ कर्मचारी विकास केंद्र के सभागार में किया गया। इस अनुवर्ती कार्यशाला से छ- माह पूर्व एक माह की निःशुल्क एवं आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें इन बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था। बालिका सशक्तीकरण मिशन कार्यशाला आसपास के वंचित परिवारों से आने वाली 10-12 वर्षीय बालिकाओं के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस कार्यशाला में चयनित बालिकाओं का प्रशिक्षण एनटीपीसी-टांडा के आवासीय परिसर स्थित कर्मचारी विकास केंद्र में पूरी तरह चाकचौबन्द सुरक्षा, स्वच्छता एवं चिकित्सा व्यवस्था के बीच करवाया जा रहा है। बालिकाओं के नाश्ते, भोजन, जलपान, अलग-अलग गतिविधियों के लिए ड्रेस, जूते-मोजे एवं मनोरंजन की समुचित व्यवस्था की गई है।

## घर-घर मनाया जायेगा श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड बढ़नी ग्राम पंचायत औरहवा क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर उद्घाटन प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अयोध्या नगरी से आए हुए पूजित अक्षत और पत्रक को विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थनगर अजय प्रताप यादव ने एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर पूजित अक्षत, राममंदिर का चित्र वितरित कर आगामी 22 जनवरी को दीप जलाकर उत्सव मानने का आग्रह किया गया। इस दौरान शिवा जी मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक सिद्धार्थनगर, सत्य प्रकाश धर द्विवेदी, सीमा जागरण मंच, दिनेश सिंह, ग्राम प्रधान दिलीप पाण्डेय, राम किशन यादव, प्रवेश मिश्रा, अनिल पाण्डेय, सतीश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंसानियत को बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले का नाम हज़रत इमाम हुसैन आस. हैं: मौलाना नूरी

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** शहादत-ए-इमाम हुसैन से हमें सब्र, वफा, हक और सच्चाई के रास्ते पर चलने का सबक मिलता है। इमाम हुसैन ने शहादत देकर इंसानियत और इस्लाम को बचाया। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब अल्लाह की ओर से तमाम इंसानों के लिए रसूल बनकर आए। उक्त बातें कश्मीर से तशरीफ़ लाए मौलाना गुलाम रसूल नूरी ने रविवार को कटघर मूसा में तबरेज अहमद की वालिदा की मजलिसे चेहलुम को ख़िताब करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि सन 61 हिजरी में सुन्नते रसूल शरीयत ए मोहम्मदी को यजीद ने बदलने की कोशिश की। तब नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन ने अपने परिजनों और साथियों के साथ कर्बला में शहीद होकर दीन-ए-इस्लाम को बचाया। समझाया कि इस्लाम सिर्फ हुकूमत करने का नाम नहीं है, वक्त पड़ने पर कुर्बानी भी देनी होती है। मजलिस से पूर्व मौलाना कासिम मेंहदी मय हमनवां ने शोजख्वानी व अली मोहम्मद (आमिर) और मेंहदी जलालपुरी ने पेशख़्वानी की। मौलाना नूरी ने आगे कहा कि शहादत-ए-हुसैन से इस्लाम भी बचा और इंसानियत भी। यही वजह है कि आज हर कौम और मिल्लत इमाम हुसैन से मोहब्बत करती है।

जरूरी है कि इंसानियत को बचाने के लिए कर्बला वालों का पैगाम आम किया जाए। मौलाना ने मजलिस के दौरान सभी लोगों के साथ अच्छे से पेश आने और मेहमाननवाजी (अतिथियों के सम्मान) पर भी जोर दिया। हर कौम और धर्म में मेहमान के साथ अच्छे से पेश आने की सीख दी गई है। आखिर में मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन की मां जनाबे फ़ातेमा ज़हरा की शहादत को बयां कर माहौल को ग़मगीन कर दिया।मजलिस का संचालन आरिफ अनवर अकबरपुरी ने किया।

## नगर पंचायत डुमरियागंज ने सफाई कर्मचारियों को बांटा गया जूता एवं जैकेट



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए नगर पंचायत डुमरियागंज में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान और अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पर सभी सफाई कर्मचारियों को बढ़ते ठंड के मौसम में कर्मचारियों के हित को देखते हुए जूता और जैकेट वितरण किया गया। इसी क्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान द्वारा सभी कर्मचारियों को ठंड के मौसम में सावधानी बरतने के साथ साथ नगर में साफ सफाई के लिए विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि आप लोग ठंड से बचाव करते हुए नियमित रूप से अपने कार्यों को करें और सभी वार्डों में साफ सफाई पर ध्यान दें। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि डुमरियागंज नगर पंचायत के सभी वार्डों में अलाव की व्यवस्था की गई है। प्रमुख स्थानों पर अलाव प्रतिदिन जल रहा है इसके अलावा रैन बसेरा की स्थापना डुमरियागंज नगर पंचायत कार्यालय द्वारा की गई है जहां आवश्यक सुविधाएं लोगों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि ठंड से बचाव के लिए लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। इस मौके पर वितरण कार्यक्रम में सभासद नंदलाल, उमाशंकर, हरिद्वार, नवाब राइनी, सुबराती, फरहान, मुजीब एवं समस्त सभासद गण, लिपिक हसन ताकीब रिजवी एवं समस्त नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरे पासपोर्ट संख्या N1538772 मे मेरे व मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश AIRAM ANWAR D/O MOHMMAD ANWAR MOHAMMAD SULTAN पड़ गई है जबकि मेरे व मेरे पिता के सही नाम की स्पेलिंग IRAM ANWAR D/O MOHMMAD ANWAR है इरम अनवर पुत्री मोहम्मद अनवर पता म. न. 115 घसियारी मंडी कैसरबाग़ है।

### सूचना

मैं दिलीप यादव (DILIP YADAVA) पुत्र अशोक यादव, 631/70, ज्ञान विहार कमता, जिला लखनऊ का निवासी हूं। मैंने अपना नाम दिलीप यादव (DILIP YADAVA) से बदलकर दिलीप यादव (DILIP YADAV) रख लिया है भविष्य मे अब मुझे दिलीप यादव (DILIP YADAV) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## घर घर वितरित किया श्री राम मंदिर का पूजित अक्षत



**पौली अवधनामा संवाददाता।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा में सहभागी बनने की अपील के लिए घर-घर पहुंचकर धार्मिक संगठनों के लोग और आरएसएस के कार्यकर्ताओं के साथ हर घर पूजित अक्षत वितरित कर रहे हैं कार्यक्रम के खण्ड कारवाह कमला पाल ने बताया पौली क्षेत्र के मझौरा केकरा सुकरौली नकहा, मुंडाडिहा, बरगदवा दुबौली, खेमसिया, खर्चा कोहलवा, पड़रिया आदि गांव में पहुंची जहां घर-घर पहुंच कर पूजित अक्षत वितरित कर लोगों से श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में सहभागी बनने की अपील की गई मौके पर कमला पाल, लाल साहब, ओमप्रकाश, ग्रीस अग्रहरि, अंगद पाल, पीयूष रामचंद्र महेंद्र प्रसाद शुभम आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नगर उपाध्यक्ष को बाहर किया

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते नगर उपाध्यक्ष को कमेटी से बाहर कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने दी है। विदित हो कि जलालपुर के पश्चिम तरफ निवासी देवेश मिश्रा को भाजपा नगर कमेटी में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी। बीते कई माह से इनकी गतिविधि संदिग्ध हो गई है और पार्टी के विपरीत कार्य करते आ रहे है। जिसके वजह से इन्हें नगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से हटा दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र ने बताया कि इन्हे निष्कासित करने का पत्र जिलाध्यक्ष को भेज दिया गया है।

## राम की महिमा

राम लहर का असर कितने लोगो को उद्वेलित कर रहा है। इन दो खबरो से आप समझ सकते है। इसमें सम्प्रदाय, जाति, धर्म का बन्धन टूट गया है। पहली खबर है मुसलमान भाई इकबाल अन्सारी जो बाबरी मस्जिद को लेकर राम जन्म भूमि मुकदमें में पक्षकार थे। उन्होंने 30 दिसम्बर को जब मोदी रोड शो कर रहे थे तो उन पर फूलों की वर्षा की उनके द्वारा राम जन्म भूमि को लेकर मन्दिर बनवाने की पहल को लेकर। दूसरी खबर है वाराणसी की दो मुस्लिम महिलायें नजमा परवीन और नजनीन अन्सारी अयोध्या जायेगी और वहां से राम ज्योति अयोध्या से लेकर आयेगी और मुस्लिम बस्ती में घुमायेगी। रामचरित मानस में एक चौपाई है सिया राम मै सब जगजानी, करहु प्रणाम जोड़ युग पानी उसे चरितार्थ होते देख रहा हूॅ। सभी धर्मो का सार यही है।

इन दोनो खबरो ने दिल में इतनी प्रसन्नता भर दी है कि बयान नहीं कर सकता। मोदी और योगी फैक्टर इन दो खबरो के पीछे है। सही काम का नतीजा सही ही होता है। सब धर्म भेदभाव भूल कर दुनियां भर के लोग राम जन्मभूमि आ रहे है। महन्त और मन्दिरो तथा मठो के प्रमुख उदार होकर सबको उत्सव के लिये समाहित करने में लगे है। मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा में शरीक होने का निमन्त्रण लेकर विश्व हिन्दू परिषद के गंगा सिंह डेलीगेशन के साथ इकबाल भाई के घर पहुंचे। अयोध्या से राम ज्योति लाने के लिये दोनो मुस्लिम बहनों को बिदाई काशी के डोमराज ओम चौधरी और पातालपुरी मठ के महन्त बालक दास बिदाई दिये। महिलायें शनिवार को अयोध्या पहुंची। महिलायें रविवार को राम ज्योति, अयोध्या की पवित्र माटी और सरजू नदी का पवित्र जल लेकर काशी लौटी।

2006 में जब संकट मोचन मन्दिर पर आतंकियों ने बम फेका था तब दोनो महिलायें 70 मुस्लिम बहनों के साथ संकट मोचन पहुच कर हनुमान चालीसा का पाठ किया सम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये। दोनो बहने उच्च शिक्षा प्राप्त है। नजनीन ने पातालपुरी मठ के बालक दास को अपना गुरू बना रक्खा है। उसने रामचरित मानस और हनुमान चालीसा का उर्दू में अनुवाद भी किया है। हिन्दुओं का अपना पुरखा मानती है। कहती है आदमी धर्म बदल सकता हैं पुरखा नही बदल सकता। धर्म की इस गंगाजमुनी धार पर दिल बाग बाग हो अता है। खुदा यह धारा यू ही बहती रहे। धर्म को अखाड़ा मतलब परस्त लोग अपने निजी फायदे के लिये बनाते है। नही तो क्या इस्लाम क्या इसाई या अन्य धर्म में ईश्वर एक ही है। जब ईश्वर एक ही है तो कैसे हिन्दू मुस्लिम इसाई में बट सकता है। पूजा के रूप अलग हो सकते है पर ईश्वर का रूप तो अलग नही हो सकता। इकबाल भाई और दोनो मुस्लिम बहनो के कृत्य से सभी के की आत्मा प्रकाशित हो जानी चाहिये। धर्म और ईश्वर का भेद मिट जाना चाहिये।

जो लोग प्राणप्रतिष्ठा को लेकर तरह तरह के दे रहे है, विरोध कर रहे है इन दो दृष्टान्तो से उनकी आत्मा जग जानी चाहिये और सोच बदल जानी चाहिये। राजनीति अलग चीज है आस्था अलग चीज है। कुछ लोग चिल्ला रहे है मोदी ऐसा क्यो कर रहे है। मोदी सरकारी मदद से तो मन्दिर बनवाये नही है। उनकी व्यक्तिगत आस्था श्रीराम में है तो इससे राजनीति कहां है। किसी को अयोध्या आने से रोका तो नहीं जा रहा है। अगर अयोध्या के साधु सन्त मोदी के हाथो प्राणप्रतिष्ठा करवा रहे है तो कुछ पर्टियां क्यों विरोध कर रही है। उसमें राजनीति जबरदस्ती क्यों घुसेड़ रही है। मोदी को बुलाया गया है वे जा रहे है। गठबन्धन वाली पार्टियों अपने कृत्य और बचनों से अपनी हताशा जाहिर कर रही है। चुनाव नज़दीक आता जा रहा है अभी विपक्षी गठबन्धन की आखिरी तस्वीर नहीं उभर पाई है। बारबर बैठकें हो रही है फैसले आगे के लिये टलते जा रहे है। मोदी अपनी आस्था को चुनाव में नहीं आने दे रहे है। पार्टी ने लोगो के कार्यो का बटवारा कर के प्रचार शुरू करवा दिया है। खुद भी जगह-जगह जा रहे है। विपक्ष हारेगा तो इवीएम को दोष देगा। आस्था सोच को सकारात्मक बनाती है निराशा से बाहर लाती है। देश को 22 जनवरी का बेकरारी से इन्तजार है। शासन और जनता वृहद तैयारी में लगये हुये है। उस दिन का नजारा अयोध्या में देखने लायक होगा। इकबाल नजमीन और नाजमा को बधाई ऐसी ही ज्योति फैलाते रहे।

## कांग्रेस प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने को लेकर उलझन में क्यों


शाहिद नकवी

अयोध्या में इसी महीने की 22 तारीख को भगवान श्रीराम राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।इस समारोह में शामिल होने के लिए हजारों मेहमानों को निमंत्रण दिया गया है जिनमें 3,000 वीवीआईपी मेहमानों में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल हैं।कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दल भाजपा के इस आयोजन में शामिल होने के नफा नुकसान पर मंथन कर रहे हैं।सपा जिसकी सरकार पर कालांतर में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलवाने का आरोप लगाया जाता है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या जाने का मन बना लिया है। इंडिया में शामिल कुछ और दलों ने भी अयोध्या के भव्य कार्यक्रम में शामिल होने का ऐलान किया है।लेकिन अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता मिलने के बाद कांग्रेस में धर्मसंकट की स्थिति है।कांग्रेस आलाकमान की तरफ से अभी तक वहां जाने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।हालांकि,अब कांग्रेस के इंडिया अलायंस में सहयोगी दल शिवसेना (उद्धव) ने चुप्पी तोड़ी है और कांग्रेस की आत्मा को हिंदू बताया है।इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाने की सलाह दी है।ये सच है कि राम मंदिर आंदोलन में बीजेपी सबसे आगे रही है और विश्लेषक अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का श्रेय बीजेपी और आरएसएस को ही देते हैं।हालांकि,एक तथ्य ये भी है कि बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाए जाने से लेकर,राम की मूर्ति रखे जाने और बाबरी मस्जिद को तोड़े जाने के समय केंद्र में कांग्रेस की ही सरकार थी।केंद्र में राजीव गांधी की सरकार के वक़्त में दरवाज़े खुले थे।साल 1986 में एक डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फ़ैसले के बाद बाबरी मस्जिद का ताला खुलवा दिया गया था,जहां पर रामलला की मूर्ति रखी हुई थी।2019 के सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के समय राहुल और प्रियंका गांधी ने ट्वीट करके कहा था कि हर नागरिक को कोर्ट के फ़ैसले का सम्मान करन चाहिए और सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखना चाहिए।अयोध्या में में साल 1992 में जब कार सेवा के दौरान बाबरी मस्जिद विध्वंस की घटना हुई थी तब भी कांग्रेसी प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव थे।यही नहीं साल 2019 में राम मंदिर पर आए सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद सीडब्ल्यूसी ने बयान जारी कर फ़ैसले का स्वागत किया था।अगर हम सन 90 के दशक की राजनीति पर गौर करें तो साफ है कि 90 के दशक में कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में क़ानूनी तरीक़े या बातचीत के ज़रिए राम मंदिर निर्माण के लिए हामी भरी थी।इसके बावजूद भी कांग्रेस आलाकमान अभी तक समारोह में शामिल होने को लेकर पसोपेश में हैं? जगजाहिर है कि मुस्लिम समुदाय ने राम मंदिर विवाद पर आए सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को सहर्ष स्वीकार किया है।

काबिले गौर ये है कि बाबरी मस्जिद के लिए 60 साल से भी अधिक समय तक कानूनी लड़ाई लड़ने वाले हाशिम अंसारी का परिवार भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता पा कर खुश है।उनके पुत्र इकबाल अंसारी को बुलावा आया है और वह जाने को उत्साहित हैं।तो वहीं उत्तर प्रदेश के बरेली में तीन तलाक पीड़िताएं रामलला के लिए वस्त्र बना रही हैं।तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाएं अयोध्या जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला के लिए पोशाक तैयार कर रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

पूर्व नौसैनिकों को कतर की निचली अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा सुनाई थी। केंद्र सरकार इससे हैरान रह गई थी, क्योंकि कतर ने पहले इस बाबत कोई जानकारी नहीं दी थी। भारत ने फैसले के खिलाफ अपील की। कतर प्राकृतिक गैस का भारत को बड़ा आपूर्तिकर्ता है। वहां करीब आठ लाख भारतीय काम करते हैं। दोनों देशों के बीच हमेशा से बेहतर रिश्ते रहे हैं। जिन लोगों के खिलाफ फैसला हुआ है, उनमें सेवानिवृत्त कमांडर पूर्णेंदु तिवारी हैं। पूर्णेंदु एक भारतीय प्रवासी हैं जिन्हें 2019 में प्रवासी भारती सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# अब ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं प्रवासी भारतीय


अशोक मधुप

विदेशों में बसे भारतीय आज अपने को ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वे समझ गए हैं कि वे कहीं भी हों उनका देश उनके साथ खड़ा है। विपरीत परिस्थिति में वे और उनका परिवार भारत से इतर देश में रहकर भी अकेला ही नही है।उसके पीछे भारत सरकार की सुरक्षा की गारंटी हैं। जबकि पहले ऐसा नही था। संकट में विदेश में फंसे भारतीय को अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ती थी। वे अपने को असहाय महसूस करते थे। दो अगस्त 2090 को इराक ने कुवैत पर हमला कर दिया था।इस युद्ध के समय कुवैत में फंसे भारतीयों को देश वापिस लाने पर फिल्म बनी एयर लिफ्ट। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित बनी बताई गयी था। । कुवैत में फंसे 1,70,000 से अधिक भारतीय असहाय थे। लेकिन दो सराहनीय भारतीय प्रवासी श्री मैथ्यूज और श्री वेदी ने उन्हें बचाने के लिए बहुत कष्ट और प्रयास किए और यह सुनिश्चित किया कि वे सुरक्षित रूप से अपने देश पहुंच जाएं। यह आपरेशन भारत सरकार ने चलाया था। इंडियन्स को सुरक्षित निकालने के लिए तब के विदेश मंत्री आईके गुजराल इराक में सद्दाम हुसैन से मिलने पहुंचे थे।सद्दाम हुसैन ने सरकार को भारतीयों के रेस्क्यू ऑपरेशन करने की इजाजत दे दी। 13 अगस्त से लेकर 11 अक्टूबर 1990 (59 दिन) तक 500 फ्लाइट्स के जरिए इतिहास का सबसे मुश्किल एयर रेस्क्यू किया गया।हालाकि सरकार का इस आपरेशन में बड़ा कार्य रहा किंतु मैसेज दूसरा गया। आज ऐसे आपरेशन के लिए सरकार स्वयं खड़ी हो जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जानकारी मिलने के पहले ही स्वयं सक्रिय हो जाते हैं। इतना ही नही आपरेशन की मानिटरिंग भी वे खुद करने लगते हैं। अभी कतर में आठ पूर्व नौसैनिकों को फांसी दिए जाने की खबर आने के बाद भारत सरकार सक्रिय हुई। इसीके फलस्वरूप इस केस में भारत के कतर राजदूत लगे।वे जेल में भारतीय पूर्व नौसैनिकों से मिले। न्यायालय में उनके केस की अपील की गई। इससे ये फांसी की सजा टल गई। निर्णय के समय कतर में भारत राजदूत और अन्य अधिकारी उनके परिवार के सदस्यों के साथ अपील अदालत में मौजूद थे। मामले की शुरुआत से ही भारत उनके साथ खड़े हैं। विदेश मंत्रालय ने इस बारे में कहा कि हम सभी उन्हें कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। अगले कदम पर फैसला लेने के लिए कानूनी टीम के साथ हम लगातार परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में हैं।अपीलीय कोर्ट का यह फैसला इस मायने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल थानी के बीच दुबई में कॉप-28 सम्मेलन से इतर हुई मुलाकात के चार सप्ताह के अंदर सुनाया गया है। एक दिसंबर को हुई भेंट के बाद पीएम मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में रह रहे भारतीय समुदाय के बारे में अमीर से बात की है। माना जाता है कि इस भेंट में इन नौसैनिकों का मुद्दा भी उठा था।



पूर्व नौसैनिकों को कतर की निचली अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा सुनाई थी। केंद्र सरकार इससे हैरान रह गई थी, क्योंकि कतर ने पहले इस बाबत कोई जानकारी नहीं दी थी। भारत ने फैसले के खिलाफ अपील की। कतर प्राकृतिक गैस का भारत को बड़ा आपूर्तिकर्ता है। वहां करीब आठ लाख भारतीय काम करते हैं। दोनों देशों के बीच हमेशा से बेहतर रिश्ते रहे हैं। जिन लोगों के खिलाफ फैसला हुआ है, उनमें सेवानिवृत्त कमांडर पूर्णेंदु तिवारी हैं। पूर्णेंदु एक भारतीय प्रवासी हैं जिन्हें 2019 में प्रवासी भारती सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।एक अन्य कमांडर सुगुणाकर पकाला का भारतीय नौसेना में बेहतरीन सफर रहा है जो अपने सामाजिक काम के लिए भी जाने जाते हैं।इनमें स्वर्ण पदक विजेता कैप्टेन अमित नागपाल भी शामिल हैं। अमित नागपाल नौसेना में कमांडर रहे हैं। अमित अपनी सेवा के दौरान संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध कौशल के लिए जाने जाते रहे हैं। नौसेना में कमांड रहे संजीव गुप्ता की तोपखाना से जुड़े मामलों में महारत थी। सौरभ वशिष्ठ नौसेना में कैप्टन के ओहदे पर रहे हैं। अपनी सेवा के दौरान सौरभ ने बतौर तकनीकी अधिकारी काम किया है। सजा पाने वाले बीरेंद्र कुमार वर्मा नौसेना में कैप्टन रहे हैं। बीरेंद्र कुमार को नेविगेशन और डायरेक्शन का जानकार माना जाता रहा है। कैप्टन नवतेज गिल के पिता सेना में अधिकारी रहे हैं। चंडीगढ़ से आने वाले नवतेज को राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उन्हें सर्वश्रेष्ठ कैडेट के लिए दिया गया था। वहीं अंतिम सदस्य रागेश गोपाकुमार की बात करें, तो उन्होंने नौसेना में बतौर नाविक काम किया।

भारत सरकार का प्रयास है कि ये सजा पूरी तरह से खत्म हो जाए।सजा खत्म न भी हुई तो लगता है कि इनकी वतन वापसी हो जाएगी।। दरअसल, भारत और कतर के लिए बीच दिसंबर, 2014 में कैदियों की अदला-बदली को लेकर संधि हुई थी। इसमें दोनों देशों की एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों को बाकी बची सजा काटने के लिए उनके देश भेजने का प्रावधान है। सजा कम न होने पर उम्मीद है कि भारत इन आठ पूर्व नौसैनिकों की वतन वापसी की मांग कर सकता है। इस्राइल गाजा युद्ध शुरू होने की सूचना पर केंद्र सरकार भारतीयों को वहां से निकालने के लिए सक्रिय हुई। भारत ने वहां से अपने 1309 नागरिक वापस भारत बुलाए। ये कार्य सरल नही था किंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्य में खुद लगे। भारतीयों को वापस लाने के लिए अपने मंत्रियों को भी भेजा। अभी दो साल पहले , जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो 23 हज़ार भारतीयों (जिनमें लगभग 18 हज़ार मेडिकल के छात्र थे) यूक्रेन में रह रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से इन्हें निकालने के लिए दोनों देश के कुछ सयम के लिए युद्ध विराम किया। इसी से इनको स्वदेश ले आया गया था। इतना ही नही युद्ध विराम की अवधि में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज लेकर कुछ पाकिस्तान और बंगला देश भी युद्ध क्षेत्र से बाहर आए। यही हालत अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के समय हुई थी। तब भी भारत अपने देशवासियों के साथ खड़ा था।

विदेशों में रह रहे भारतीय भारत की अर्थ व्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। प्रतिवर्ष खरबों डालर वह विदेशों से भारत भेजते हैं। 2023 की रिपोर्ट के अनुसार 125 अरब डालर विदेशों में बसे भारतीयों द्वारा देश में भेजा गया। इतना ही रहने वाले देश में बसे भारतीय वहां के विकास में अपना योगदान देकर देश का नाम प्रसिद्ध कर रहहैं।ऐसे में वह भी देश से चाहतें है कि जरूरत पर देश और उसकी सरकार उनके साथ खड़ी हो। भारत सरकार अपने लोगों के साथ खड़ी है, यह अहसास पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के समय में होना शुरू हुआ। एक ट्विट पर वह सक्रिय हो जाती थीं। पहले जहां विदेशों के भारतीय राजदूत के बारे में वहां रहने वाले भारतीयों की धारणा ठीक नही थी। वह अब बदली है। लगभग छह साल पहले एक समस्या मेरे अमेरिका में बसे बेटे के सामने आई। उसने अमेरिका के इंडियन कॉन्सुलेट से संपर्क किया। उसकी समस्या का निदान हो गया। एक बात और अबसे पहले भारत की स्थिति दुनिया में इतनी मजबूत नही थी, जितनी आज है। पिछले कुछ सालों भारत की स्थिति दुनिया में मजबूत हुई है।

# ईडी के खिलाफ खुली अराजकता का दुस्साहस कब तक?

ममता के शासन में अराजकता एवं अपराध बिखरे हैं। वहां हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ है, किसी न किसी को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। वहां आज हर हाथ में पत्थर है। वहां के समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नज्मी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नज्मी, अभी लोगों ने अपने हाथ से पत्थर नहीं फैंके हैं। डर पत्थर से नहीं डर उस हाथ से है, जिसने पत्थर पकड़ रखा है। पश्चिम बंगाल में हर टीएमसी कार्यकर्ता ने पत्थर पकड़ रखा है, कानून एवं व्यवस्था नाम की कोई चीज वहां नहीं है।


ललित गर्ग

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जब कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में कई लोकेशन पर छापेमारी करने गयी तब टीएमसी के कार्यकर्ता एवं गांव के लोगों ने टीम पर जानलेवा एवं हिंसक हमला बोल दिया, जो न केवल शर्मनाक बल्कि कानून-व्यवस्था को तार-तार करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। राशन घोटाले के आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर लगे ताले को तोड़ने की ईडी कार्रवाई के दौरान उन पर यह घातक हमला किया है। ईडी के अधिकारियों पर तृणमूल कांग्रेस के इस नेता के समर्थकों ने जिस तरह हमला करने के साथ उनके वाहनों में तोड़फोड़ की, वह इस केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ खुली अराजकता के साथ दुस्साहस का भी परिचायक है। ईडी अधिकारियों पर हमला करने वाले कितने बेखौफ थे, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने इन अधिकारियों की सुरक्षा के लिए साथ गए केंद्रीय बल के जवानों पर भी हमला बोल दिया। आखिर जांच दल को बिना कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हालांकि पश्चिम बंगाल में यह पहली अराजक, उन्मादी, गैरकानूनी घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जांचों में बाधा डालने, जांच दल को रोकने की हिंसक कार्रवाई होती रही है। स्पष्ट है कि ममता शासन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता कानून अपने हाथ में लेने से तनिक नहीं हिचकते, बल्कि ममता बनर्जी खुद अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के निरंकुश आचरण, उपद्रव, उद्दण्डता, हिंसक एवं उन्मादी गतिविधियों का बचाव करने उतर आती है। इससे संवैधानिक संस्थाओं का अस्तित्व एवं अस्मिता कैसे सुरक्षित रह पायेगी?

आजकल देश में कहीं भी विपक्षी दलों एवं उनकी सरकारों से जुड़े घोटालों एवं अनियमितता पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए उसका विरोध शुरु हो जाता है। ईडी के लिए इस तरह के आरोप नए नहीं हैं, बल्कि आजकल तो जैसे ही वह किसी मामले की जांच शुरू करती है, तुरंत ही आरोप लगने शुरू हो जाते हैं कि यह काम राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है। ऐसी संस्था कैसे निष्पक्ष दिखाई दे एवं कैसे स्वतंत्र होकर अपना काम करे? पश्चिम बंगाल में जो हुआ, वह उसका तरीका नहीं है, वह आपत्तिजनक और आपराधिक है। ममता की तानाशाही का ही परिणाम है कि उनके कार्यकर्ता बेखौफ हर चीज का फैसला अपने ढंग से करना-कराना चाहते और इसके लिये खुलेआम हिंसा एवं अराजकता का सहारा लेते हैं। पश्चिम बंगाल के लिए यह नई बात नहीं है, चुनावी हिंसा एवं प्रतिहिंसा तो वहां लगातार चलती रहती है। अगर कोई व्यक्ति अंगुली उठाता है या विरोध करता है तो उसकी जान पर बन आती है। ममता खुद मुख्यमंत्री होकर अपने एक कार्यकर्ता छुडाने एक बार थाने पहुंच गयी थी, स्वाभाविक



ही है कि वे अपने कार्यकर्ताओं का गलत एवं अलोकतांत्रिक तरीके से समर्थन एवं सहयोग करती है जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। ऐसे ममता समर्थक एवं कार्यकर्ता सरकार को अपनी पोकेट में मालते हुए न केवल कानून की धज्जियां उड़ाते हैं बल्कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का भी दुरुपयोग करते हैं। गरीबों को बांटे जाने वाले राशन का करीब तीस प्रतिशत खुले बाजार में बेच दिया जाता है और उसका लाभ बिचौलिये एवं टीएमसी कार्यकर्ता आपस में बांट लेते है। इस तरह का भ्रष्टाचार वहां आम है। वहां ऐसे मामलों में भी राजनीति सड़कों पर की जाती है, जो अक्सर हिंसक एवं अराजक हो जाती है। ईडी को लेकर राजनीति करने के आरोप अनेक जगहों पर लगाए गए हैं, लेकिन बंगाल जैसे दुखद व शर्मनाक दृश्य कहीं और देखने को नहीं मिले हैं।

ममता के शासन में अराजकता एवं अपराध बिखरे हैं। वहां हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ है, किसी न किसी को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। वहां आज हर हाथ में पत्थर है। वहां के समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नज्मी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नज्मी, अभी लोगों ने अपने हाथ से पत्थर नहीं फैंके हैं। डर पत्थर से नहीं डर उस हाथ से है, जिसने पत्थर पकड़ रखा है। पश्चिम बंगाल में हर टीएमसी कार्यकर्ता ने पत्थर पकड़ रखा है, कानून एवं व्यवस्था नाम की कोई चीज वहां नहीं है। ईडी के अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के जिस नेता के घर छापेमारी करने गए थे, वह करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में गिरफ्तार राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी है। यदि ईडी अधिकारियों का यह कथन सही है तो बेहद गंभीर बात है।

पश्चिम बंगाल में आर्थिक अपराध एवं घोटाले बड़े पैमाने पर हो रहे हैं, इन्हीं में से कुछ पर ईडी और सीबीआई जांच कर रही है। इन मामलों में तृणमूल कांग्रेस के विधायक और मंत्री भी आरोपित हैं। हालांकि इनमें से कई मामलों की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर हो रही है, फिर भी ममता सरकार का यही आरोप रहता है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां उनके नेताओं के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना के तहत कार्रवाई कर रही है। यदि उसे वास्तव में ऐसा ही लगता है कि वे बेदाग है, तो फिर घपले-घोटालों के गंभीर आरोपों से घिरे उसके नेताओं को अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए, अपने पक्ष में सबूत और तर्क पेश करने चाहिए। इस तरह लाठी-डंडे के जोर पर वे कब तक हकीकत एवं सच्चाई पर पर्दा डालने में कामयाब हो सकते हैं। आये दिन ऐसे लोग, विषवमन करते हैं, प्रहार करते रहते हैं, चरित्र-हनन् करते रहते हैं, सद्भावना और शांति को भंग करते रहते हैं। उन्हें प्रांत में शांति, आदर्श-निष्पक्ष शासन-व्यवस्था, भाईचारे और एकता से कोई वास्ता नहीं होता। ऐसे घाव कर देते हैं जो हथियार भी नहीं करते। किसी भी टूट, गिरावट, दंगों व युद्धों तक की शुरूआत ऐसी ही बातों से होती है। यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को अपनी सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों पर निर्भर रहना पड़े। बंगाल में उन्हें ऐसा ही करना पड़ा। ऐसी ही स्थितियां अन्य गैर-भाजपा राज्यों में है। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड में हेमंत सोरेन दोनों ही मुख्यमंत्रियों को ईडी बार बार समन भेज रहा है, लेकिन कोई भी पेश नहीं हो रहा है। केन्द्रीय एजेंसियों की इस तरह की अवमानना और वह भी मुख्यमंत्रियों के माध्यम से आश्चर्यकारी है एवं असंवैधानिक है। केन्द्रीय एजेंसियों के लिये काम करना आसान नहीं, बल्कि चुनौती एवं संकटपूर्ण होता रहा है। बढ़ते संकटों एवं सुरक्षा कारणों से ईडी को केंद्रीय बल के जवानों की छाया में काम करने को विवश होना गंभीर स्थिति को दर्शाता है। तमिलनाडु में राज्य पुलिस की ओर से एक ईडी अधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद इस केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर की सुरक्षा केंद्रीय बल के जवानों को सौंपनी पड़ी थी।

# इतिहास रचतें पीएम मोदी, मीडिया में क्यों हो रही जमकर तारीफ?

साफ नियत और सभी के विकास की मूलभूत अवधारणा ने नरेन्द्र मोदी को सभी का चहेता बना रखा है। इनकी लोकप्रियता और प्रभावशाली कार्यशैली का आलम यह है की धुर विरोधी देश भी इनकी तारीफ कर रहें है। हलियाँ चाइना सरकार की ऑफिसियल न्यूज़ मीडिया ग्लोबल टाइम्स में मोदी की तारीफ कोई अतिश्योक्ति नहीं है बल्कि उनके द्वारा किये गए कार्यों की वजह से विवशतावस चाइना द्वारा स्वीकार किया जाना है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश मोदी के नेतृत्व, भारत का विकास और लिए गए बड़े निर्णयों की चर्चा और सराहना कर चुकें है। नरेन्द्र मोदी सरकार में भारत ने इतना कुछ प्राप्त किया है जिसका कई दशकों से आम जन को प्रतीक्षा रही।


डॉ अजय कुमार मिश्रा

किसी भी राजा के शासन की वास्तविक उपलब्धि न केवल जन मानस के लिए किये जा रहे आधारभूत बदलाव के कार्य होतें है, बल्कि आम जन मानस समेत विरोधियों में भी राजा के कार्यों की छवि और चर्चा किस स्वरुप में है ! यही निर्धारित करता है की राजा का शासन उत्तम दर्जे का है या फिर नहीं? देश के वर्तमान प्रधानमंत्री और ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में उन्होंने देश को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर दिया है और अब आकर्षक परिणाम सभी के सामने है। फिर चाहें मूलभूत परिवर्तनों की बात है या वैश्विक आवश्यकताओं की पूर्ति की बात हो। सुधार और विकास का पहिया वैश्विक स्तर पर नई पहचान के साथ 5जी मोड में आगे बढ़ रहा है।

अपने एक दशक के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए और सभी क्षेत्रों में कार्य किया है उन्होंने गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों के लिए, किसान कल्याण सुनिश्चित कर किसानों के लिए, नए भारत के लिए नारी शक्ति को प्राथमिकता देना, युवा नेतृत्व विकास पर विशेष जोर देना, मध्यम वर्ग और उनके जीवनयापन में आसानी करना, गति और पैमाने पर इन्फ्रा सेक्टर तेजी से बढ़ाना, स्वास्थ्य देखभाल और महामारी प्रबंधन से आम आदमी को सुरक्षित किया है, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की खुली चर्चा और सराहना हर जगह है, अर्थव्यवस्था और सुधार चारो तरफ प्रदर्शित किया है, व्यापार करने में आसानी दिख रही है, पूर्वोत्तर को विकास इंजन के रूप में स्थापित किया, सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण दिया है, तकनीक-संचालित भारत के नए स्वरुप को जन-जन से जोड़ा है, पर्यावरण और स्थिरता पर विशेष कार्य करके सभी जगह अपना लोहा मनवाया है।

मोदी सरकार के पूर्व सरकारी योजनाओं की आम आदमी तक पहुँच में पारदर्शिता का गहरा आभाव था पर वर्ष 2014 से अब तक सरकार ने हर क्षेत्र के लिए योजना बनाकर व्यक्ति को केंद्र में रख कर, पारदर्शी तरीके से कार्य किया है। आप उनकी सफलता का आकलन इसी बात से कर सकतें है की आज मोदी सरकार की योजनायें सभी उम्र, तबके के लोगों की जुबान पर है। आकड़ें भी इस बात की गवाही दे रहे है की मोदी महापुरुषों की श्रेणी में खड़े दिख रहें है तभी तो उनकी चर्चा वैश्विक स्तर पर लगातर हो रही है। लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाना, लोगों को नल से पानी की सुविधा उपलब्ध कराना, लोगों को आधुनिक घर प्रदान करना, शौचालय



का बनाया जाना, फुटपाथ विक्रेताओं को सरल नियमों के तहत ऋण प्रदान करना, छोटें उद्यमियों को ऋण प्रदान करना, पिछड़े वर्ग के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग बनाना, कोरोना के दौरान महिलाओं के खातें में पैसे डालना, खास ऋण एससी और एसटी लाभार्थियों को देना, सरकार में 60 प्रतिशत मंत्री एससी, एसटी ओबीसी श्रेणी का होना, 5 गुना अधिक एकलव्य आवासीय स्कूलों की मंजूरी देना, जिलों को केंद्र बिंदु रखकर विकास करना, जनधन बैंक खातों का खोलना, लोगों को पीएम सुरक्षा बीमा प्रदान करना, लोगों को पीएम जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा कवर देना, लोगों का स्वास्थ्य योजना देना, सीधे बैंक खातें में पैसे ट्रान्सफर करना, लोगों को सौभाग्य योजना में बिजली प्रदान करना, लोगों को उज्वला योजना देना, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, ईडब्ल्यूएस कोटा निर्धारण, ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन के लिए नियम एवं सहायता, ई-श्रम एवं श्रम योगी योजना, समेत आज अनेकों योजना करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां मोदी सरकार की अनेकों रही है। आपदा में देश विदेश में बैठे सभी भारतीय को सरकार ने सुरक्षित पहुँचाया है।

साफ नियत और सभी के विकास की मूलभूत अवधारणा ने नरेन्द्र मोदी को सभी का चहेता बना रखा है। इनकी लोकप्रियता और प्रभावशाली कार्यशैली का आलम यह है की धुर विरोधी देश भी इनकी तारीफ कर रहें है। हलियाँ चाइना सरकार की ऑफिसियल न्यूज़ मीडिया ग्लोबल टाइम्स में मोदी की तारीफ कोई अतिश्योक्ति नहीं है बल्कि उनके द्वारा किये गए कार्यों की वजह से विवशतावस चाइना द्वारा स्वीकार किया जाना है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश मोदी के नेतृत्व, भारत का विकास और लिए गए बड़े निर्णयों की चर्चा और सराहना कर चुकें है। नरेन्द्र मोदी सरकार में भारत ने इतना कुछ प्राप्त किया है जिसका कई दशकों से आम जन को प्रतीक्षा रही। अब राजनैतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है और विपक्ष की एक जुटता कही न कही विवशता और उनकी कमजोरी को भी जाहिर करने लगा है क्योंकि दशकों से स्थापित और सत्ता पर काबिज पार्टी यदि अन्य दलों के साथ संगठित होने लगे तो विचारों और कार्यप्रणाली मुद्दों की पार्टियों में अंतर आम जन को दिखाई नहीं देगा, जिसके अस्तित्व पर राजनैतिक पार्टियों का का जन्म हुआ है।

अब यह कहा जा सकता है की एक दशक में मोदी ने यह जरुर सभी को सीखा दिया है की विकास क्या है और विकास को अवरोध करने के लिए एकजुट होने का उद्देश्य क्या है ? एक दशक के किये गए कार्यों और विदेशी मीडिया में मोदी की तारीफ और अपने देश के नागरिकों का विशेष ध्यान रखना उन्हें अवश्य ही महा पुरूषों के श्रेणी में खड़ा करती है। अटूट विश्वास, अनवरत कार्य करने की शक्ति, सभी के लिए सोचने और नियम बना कर व्यव्हार में लाने की तटस्थता नरेन्द्र मोदी को सभी के दिलों में स्थापित कर दिया है। जिन्हें भी इन तथ्यों और विचारों से असहमति हो उन्हें समय निकालकर नरेंद्र मोदी के एक दशक के कार्यकाल की सभी योजनाये, निर्णय, वैश्विक उपलब्धि का बिना पक्षपाती हुए अध्ययन करना चाहिए।

# राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। नियोजन विभाग द्वारा आयोजित की बैठक में प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रीगणों की उपस्थिति रही। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और फाइनेंस सेक्टर की कंसल्टिंग कंपनी डेलॉयट के प्रतिनिधियों ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

विगत साढ़े 06 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।



2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें

■ सीएम योगी ने की 'एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' के लिए जारी प्रयासों और परिणामों की समीक्षा

अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1 फीसदी रही, जबकि देश की विकास दर 18.4त्न रही। जबकि स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9.1 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 7.2 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9.8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14.3 फीसदी वृद्धि दर रही।

वर्तमान स्थिति में 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने के अनुमान हैं, वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। अपने कार्यो की और बेहतर प्लानिंग करनी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है। सभी को मिलकर सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना होगा।

हमारी योजना लक्ष्य के अनुरूप हो, इसके लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। विभिन्न सेक्टर की स्थिति के सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन करें। हमारे पास पोटेंशियल है। आज अनुकूल अवसर हैं। इसका पूरा लाभ उठाना होगा। आर्थिक बेहतरी के लिए तय लक्ष्यों के सापेक्ष नियोजन विभाग द्वारा हर महीने सभी विभागों की प्रगति समीक्षा होनी चाहिए।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह: 22 जनवरी को लखनऊ में बंद रहेंगी सभी मांस की दुकानें

**लखनऊ।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए लखनऊ मीट कारोबारियों ने इस दिन कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया है।

मीट कारोबारियों ने इस संबंध में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा और उन्हें फैसले की जानकारी दी। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय सचिव शहाबुद्दीन कुरैशी ने उप मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि हम सभी लोग अवधवासी हैं।

अवध क्षेत्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा में सद्भावना बनाये रखते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि दिनांक 22 जनवरी 2024 को बिल्लौचपुरा, सदर कैंट, फतेहगंज, लाटूश रोड लखनऊ के समस्त मीट व्यवसायी अपना कारोबार बंद रखेंगे। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ : स्वतंत्र देव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज यहाँ गोसाईगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत सरई गुदौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर आमजनमानस को इस यात्रा के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया, और विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए लगाये गए स्टालों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।

जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों को कंबल का वितरण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को शार्टिफ़िकेट भी बाँटा। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा इनसे लाभ लेने



■ देश के हर वर्ग के पात्र लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा

वाले हितग्राहियों से संवाद भी किया जाए। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है। देश के हर वर्ग के पात्र लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हर महीने देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त में राशन मिल रहा है, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 11 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश के 2 करोड़ 62 लाख किसानों को 6 हज़ार रुपए सालाना मिल रहा है, पीएमएवाई के तहत देश में 4 करोड़ पक्के आवास का निर्माण, उज्ज्वला योजना के तहत देश के 10 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश के 1 करोड़ 75 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन, आयुष्यमान भारत योजना से 55 करोड़ लोगों को इलाज की सुविधा दी जा रही है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एक समय ऐसा था कि देश एवं प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के लोगों को जरूरत भर के पानी के लिए तरसना पड़ता था।

# 'सोशल मीडिया का युवा पीढ़ी पर प्रभाव' विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के आठवें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे दीक्षोत्सव समारोह के तृतीय दिवस पर अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में 'सोशल मीडिया का युवा पीढ़ी पर प्रभाव' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कोर्सेज से भारी मात्रा में छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में जज के रूप में इतिहास विभाग से डा. पूनम चौधरी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से डा. शचींद्र शेखर तथा बी टेक विभाग से डा .शान ए फातिमा मंच पर मंचसीन रहे। भाषण प्रतियोगिता को सम्बोधित करते हुए डॉ. शचीन्द्र शेखर ने कहा कि आज की आधुनिकी के



इस दौर में युवाओं को सोशल मीडिया की महत्ता के बारे में बताया। डॉ. शेखर ने सोशल मीडिया तकनीकी के माध्यम से होने वाले प्रभाव पर भी विस्तार से प्रतिभागियों को बताया वहीं डॉ. शान फातिमा ने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया से सीखने की सलाह दी। इस कार्यक्रम की समन्वयक डा. पूनम चौधरी रहीं। सभागार में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

इसके उपरांत अटल सभागार में ही प्रधानमंत्री का विकसित भारत के ऊपर सजीव प्रसारण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## भाषा विवि में विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम हुआ जारी



**लखनऊ।** ख़ूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुई विभिन्न परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बताते चले कि सत्र 2023-24 की परीक्षाओं के परिणाम में परास्नातक के सभी विषयों की प्रथम छमाही, एलएलबी प्रथम छमाही, बीए एलएलबी प्रथम छमाही, पीजी डिप्लोमा (सीएमआई) प्रथम छमाही, यूजी डिप्लोमा (अरबी) और सर्टिफिकेट इन प्रोफिशिएंसी ऑफ फ्रेंच के परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in/results/ पर जाकर देख सकते हैं।

# कांग्रेस का इतिहास सबका साथ सबका विकास रहा : राजीव

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए कमर कसी!

अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली।** 'भारत जोड़ो यात्रा' के सफलतापूर्वक समापन के बाद अब कांग्रेस पार्टी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आरंभ कर रही है और साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के चलते कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने समस्त देश के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की। बैठक की शीर्षक 'हैं तैयार हम' रखा गया और इस बैठक में अपनी कमियों और आगे की रणनीति पर विचार और चर्चा की गई। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कामयाब बनाने तथा जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया। कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि हमारे पास 100 दिन का समय शेष है। इस दौरान हमें जनता से संपर्क करना है और भारतीय जनता पार्टी के देश विरोधी कार्य प्रणाली को भी





जनता के सामने बेनकाब करना है। यदि हम कांग्रेस का इतिहास भूल जाएंगे तो हम अंधेरे में ही भटकते रहेंगे। खेड़ा ने कहा इस देश को केवल सेकुलरिज्म ही बचा सकता है।

कांग्रेस का इतिहास सबका साथ सबका विकास रहा है राहुल गांधी ने कभी सेकुलरिज्म के खिलाफ कोई समझौता नहीं किया। वहीं हिमाचल कांग्रेस के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी ने न केवल कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में जान फूंकी है बल्कि इस विभाग को हर स्तर पर विस्तार देने का काम किया है। शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बनाने और खड़ा करने में अल्पसंख्यक समुदाय का अहम योगदान रहा है। इसमें जैन पारसी बौद्ध सिख ईसाई मुसलमान एवं तमाम लोगो को साथ लिया और देश के विकास में अहम योगदान दिया। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि देश की आजादी में अल्पसंख्यकों के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

कांग्रेस महासचिव तारीख अनवर ने कहां कांग्रेस ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का एक इतिहास रचा है। अल्पसंख्यकों को मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें सामान्य दर्ज देना कांग्रेस का उद्देश्य रहा है जबकि भारतीय जनता पार्टी इसका उलट करती चली आ रही है। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि केंद्र सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। इस अवसर पर कांग्रेस की

■ इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई

नवनियुक्त महिला विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा देश में एक नई जागरूकता पैदा करेगी और इसके द्वारा जो पैगाम समाज में जाएगा यदि हम इसे पहचाने में कामयाब हो गए तो देश का भाग्य बदल सकता है। कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी एवं अल्पसंख्यकों के प्रभारी के राजू ने इस मौके पर कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी ने जिस तेजी से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचा है और समय-समय पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने कांग्रेस के हर सम्मेलन धरने प्रदर्शन भारत जोड़ो यात्रा भारत जोड़ो मुशायरा भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन देश के कोने-कोने में आयोजित किया है।

# द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से हेल्थ कैंप का आयोजन



■ चेकअप के साथ मुफ्त दवायें की गयीं वितरित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन ने जयपुरिया के पास गरीब जुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए मुफ्त हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है कोई भी जरूरतमंद बीमार ना रहे। आज का यह कार्यक्रम इसी उद्देश्य के साथ किया गया।

आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शहाना सिद्दीकी, (सोशल एक्टिस्ट) र्ता (मोहम्मद अब्बास आलम (एम डी एंड को- फाउंडर, गैब्रियल कॉन्वेंट, असद रिज़वी स्वतंत्र पत्रकार) मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने कार्यक्रम को सारा और कहा कि जिस तरह से यह कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए किया जा रहे हैं इस तरह के कार्यक्रम हर क्षेत्र में होने की जरूरत है क्योंकि सबसे बड़ी जरूरत सेहत है सेहत के लिए इस तरह के मेडिकल कैंपों का आयोजन किया जाना बहुत ही जरूरी है और यह द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा कार्य काबिले तारीफ है।

इस मौके पर मेडिकल टीम में डॉ. मोहम्मद आसिफ, डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ. सै. अबुल कासिम रिज़वी, डॉ.अर्शीन अतहर, डॉ. महक बाकरी डॉ. मशियत फातिमा (राना क्लिनिक), उम्मे कुलसुम आइमा अतहर मौजूद रहीं।

वही द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वसीम अब्बास, सै अली हुसैन, फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक, फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद आलम, फाउंडेशन के उपाध्यक्ष शुजा तबातबाई, वली मिर्ज़ा, अल्मान हुसैन, शबी हैदर, आफताब मिर्ज़ा, अरमान हसन, इमरान अली, आदिल मिर्ज़ा मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में 56 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सत्यकान्त, संयुक्त निदेशक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के द्वारा किया गया तथा अपने वक्तब्य में कहा कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत लोगों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिसशिप मेले के द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ अल्पकालीन रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे है।

एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि मेले में आमंत्रित की गयी कुल 11 कम्पनियों में कुल 56 अभ्यर्थियों को रूपये 13000 से 25000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति

■ युवाओं को प्रशिक्षण के साथ अल्पकालीन रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे





फाइल फोटो

पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये। चयन से वंचित रह गये व्यवसाय वेल्डर, फिटर एवं इलेक्ट्रीशिन से आईटीआई 2022 एवं 2023 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयुसीमा 18 से 24 वर्ष के बीच हो वे 09 जनवरी को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित टाटा मोटर्स बॉडी सोल्यूसन लि, चिनहट, लखनऊ (टाटा मार्कोपोलो लि0, लखनऊ) में प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें 12471 रूपये प्रतिमाह दिया जायेगा।

# महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह में आबिदी प्ले स्कूल को बेस्ट प्ले स्कूल अवार्ड

अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** महिला सशस्तीकरण के लिए कार्य करने वाली अधिवक्ता आसिफा आलमी के सम्मान में एक कार्यक्रम का अयोजन शहर के गोल्डन पैलेस में किया गया जिसकी अध्यक्षता डा राना परवीन ने की और संचालन इस्लाम आलमी एड ने किया।

आरबीटीसी द्वारा उत्तर प्रदेश की 100 सशक्त महिलाओं में चयन होने वाली अधिवक्ता आसिफा आलमी ने अपने भाषण में कहा कि उन्होंने सामाजिक उत्थान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य किए है, आज वोह विशेष रूप से दहेज़ और शादियों में होने वाले गैर ज़रूरी अत्याधिक खर्च को कम करने के लिए कार्य कर रही है। आसिफा आलमी ने कहा की हमारे वैवाहिक कार्यक्रम में अत्याधिक खर्च हो रहा है जिसके चलते समाज के मध्यम वर्गीय लोग चिंतित है, हम सबको दहेज़ और



इस अत्याधिक व्यय के विरुद्ध लामबंद होना होगा। इस कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर नाशिर नकवी, महबूब ज़ैदी, शाज़िया आबिदी,हिना खान, मनसूर एड, सरताज आलम मंसूरी,डा राना परवीन आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आसिफा आलमी ने मुस्लिम कमेटी की महिला विंग बज्मे खुवातीन की 14 सदस्य टीम और अनम युसरा दिल्ली कोउनके कार्यो पर महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया, आबिदी प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य शाज़िया इमदाद को बच्चों की शिक्षा के सिलसिले में चाइल्ड एजुकेशन बेस्ट प्ले स्कूल सम्मान से सम्मानित किया गया। खेल के मैदान में विशेष योगदान पर सारा इमाम को स्पोर्ट्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक संस्था कारवाने खुलूस ने आसिफा आलमी को शाल पहना कर और फूलों का गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया। विशेष रूप से कार्यक्रम में नवाब मुराद अली खान, हाजी इकरार अंसारी, डा ज़फ़र महमूद, खालिद सिद्दीकी, हाजी खुर्शीद अनवर, उवैस मुस्तफा रिज़वी, फरहान खान, इस्तेजाब ज़ैदी आदि व अन्य लोग मौजूद थे।

# गणित प्रतियोगिता में अर्णव ने जीता गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्र अर्णव ने राज्य स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने अर्णव की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो.



गीता गाँधी किंगडन ने इन प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# प्रदेश के सभी जर्जर पुलों का ऑडिट होगा

## किसी तरह दुर्घटना होने पर अधिकारी होंगे सीधे जिम्मेदार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सभी जर्जर सेतुओं का ऑडिट कराया जाये और इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत की जाये। जर्जर सेतुओं की वजह से किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर अधिकारी सीधे जम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ सख्त से कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिकता पर सर्वप्रथम जर्जर पुलों के निर्माण का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाये। उसके बाद अन्य सेतुओं के प्रस्ताव प्रेषित किये जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में ग्रामीण सड़कों पर गड्ढे नहीं होने चाहिए। गांव एवं शहरों की नालियां ठीक हो और जल भराव की स्थिति नहीं आनी चाहिए।

लोक निर्माण मंत्री ने यह निर्देश निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में निर्माणाधीन परियोजनाओं का ख्याति प्राप्त संस्था से थर्ड पार्टी ऑडिट कराया



जाये, क्योंकि सड़क एवं पुलों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भूमि के अधिग्रहण की वजह से कई सड़कों के निर्माण में विलम्ब हो रहा है। अभियान चलाकर सड़क बनाने के लिए भूमि अधिगृहीत की जाये और अधिगृहीत सभी भूमि का लोक निर्माण विभाग के पक्ष में दाखिल खारिज भी कराया जाये, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाये। उन्होंने बैठक के दौरान सभी अनुरक्षण कार्यों की गहन समीक्षा की। सड़कों के सामान्य मरम्मत एवं विशेष मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता पर समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही धमार्थ मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा राज्य सड़क निधि के तहत सड़कों के निर्माण /सुदृढ़ीकरण को भी तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

बिलकिस बानो गैंगरेप मामला

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय महिला सम्मान के पक्ष में : माले

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में 11 दोषियों की रिहाई रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे महिला सम्मान के पक्ष में बताया है।

माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली गुजरात सरकार ने अमृत काल के नाम पर गैंगरेप के दोषियों को 2022 में रिहा करने का जो गलत व अपमानजनक फैसला किया था, उसे पलटकर शीर्ष अदालत ने न सिर्फ पीड़िता के साथ न्याय किया है, बल्कि इससे व्यापक लोकतांत्रिक जनमत का भी सम्मान हुआ है। अमृत काल के नाम पर भाजपा ने गैंगरेप के दोषियों को रिहाई देकर आधी आबादी का अपमान और दुस्साहस किया था। भाजपा को पीड़िता से और महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

# नौटंकी के क्षेत्र में अमित दीक्षित को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति केन्द्र और अखिल भारतीय ब्रज संस्कृति मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला सम्मेलन में लखनऊ के नौटंकी विधा के वरिष्ठ लेखक, अभिनेता, गायक और निर्देशक अमित दीक्षित को नौटंकी के क्षेत्र में अतुलनीय एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए 'इंटरनेशनल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अमित दीक्षित ने अपने चौक स्थित आवास में यह जानकारी दी। बहुमुखी प्रतिभा के धनी अमित को संगीत नाटक अकादमी सम्मान सहित देश के सरकारी और गैरसरकारी सम्मानों से भी विभूषित किया जा चुका है।

इनके लेखन, निर्देशन, संगीत निर्देशन और नृत्य के माध्यम से भारतवर्ष के लगभग हर प्रदेश और शहर में रंगमंच की प्रस्तुतियां विभिन्न राष्ट्रीय महोत्सवों सहित अन्य में प्रदर्शित की जा चुकी हैं।

# बी प्राक की एक झलक पाने को बेकरार हुए युवा, टूटी सैकड़ों कुर्सियां

## बी प्राक को सुनने-देखने आगरा, कानपुर, औरैया, मैनपुरी सहित अन्य जनपदों से लोग पहुँचे, प्रशासन के हाथ-पांव फूले

- एक घंटे में ही ख़त्म करना पड़ा कार्यक्रम
- जनपद के आला अधिकारी भी भीड़ को संभालने में जुटे

वहाज अली निहाल

**इटावा।** इटावा महोत्सव के समापन को यादगार बनाने के लिए देर रात मेगा बॉलीवुड नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जाने माने बॉलीवुड और पंजाबी सिंगर प्रतीक बच्चन बी प्राक के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिंगर बी प्राक को सुनने व देखने के लिए हजारों की तादात में युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। उम्मीद से अधिक भीड़ पहुंचने के चलते बी प्राक का कार्यक्रम महज एक घंटे में ही जिला प्रशासन की ओर से समाप्त करवा दिया गया। रात 8 बजे से होने वाले आयोजन के लिए शाम 5 बजे से ही महोत्सव पंडाल के अंदर हजारों की तादात में लोग अपने फेवरेट सिंगर बी प्राक को सुनने के लिए वहां मौजूद थे। पुलिस और प्रशासन को भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। शनिवार को आगरा, कानपुर, औरैया, मैनपुरी समेत अन्य जिलों से लोग बी प्राक को सुनने इटावा महोत्सव पंडाल पहुंचे थे। महोत्सव पंडाल में 2018 में हुए मेगा बॉलीवुड नाईट में लंबे समय के बाद इतनी भीड़ मौजूद दिखाई दी। 5 हजार की क्षमता वाले पंडाल में करीब 15 हजार लोग पहुंचने से अफरातफरी मच गई। इसी के साथ पंडाल के बाहर भी हजारों की तादात में युवा कार्यक्रम समाप्त होने तक डटे दिखाई दिए। पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम होने के बावजूद भी पंडाल में रखी गयीं 400 कुर्सियां टूट गई। शनिवार रात इटावा महोत्सव में देश के नामी और युवाओं के पसंदीदा सिंगर प्रतीक बच्चन उर्फ बी प्राक मेगा बॉलीवुड नाईट में शामिल होने पहुंचे थे। हजारों की तादाद में बी प्राक के चाहने वाले लोग महोत्सव पंडाल पहुंचे। जिला प्रशासन के तमाम इंतेजामात भीड़ के आगे धराशाई दिखाई दिए। बी प्राक को सुनने के लिए आसपास के जिलों के अधिकारी और आम जनता पहुंच गई थी। अनुमान है कि करीब 20 से 25 हजार श्रोता बी प्राक को सुनने के लिए पहुंचे थे। जिला प्रशासन ने जितने भी इंतेजमात किए थे, भीड़ के आगे सारे फेल दिखाई दिए। कार्यक्रम रात 8.23 बजे शुरू होकर 9.23 बजे ही समाप्त कर दिया गया। जिला प्रशासन भीड़ को काबू करने में ना कामयाब दिखाई दिया। पंडाल में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पंडाल कर्मचारी टूटी हुई कुर्सियों को समेटते दिखाई दिए। एक कर्मचारी ने बताया कि करीब 400 कुर्सियां टूट गई। भीड़ अधिक होने के चलते पंडाल में बैरिकेडिंग के साथ ही परदे आदि को भी फाड़ दिया गया।



### वीआईपी और मीडिया को भी किया अनदेखा, जताया रोष

**इटावा।** कार्यक्रम के आयोजन के दौरान पुलिस और प्रशासन की फेल व्यवस्थाओं के चलते मीडिया कर्मी भी जद में आ गए। कई मीडिया कर्मियों के साथ पुलिस सुरक्षाकर्मियों द्वारा अभद्रता करने के आरोप भी लगे हैं। जिला प्रशासन ने अपने करीबियों और परिवारीजनों की व्यवस्थाओं के आगे मीडिया कर्मियों को बैठना तो दूर खड़े होने के लिए स्थान तक मुहैया नहीं करवाया, जिसको लेकर स्थानीय मीडिया में जिला प्रशासन के प्रति खासा रोष भी दिखाई दिया। वीवीआईपी और वीआईपी पास लेकर हजारों लोग प्रदर्शनी में पंडाल में प्रवेश करने के लिए घूमते नजर आए। लेकिन पंडाल की क्षमता से तीन गुना भीड़ पंडाल में बी प्राक को सुनने के लिए वहां पहुंची थी। जिस कारण हजारों लोग अपने-अपने वीवीआईपी और वीआईपी पास लिए बाहर ही खड़े नजर आए। इसी बात को लेकर लोगों ने प्रशासन की व्यवस्था के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

### एक झलक और सेल्फी लेने को उमड़े लोग भांजी लाठी

**इटावा।** बी प्राक को देखने और फोटो लेने के लिए पूरे दिन उनके फैंस अतिथि विशिष्ट सुमेर सिंह किला वन विभाग गेस्ट हाउस पर मौजूद रहे। हालांकि सुरक्षा दृष्टि के चलते लोगों के फोटो सेशन तो दूर बी प्राक को देखना भी वहां संभव नहीं हो सका। इस बीच भीड़ अधिक होने और कार्यक्रम के दौरान उन्हें पंडाल तक ले जाने के लिए पुलिस को दो बार लाठियां भी फटकारनी पड़ी इसके चलते भगदड़ की स्थिति बन गई हालांकि इन सबके बावजूद हजारों श्रोताओं ने और खास तौर पर युवतियों ने पंडाल के अंदर बी प्राक के गीतों पर जमकर झूमती और आनंद लेती भी दिखाई दी।

### जिला जज, सांसद समेत कई वीवीआईपी हुए परेशान

**इटावा।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच अत्यधिक भीड़ के चलते सभी गैलरी में लोगों की भीड़ व पुलिस की मौजूदगी के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिला जज चवनप्रकाश समेत सांसद प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया उनके परिजनों को अपने सोफे तक पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा डीएम व अन्य अधिकारियों के परिवारीजन भी कड़ी मशक्कत के बाद जब अपने सोफे तक पहुंचे तो वहां जगह न होने पर उनके लिए अलग से डी ब्लॉक में सोफे और कुर्सी आदि लगाये गये। वही अधिकांश गैलरी में जो लोग वीवीआईपी पास लेकर पहुंचे थे उनके आगे भी लोगों के खड़े हो जाने से लोगों को कार्यक्रम खड़े होकर देखना पड़ा।

### बैक टू बैक गीतों पर थिरके युवा, खराब गले के बावजूद बी प्राक ने मचाया

**इटावा।** रूह मेरी तड़पेगी जानी दिल भी रोयेगा.....मैंनू तेरा मन भरया....तेरी मिट्टी में मिल जावा.., मैं किसी और का हूं फिलहाल कि तेरा हो जाऊं.., सारी दुनिया जला देंगे.., दिल तोड़ के हंसती हो मेरा बफाएं मेरी याद करोगी.., मेरी जिंदगी से जाने का क्या लोगे तुम.., सब कुछ लुटा देंगे सारे होश गंवा देंगे अगर तुझे हो गया कुछ सारी दुनियां जला देंगे, जैसे बैक टू बैक गानों के जरिए बॉलीवुड व पंजाबी सिंगर बी प्राक में महोत्सव मंच पर जमकर धमाल मचाया। तेज संगीत और झिलमिलाती लाइटों के साथ उन्होंने खराब गले का हवाला देते हुए लोगों से साथ में गाने के अपील की। जिसके बाद युवा ने जमकर उनके साथ गीत गुनगुनाये और थिरके। इटावा महोत्सव की अंतिम मेगा बॉलीवुड नाइट यादगार रही न सिर्फ भीड़ के लिए बल्कि कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर प्ले सिंगर बी प्राक की प्रस्तुति लोगों के दिलों में उतर गई। आयोजन के लिहाज से पिछले कुछ वर्षों में जहां कई मशहूर हस्तियों ने इटावा महोत्सव के मंच पर अपनी प्रस्तुति दी है ऐसे में बी प्राक के आने से न सिर्फ युवाओं में एक नया जोश देखने को मिला बल्कि इस कार्यक्रम को लेकर लंबे समय से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा था। सोशल मीडिया के साथ ही शहर में भी जगह-जगह होडिंग, पोस्टर आदि लगाकर लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने के अपील की गयीं थी और उसी के साथ बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचे थे इटावा और आसपास के जिलों से भी युवा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, हालांकि कार्यक्रम में अवव्यवस्था के चलते कम समय में ही कार्यक्रम खत्म हो गया इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डॉ राम शंकर कठेरिया व सिंगर बी प्राक में खुद ही दीप प्रज्ववलन कर किया साथ में कार्यक्रम के संयोजक विवेक यादव आदि मौजूद रहे। मंच पर बी प्राक के साथ आए बैंड ने भी जमकर धमाल मचाया, इसके अलावा एंकर आयुषी वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### डीएम अधिकारियों के साथ भीड़ को संभालने में जुटे

**इटावा।** जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ वैसे ही बी प्राक के युवा फैन्स बेकाबू हो गए। एक झलक पाने को युवा खचाखच भरे पंडाल में किसी भी तरह अंदर प्रवेश करना चाह रहे थे। वी आई पी गेट से निकलकर जिलाधिकारी अवनीश राय के साथ एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम, अपर पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ भीड़ को संभालने में जुटे रहे।

### एसएसपी को खुद रेलिंग फांदकर संभालना पड़ा मोर्चा

**इटावा।** कहने को तो पूरे पंडाल में एसपी सिटी, एसपी क्राइम एसपी ग्रामीण समेत कई सीईओ, थानाध्यक्ष व बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था लेकिन इसके बावजूद बढ़ती है अवव्यवस्था के चलते एसएसपी संजय कुमार वर्मा को खुद ही रेलिंग फांदकर मोर्चा संभालना पड़ा। दरअसल बेकाबू हो रही भीड़ और अवव्यवस्था के चलते प्रशासन की भी सांस अटकी हुई थी लिहाजा कार्यक्रम को जल्द से जल्द खत्म करना पड़ा। लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कई बार धक्कामुक्की भी की, साथ ही लाठियां भांजकर लोगों को शांत रहने के लिए कहा गया।

### दीवार कूदकर अंदर पहुंचे लोग, पुलिस ने दौड़ाया

**इटावा।** पास न होने और बाद में पहुंचने वालों की बड़ी तादाद के चलते लोग अंदर नहीं जा सके। प्रशासन ने वीआईपी एंट्री के लिए बनाए गए गेट नंबर 2 को बंद कर दिया ऐसे में जो लोग बाहर रह गए वह अंदर जाने के लिए उत्साहित थे लिहाजा उन्होंने बुद्धा पार्क के साथ ही जहां से भी जगह मिली दीवार फांदकर पंडाल में पहुंचने का प्रयास किया जब तक पुलिस इस ओर पहुंचती तब तक बड़ी संख्या में युवा अंदर कूद गए थे लिहाजा पुलिस ने भी उन्हें दौड़ा लिया। जिसके चलते काफी देर तक अफरा तफरी मची रही, कुछ इसी भगदड़ के बीच एलईडी स्क्रीनों के सामने रखी कुर्सियों पर युवाओं ने अपना गुस्सा निकाला। साथ ही पंडाल के पर्दों को भी फाड़ दिया।

### महिलाओं से हुयीं धक्का मुक्की

**इटावा।** बी प्राक के कार्यक्रम को लेकर संख्या में आसपास के जिलों से भी लोग पहुंचे थे। ऐसे में सुमेर सिंह किले पर पहुंची कानपुर की दो युवतियों ने अपने साथ अभद्रता का आरोप लगाया। उनका कहना था कि उन्हें आयोजन से जुड़े इवेंट कंपनी की ओर से आमंत्रित किया गया था ऐसे में वह बी प्राक से मिलने यहां आई थी लेकिन किले के गेट पर ही उनके साथ गार्ड ने अभद्रता की और धक्का मुक्की करते हुए उन्हें वहां से जाने के लिए कह दिया। कानपुर से आयीं प्रिंसी कमल व फरीन शाह ने खुद को मॉडल बताते हुए कहा कि उन्हें विशेष रूप से मिलने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बावजूद उनके साथ अभद्रता की गई।

### बेहिसाब बांटे पास, नहीं लगाया भीड़ का अनुमान

**इटावा।** इटावा महोत्सव समिति के साथ ही जिला प्रशासन व कार्यक्रम के संयोजकों ने बिना किसी अनुमान के बड़ी संख्या में पास वितरित किए थे। निःशुल्क व्यवस्था के साथ ही तीन रंग के पास छपवाये गए थे जिससे जिसमें अतिविशिष्ट लोगों के लिए काले रंग के लिफाफे में पास रखे गए थे जबकि लाल व नीले रंग के सामान्य पास उपलब्ध कराए गए थे बड़ी संख्या में पास बाटने के बावजूद न तो भीड़ के आने का आकंलन किया गया और न ही उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। पंडाल में महज 2700 कुर्सियां लगाई गई थी। यही कारण है की बड़ी संख्या में लोग पास लेकर भी एंट्री नहीं ले पायें लिहाजा उनमें गुस्सा देखने को मिला वहीं जो लोग बिना पास के अथवा पास होने के बावजूद अंदर नहीं पहुंच सके उन्होंने ही कुर्सियों को तोड़कर अपना गुस्सा जाहिर किया। दरअसल प्रशासन अतिथियों के अलावा अपने परिवारीजनों के प्रति अधिक व्यवस्थाओं में लगा रहा जिसके चलते आम जनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली विभाग के जे.ई. के खिलाफ की नारेबाजी

**गोवर्धन (मथुरा)।** बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। आपको बताते चलें कि यह मामला सोंख देहात के नगला आशा का है। जहाँ ट्रांसफ़ार्मर को फुके हुये कई दिन व्यतीत हो गये है। गांव वालों ने इसे लेकर विभाग के जेई से मिलकर सही कराने की मांग भी की मगर ट्रांसफ़ार्मर अभी तक सही नहीं हुआ। जिसके चलते ग्रामीणों को अँधेरे में रहना पड़ रहा है वहीं ग्रामीणों ने बताया की ट्रांसफ़ार्मर में डबल फेस करंट प्रवाहित होने सें घरों में इलेक्ट्रिक सामान भी खराब हो गया है वही ग्रामीणों द्वारा जेई पर गंभीर आरोप लगाते हुए चौथ वसूली का आरोप भी लगाया है और कहा की जेई साहब आये दिन केम्प लगाकर बिल वसूली तो करते हैं। मगर अब उनका फुका हुआ ट्रांसफ़ार्मर सही नहीं कराया जा रहा अगर जल्द ही उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वो उच्च अधिकारियों के सामने यह समस्या लेकर जायेंगे। इस मौके पर भरत सिंह, रामवीर सिंह ,लाल सिंह ,वीरी सिंह, सागर कुमार ,वीरपाल ,साहब सिंह फौजी ,राधेश्याम आदि लोग उपस्थित रहे।

### सातवां पंज कुंडीय सहस्र कुंडी महायज्ञ 12 जनवरी से

**मथुरा।** जगत जननी मां काली का सातवां पंच कुंडीय सहस्त्र महायज्ञ का आयोजन विद्वान पंडितों की सानिध्य में किया जाना है। इस संबंध में डॉ रमन टंडन मीडिया प्रभारी श्री सिद्ध पीठ काली मां मंदिर ने पत्रकारों को बताया 12 जनवरी को श्री विश्राम घाट पर सभी यजमानों का विद्वान पंडितों के द्वारा देह शुद्धिकरण कराया जाएगा जिसमें 10 विद्य यमुना में स्नान कराकर यमुना पूजन किया जाएगा इसके उपरांत भव्य काली माता की यात्रा और कलश यात्रा निकाली जाएगी जो विश्राम घाट से चलकर श्री सिद्ध पीठ काली मंदिर कैंट मथुरा पर संपन्न होगी इस दौरान जगह-जगह पर कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा। मंदिर परिसर पर यज्ञआचार्य पंडित देवदत्त शास्त्री जी उर्फ देवो के निर्देशन में 51 विद्वान पंडितों के द्वारा शास्त्रोक्त एवं वेदांत पूजन एवं यज्ञ का कार्यक्रम होगा इसके पश्चात आरती और यज्ञ वेदिओं की आरती और पुष्पांजलि का कार्यक्रम होगा। 20 जनवरी को पूर्ण आहुति दिन में 3 बजे दी जाएगी। तत्पश्चात शाम के वक्त भोग प्रसाद और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान यज्ञ आचार्य देवदत्त शास्त्री मंदिर के महंत दिनेश चौबे नौघर वाले, अनु चतुर्वेदी, इंजीनियर बलवीर सिंह के अलावा अन्य यजमान मौजूद थे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग का कोल्ड ड्रिंक प्लांट पर छापा

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी को रोकने के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में शेरगढ़ कोसीकला क्षेत्र में स्थित वृंदावन एग्रो कोल्ड ड्रिंक प्लांट पर छापा मार करवाई की गई प्लांट का सघन निरीक्षण करने के उपरांत कोल्ड ड्रिंक बनाने में प्रयुक्त होने वाली चीनी तथा सोडा वाटर एवं स्प्राइट ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक का एक-एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया। उसके बाद टीम एनएचडब्ल्यू कोसीकला स्थित शिव ऑयल मिल पहुंची जहां ऑयल मिल का निरीक्षण करने के उपरांत सरसों तेल के तीन नमूना जांच हेतु संग्रहित किए गए साथ ही फर्म संचालक को परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा गजराज सिंह, अरुण कुमार, धर्मेंद्र सिंह ,भारत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य सहायक ताराचंद धारिया उपस्थित रहे।

### अंग्रेजी नववर्ष माता रानी पंचांग कैलेंडर का विमोचन

**मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के कैंप कार्यालय जगन्नाथ पुरी पर प्रमुख व्यवसायी पप्पू गौतम अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंग्रेजी नव वर्ष माता रानी पंचांग कैं लेंडर का विमोचन संस्थान अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा, सचिव नारायण प्रसाद शर्मा, दिलीप कुमार पांडे विवेक उपाध्याय, भार्गव सभा के अध्यक्ष श्याम भार्गव, सुरेंद्र मुकुट वाले, मुरलीधर शर्मा, पंकज शर्मा द्वारा किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि यह कैलेंडर ज्योतिषाचार्य सुरेश चांद वशिष्ठ द्वारा संपादन किया गया है। प्रभादीप, पुणे निवासी प्रदीप पंत द्वारा यह कैलेंडर हर वर्ष संस्थान की नेतृत्व में विप्रों को निःशुल्क वितरण किया जाता है। सचिव नारायण प्रसाद शर्मा बताया कि कैलेंडर में तिथि, बार, नक्षत्र, राहुकाल गणना, प्रत्येक राशि का पूरे वर्ष का फलादेश , दूध, लेवर इत्यादि हाजिरी रखने की व्यवस्था की गई है। विमोचन कार्यक्रम में महेश चंद्र शुक्ला, अनुराग पाठक, मुरलीधर शर्मा, दिलीप पांडे, श्याम भार्गव, सुरेंद्र मुकुट वाले आदि उपस्थित थे।

# अधिकारीगण लाभार्थियों का फीडबैक भी लें

## ज़िलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील ताखा में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 08 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### गैंगस्टर की करीब दो करोड की संपत्ति जब्त

**मथुरा।** थाना गोविन्दनगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर अधिनियम की कार्यवाही करते हुए अभियुक्त की एक करोड़ 96 लाख 34 हजार की सम्पत्ति की कुर्क की गयी। अभियुक्त महेश वशिष्ठ पुत्र मोहनश्याम निवासी प्लाट नम्बर 71 श्री राधापुरम एस्टेट एक्सटेंशन, मौजा गणेशरा थाना हाइवे जिला मथुरा की एक करोड़, 96 लाख 34 हजार करोड की सम्पत्ति कुर्क की गयी। जिसमें अभियुक्त महेश वशिष्ठ की पत्नी प्रीती वशिष्ठ के नाम पर दर्ज संपत्ति भी शामिल है। मोहल्ला में प्लाट मकान 71, श्री राधा पुरम एस्टेट एक्सटेंशन, मौजा गणेशरा, प्लाट एवं भवन संख्या प्लॉट नम्बर 71 ( आवासीय प्लाट तीन मंजिला) संपत्ति का क्षेत्रफल 167.35 वर्ग मीटर, भूमि की मालियत 1,96,34,000 तथा कुल लागत 1,96,34,000 रुपये आंकी गई है। कार्यवाही के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक कुंवर आकाश सिंह, एसआई आनंद कुमार थाना हाईवे मथुरा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# निर्वाचित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए

अवधनामा संवाददाता

**इटावा।** समाजवादी शिक्षक सभा इटावा की नव निर्वाचित जिला कार्यकारिणी का मनोनयन पत्र वितरण समारोह भरथना रोड इटावा स्थित आशीर्वाद पैलेस में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल ने कार्यकारिणी के निर्वाचित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए। मनोनयन पाने वाले जिलाध्यक्ष डॉ उपेंद्र यादव, जिला महासचिव चेतन जैन, कोषाध्यक्ष गौरव शाक्य, जिला प्रवक्ता चंद्र प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष देवेंद्र शाक्य, आहुतीश यादव, गौरव भदौरिया, लवलेश यादव, सचिव रीतेश चतुर्वेदी, स्वर्ण सिंह, संजीव यादव, शरद यादव, खुशीराम शाक्य, हिंद लाल मौर्य, हरचरण सिंह जाटव, सर्वेश यादव, अभिलाख सिंह, अनुराग यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य पद पर बलराम शाक्य, अशोक कुमार रावत, कृष्णकांत, सुनील कुमार, नेम सिंह, मदन सिंह, धर्मेश राजपूत, मनोज यादव, सौरभ संखवार, विजयपाल सिंह, राहुल यादव, नितिन यादव, भानु प्रताप सिंह, अजय यादव श्रीमती सिया देवी, सुरजन प्रसाद, गंगा सिंह, पी राम, पवन सिंह यादव, अध्यक्ष विधान सभा भर्थना विभाकर यादव, रजनीश कुमार अध्यक्ष विधानसभा जसवंतगर एवं योगेंद्र सिंह को अध्यक्ष विधानसभा इटावा मनोनीत किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एसपी सिंह पटेल ने की। इस अवसर पर समारोह को प्रमुख प्रदेश महासचिव डॉ कमलेश यादव, प्रदेश सचिव संजय समर्थ, प्रदेश महासचिव रवि प्रताप सिंह, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, प्रो शिवराज सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह पटेल, प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ कमलेश यादव, पूर्व राज्य मंत्री मो इरशाद सहित मुख्य अतिथि अभिषेक यादव ने संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने सभी पदाधिकारियों से समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन करते हुए शिक्षकों के हर



संघर्ष में सदैव साथ खड़े रहने का वादा किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह पटेल ने पांच-पांच सदस्यीय टीम/टोली बनाकर एवं प्रत्येक माह महासभा

की बैठक करने का निर्देश देते हुए आगामी 24 के चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास यादव प्रवक्ता जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता ओमकार यादव, डॉ उमेश यादव प्रधानाचार्य, जगदीश सिंह प्रधानाचार्य, डॉ अमिता यादव प्रधानाचार्य, डा शिव कुमार प्रधानाचार्य, सत्येंद्र कुमार यादव प्रधानाचार्य, संजीव कुमार यादव प्रदेशीय मंत्री, उमेश राजपूत डुल्ले अध्यक्ष विधानसभा इटावा, राजेश यादव पूर्व प्रधान, अशोक यादव पूर्व प्रधान सहित अन्य गणमान्य समाजवादी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने डीएम से की मुलाकात

## 8 सूत्रीय मांग पत्र देकर पत्रकारों की सुरक्षा व संरक्षण की मांग की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद के पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने हेतु राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के तत्वाधान में दिनेश पंकज के नेतत्व में एक पत्रकार प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर मथुरा जिले के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ पहुंचा जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा, और मथुरा जिला उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी सहित तमाम साथियों ने पहुंच कर जिलाधिकारी को अवगत कराया। सर्व विदित है कि भारतीय संविधान के चार स्तम्भों में से एक मीडिया को बताया गया है। जिसका मुख्य कार्य जनता और सरकार के मध्य संचार का माध्यम मात्र नहीं है, सरकारी योजनाओं को लोगों के मध्य तक पहुचाने के साथ जनता की समस्याओं को भी सरकार को अवगत कराना है। जो पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन सदेव करते रहे हैं। जिसके बदले ना सरकार से ना ही जनता द्वारा कोई मानदेय पत्रकारों को दिया जाता। पत्रकार बिना लोभ लालच के अपने कर्तव्यों का निर्वहन लगन के साथ करते रहता है। उसे अगर जनता और सरकार से चाहता है, सिर्फ सम्मान और सुरक्षा, जिसका बीते परिदृश्य में कुछ अभाव देखने को मिल रहा है जिसके कारण कलमकार अपने आप को असहज महसूस करने लगा है। पत्रकारों की असहजता को दूर करने हेतु राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 आपसे सहयोग की आशा रखता है, इसी संदर्भ में कुछ विंदुवार पत्रकारों की मूलभूत समस्या को दूर कर उनके कर्त्तव्य पथ को निष्कंटक किया जाने की आवश्यकता है। इसी संबंध में एक मांग पत्र के माध्यम से निम्नलिखित ज्ञापन जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को दिया गया जिसमें , प्रिंटमीडिया के सम्मानित पत्रकारों को नियमानुसार सरकारी मान्यता पत्रावलियों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए। प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के सभी पत्रकारों का पंजीयन और नाम सूचना विभाग में दर्ज हो, सभी प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों का सत्यापन कराना सूचना विभाग की जिम्मेदारी बने। सूचना विभाग सभी पत्रकारों के साथ समान रूप व्यवहार करें पत्रकारों के लंबित मामलों को त्वरित निस्तारित करें।, सभी पत्रकारों का सूचना विभाग द्वारा सत्यापन होने के बाद उनका दस लाख रुपये का एक्सीडेंटल बीमा सरकारी खर्च पर हो, पत्रकारों के खिलाफ अगर कोई आरोप लगता है तो संगठनों को अवगत कराकर वरिष्ठ पत्रकार और सक्षम अधिकारियों की टीम गठित कर निष्पक्ष जाच प्रकिया पूर्ण होने तक कोई कार्यवाही न हो। गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों के परिवारो को भी शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा सरकारी खर्जे पर हो। लंबे समय से पत्रकारों द्वारा जनपद मुख्यालय पर प्रेस क्लब की मांग को मानते हुए एक आधुनिक प्रेस क्लब का आवंटन किया जाये। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वाले पत्रकारों में मुख्यरूप से मथुरा के वरिष्ठ पत्रकारों दिनेश आचार्य, पंकज शर्मा, नंद किशोर शर्मा, तेज सिंह, शैली अग्रवाल, मुकेश सिंह, मोहन श्याम, जगदीश चौधरी, सतेंद्र शर्मा, आदित्य वर्मा, आरती शर्मा, प्रवीण मिश्रा, हेतराम, अरविंद शर्मा, विकास शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंगल, अनिल कुमार , बीपीएस खुराना, बंटी कुमार सोनम कुमारी, रवि कुमार,आदि तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

### 22 जनवरी का दिन को रामराज्य दिवस व सार्वजनिक अवकाश घोषित हो

**मथुरा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक में मंडल के सदस्य व पदाधिकारियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 22 जनवरी के दिन को राम राज्य दिवस÷ व सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। बैठक में मंडल अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष निधि अग्रवाल व जिला महामंत्री मनोज अग्रवाल ने कहा कि 22 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व अभिषेक किया जाएगा। व्यापारियों में इस उपलक्ष में पूरा उत्साह व उमंग है। इस तिथि को सदैव जीवंत रखने के लिए इस दिन को÷ राम राज्य दिवस÷ के नाम से तथा 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। जनवरी से 22 जनवरी तक देश व प्रदेश के व्यापारी घर-घर राम व दुकान दुकान राम के कार्यक्रम में उत्साह उमंग के साथ भाग लेंगे।

# सपा कमेटी का विस्तार तीन उपाध्यक्ष, 17 सचिव बनाए गए




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने रविवार को अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। उन्होने तीन उपाध्यक्षों के अलावा 17 सचिव बनाए है। कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होने इसकी जानकारी दी। जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने बताया कि आशीष राजपूत नरेंद्र सिंह कुशवाहा व सिग्रेश यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा उन्होने क्षेत्रीयता का ध्यान रखते हुए 17 लोगों को सचिव बनाया है। इसके अलावा उन्होने लाइन पार का नगर अध्यक्ष अवनीश कुशवाहा नगर अध्यक्ष इकदिल नरेंद्र दोहरे को नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी को नगर अध्यक्ष बकेवर ज्वाला कठेरिया को बनाया गया है। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्षों में राम बीर सिंह यादव को जसवंत नगर, बढपुरा प्रथम से शेखर राजपूत को बढपुरा द्वितीय से अनिल मिश्रा बसरेहर ब्लॉक से नितिन यादव चकर नगर से मुन्ना सिंह राजावत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रेस वार्ता में जिला महासचिव बीरू भदौरिया के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व क्रिकेटर ने भारतीय सेलेक्शन पर उठाए सवाल, पूछा- शिवम दुबे को मौका लेकिन ईशान किशन कहां है?

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इसी कड़ी में आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के स्क्वॉड में नहीं होने पर सवाल उठाए हैं।



अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। एक साल बाद कप्तान रोहित शर्मा की टी20 क्रिकेट में वापसी हुई है। विराट कोहली भी वापस आए हैं। दोनों ने एक साल पहले यानी साल 2022 के नवंबर में आखिरी टी20 मैच खेला था। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 स्क्वॉड में कई बदलाव देखने को मिले हैं, कई खिलाड़ियों को आराम मिला है तो कुछ की वापसी देखने को मिली है। लेकिन इसी कड़ी में पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने टीम सेलेक्टर पर सवाल उठाए हैं।

दरअसल, आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए श्रेयस अय्यर के स्क्वॉड में नहीं होने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि, श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए उपकप्तान के रूप में नामांकित किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के खिाफ भी टीम का हिस्सा थे, अब अफगानिस्तान के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली?

साथ ही आकाश चोपड़ा ने शिवम दुबे के स्क्वॉड में होने को लेकर कहा कि वह अंदर क्यों हो रहे हैं। उन्होंने लिखा कि, शिवम दुबे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर टीम में थे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चुने नहीं गए थे। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 स्क्वॉड में उनकी वापसी? पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने ईशान किशन के टीम में नहीं होने पर सवाल किया है। बता दें कि, ईशान किशन को साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चुना गया था लेकिन जितेश शर्मा को प्लेइंग 11 में जगह दी गई। ईशान किशन ने अचानक साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लिया। खबरों में इसके पीछे कारण सामने आया कि वह लगातार ट्रेवल के कारण थकान महसूस कर रहे हैं और आराम करना चाहते हैं।

आकाश चोपड़ा ने ट्वीट में ईशान किशन को लेकर लिखा, इसके अलावा ईशान किशन कहां हैं? उसकी उपलब्धता पर कोई खबर?

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान) शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाओं में से केवल एक में जीत दर्ज की है जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने एकमात्र श्रृंखला 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी और इस टीम के खिलाफ उसकी उपलब्धियों में यह शीर्ष पर है। भारत ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड नौ विकेट से हराया था लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। भारतीय कप्तान सभी प्रारूपों में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही है।



वह पिछली 11 पारियों में सात बार दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रही हैं। दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन भारत को जीत दिलाने में नाकाम रहीं। उन्होंने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरुआती दो विकेट भी चटकाए लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए नाकाफी थी। शुरुआती दो टी20 मुकाबलों की पिच पर बल्लेबाजों को स्वच्छंद होकर खेलने का मौका नहीं मिला है विशेषकर पहली पारी में जिससे गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला।

रविवार को दूसरे टी20 में मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा, ''यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है।'' दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी। उन्होंने कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था। गेंद टर्न के साथ-साथ (पिच पर टप्पा खाने के बाद) धीमी रह रही थी। मुझे लगता है कि हमने लगभग 15 रन कम बनाए।

***टीम इस प्रकार हैं***

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सेइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि।

ऑस्ट्रेलियाः डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम।

# ब्राजील ने महान फुटबॉलर मारियो जगालो को अंतिम विदाई दी

ब्राजील में महान फुटबॉलर मारियो जगालो को अंतिम विदाई दी जब एक खिलाड़ी और मैनेजर दोनों के रूप में विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति को रियो डी जिनेरियो कब्रिस्तान में दफनाया गया।

खिलाड़ियों और कोचों ने रविवार को ब्राजील में महान फुटबॉलर मारियो जगालो को अंतिम विदाई दी जब एक खिलाड़ी और मैनेजर दोनों के रूप में विश्व कप जीतने वाले पहले व्यक्ति को रियो डी जिनेरियो कब्रिस्तान में दफनाया गया। जगालो ने अपने स्वभाव और कौशल से वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल की। रविवार को श्रद्धांजलि की शुरुआत सार्वजनिक सभा के साथ हुई और ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के संग्रहालय में दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में निजी तौर पर अंतिम संस्कार हुआ। बाद में उनके ताबूत को एक दमकल गाड़ी पर रियो ले जाया गया। यह



ताबूत फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा, दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कोनमेबोल और सीबीएफ के झंडों से ढका हुआ था। साओ जोआओ बतिस्ता कब्रिस्तान में पहुंचने पर ताबूत पर केवल ब्राजील का राष्ट्रीय ध्वज था।

इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ दर्जनों प्रशंसक और महान फुटबॉल काफू जैसे पूर्व खिलाड़ी जगालो को विदाई देने पहुंचे। जगालो ने खिलाड़ी के रूप में 1958 और 1962 में दो विश्व कप जीते। वह 1970 में कोच और 1994 में सहायक कोच के रूप में भी विश्व कप जीतने में सफल रहे। शुक्रवार देर रात 92 साल की उम्र में कई अंगों के काम करना बंद करने के कारण उनका निधन हो गया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि क्रिसमस के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## आईपीएल : 2024 में सूर्यकुमार यादव के खेलने पर सस्पेंस, सर्जरी के लिए जर्मनी जाएंगे

सूर्यकुमार यादव को स्पोर्ट्स हार्निया है और उसके इलाज के लिए उन्हें जर्मनी भेजा जा रहा है। इस बीच सूर्यकुमार मुंबई के लिए घरेलू मुकाबलों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इन दिनों वह बेंगलुरू में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब में रह रहे हैं। सूर्यकुमार यादव की चोट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मुंबई इंडियंस के घातक बल्लेबाज को सर्जरी कराने के लिए विदेश भेजा जा रहा है। ऐसे में आईपीएल 2024 में उनकी उपस्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, उनकी रिकवरी के लिए दिया गया समय भी सामने आ गया है। दुनिया के टॉप टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को स्पोर्ट्स हार्निया है और उसके इलाज के लिए उन्हें जर्मनी भेजा जा रहा है। इस बीच सूर्यकुमार मुंबई के लिए घरेलू मुकाबलों में शामिल नहीं हो सकेंगे। इन दिनों वह बेंगलुरू में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब में रह रहे हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि, स्काई को हाल ही में स्पोर्ट्स हार्निया का पता चला था।

# वरुण तोमर और ईशा ने एशियाई निशानेबाजी क्वालीफायर में 10 मीटर स्वर्ण के साथ ओलंपिक कोटा हासिल किया

वरूण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं

भारत के युवा निशानेबाजों वरूण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही तोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली।



भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता।

मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक(575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे। भारत इस प्रतियोगिता से पहले राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धाओं में 13 ओलंपिक कोटा स्थान हासिल कर चुका है।

# सलमान खान सुरक्षा में सेंध! पनवेल फार्महाउस में दो लोगों ने अवैध रूप से घुसने की कोशिश की, पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने कहा कि महाराष्ट्र के पनवेल में अभिनेता सलमान खान के फार्महाउस में घुसने की कोशिश करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी अजेश कुमार ओमप्रकाश गिल और गुरुसेवक सिंह तेजसिंग सिख ने गार्डों से कहा था कि वे 58 वर्षीय अभिनेता के प्रशंसक हैं और उनसे मिलना चाहते हैं। अभिनेता सलमान खान के पनवेल स्थित फार्महाउस में अवैध रूप से घुसने की कोशिश करने के आरोप में पनवेल तालुका पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। सलमान खान के फार्महाउस का नाम उनकी बहन के नाम पर अर्पिता रखा गया है और यह पनवेल के वाजे गांव में स्थित है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने कथित तौर पर बाड़ को कूदने और परिसर के माध्यम से फार्महाउस में प्रवेश करने की कोशिश की। यह घटना गुरुवार 4 जनवरी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों की पहचान अजेश कुमार गिला (2×) और गुरुसेवकसिंह सिख (2×) के



रूप में हुई है। वे कथित तौर पर पंजाब के फाजिल्का जिले के निवासी हैं। फार्महाउस प्रबंधक शशिकांत ने कहा कि सुरक्षा गार्ड मोहम्मद हुसैन ने दोनों को पकड़ने के बाद उन्हें सतर्क किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से अपना परिचय उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के महेशकुमार रामनिवास और विनोद कुमार राधेश्याम के रूप में दिया, लेकिन पुलिस ने आधार कार्ड में उनकी नकली तस्वीरें बरामद की हैं, जो विरोधाभासी विवरण प्रकट करती हैं। कथित तौर पर दोनों को अतिक्रमण और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हाल के दिनों में सलमान खान को काफी धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बाद अभिनेता के घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खतरे की आशंका के कारण उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा ङ्क श्रेणी की सुरक्षा भी प्रदान की गई है। 2022 में, सलमान खान को आत्म-सुरक्षा के लिए बंदूक का लाइसेंस भी दिया गया था, अपनी सुरक्षा के लिए, अभिनेता बुलेट प्रूफ कार में यात्रा करते हैं। काम के मोर्चे पर, सलमान खान ने हाल ही में कैटरीना कैफ के साथ टाइगर के रूप में एक बड़ी हिट दी। उम्मीद है कि वह इस साल टाइगर वर्सेस पठान की शूटिंग शुरू करेंगे। इस जासूसी थ्रिलर में उनका मुकाबला सलमान खान से होगा, जिसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं।

# एंटरटेनमेंट गैलेक्सी में एक उभरता सितारा है स्वर्णिम आलिया भट्ट की इस फिल्म में कर चुके हैं अभिनय

छोटे पर्दे पर अपना जलवा दिखाने के बाद स्वर्णिम ने बड़ी लीग में छलांग मारी और करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में उनके रोल की काफी सराहना हुई। स्वर्णिम के लिए टेलीविजन से सिनेमा तक का ट्रांजीशन सहज था, जिससे साबित हुआ कि उनकी प्रतिभा की कोई सीमा नहीं है।

इस एंटरटेनमेंट की गतिशील दुनिया में, कुछ लोग दूसरों की तुलना में ज्यादा चमकते हैं। स्वर्णिम नीमा उन चमकते सितारों में से एक है। छोटे और बड़े पर्दे पर अपनी शानदार अदाकारी के लिए जाने जाने वाले स्वर्णिम ने अपने टैलेंट, समर्पण और वेर्सटिलिटी से करोड़ों लोगों का दिल जीता है। स्वर्णिम ने बहुत ही छोटी सी उम्र में इस एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सफर की शुरुआत की थी। वह सिर्फ 6 साल के थे जब उन्होंने इस इंडस्ट्री में पहला कदम रखा और उनके लाजवाब टैलेंट ने उन्हें दुसरो से हमेशा अलग और ऊपर रखा। महाराजा रणजीत सिंह,मरियम खान रिपोर्टिंग लाइव, और पांड्या स्टोर परशुराम चन्ना मेरेया बाल शिव जैसे धारावाहिकों में उनकी शुरुआती भूमिकाओं ने दर्शकों से जुड़ने की उनकी सहज क्षमता का प्रदर्शन किया।

छोटे परदे पर स्वर्णिम का सफर शानदार रहा है। फिर चाहे पांड्या स्टोर में कृष पांड्या का किरदार हो या फिर शिव शक्ति शो में कार्तिकेय की भूमिका हो, स्वर्णिम ने हर रोल को बखूबी निभाया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा का झंडा गाड़ा। उनकी ऑन स्क्रीन प्रजेंस के करिश्मा और भावनात्मक गहराई ने लाखों लोगों को उनका दीवाना बना दिया है।

स्वर्णिम नीमा एक टैलेंटेड एक्टर ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रतिभाओं में रुचि दिखाते हुए उनमे सक्षम है। फुटबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन से लेकर जिमनास्टिक, तीरंदाजी और तलवारबाजी में महारत हासिल करने तक, स्वर्णिम की रुचि



अभिनय के क्षेत्र से कहीं आगे तक फैली हुई है। वह शतरंज में भी काफी रूचि रखते है और यह बात उनकी सिटी चैंपियनशिप जीत से साफ स्पष्ट होती है।वह राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल भी खेल चुके है।

एक्टिंग के साथ साथ, स्वर्णिम ने कमर्शियल और एड्स की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनायी है। क्लब महिंद्रा, रागी बाइट्स और वूट जैसे ब्रांड्स ने उनकी अपील को पहचाना और उन्हें अपने ब्रांड का चेहरा बनाया। उन्होंने कई कमर्शियल और प्रिंट शूट भी किए हैं। स्वर्णिम ने छोटे पर्दे से विज्ञापनों तक अपने आप को बहुत खूबसूरती से ढाला और यह बात स्वर्णिम की क्षमता और यूनिवर्सल अपील जताती है।

छोटे पर्दे पर अपना जलवा दिखाने के बाद स्वर्णिम ने बड़ी लीग में छलांग मारी और करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में उनके रोल की काफी सराहना हुई। स्वर्णिम के लिए टेलीविजन से सिनेमा तक का ट्रांजीशन सहज था, जिससे साबित हुआ कि उनकी प्रतिभा की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने मनोज सिद्धेश्वरी तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म पी से प्यार एफ से फरार में भी अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया। एंटरटेनमेंट दुनिया में स्वर्णिम का सफर बहुत ही प्रेरणादायक रहा है और वह अभी भी लगातार रूप से ऑडियंस को अपनी अदाकारी से एंटरटेन करते आ रहे हैं। इस से यह बात साफ साबित होती है कि उनका भविष्य बहुत ही उज्जवल है। चाहे छोटा पर्दा हो या सिल्वर स्क्रीन, स्वर्णिम का अपनी कला के प्रति समर्पण उन्हें औरो से अलग करता है।

एंटरटेनमेंट के इस बदलती दुनिया में, स्वर्णिम नीम अपने टैलेंट, वेर्सटिलिटी और पैशन की वजह से आज एक चमकते सितारे के रूप में देखे जाते हैं। जैसे जैसे वह नए रस्ते तलाश रहे हैं और नयी ऊंचाइयों को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, यह इंडस्ट्री बहुत बेसब्री से उनके जीवन के अगले अध्याय को देखने का इंतजार कर रही है।

# एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन दर्शकों ने फिल्म को पसंद किया फिल्म की ससेस पार्टी में बोले रणबीर कपूर

अभिनेता रणबीर कपूर ने कहा है कि उनकी फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, मगर इसे बॉक्स ऑफिस पर मिली कामयाबी साबित करती है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया है।

मुंबई। अभिनेता रणबीर कपूर ने कहा है कि उनकी फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, मगर इसे बॉक्स ऑफिस पर मिली कामयाबी साबित करती है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया है। 'एनिमल' को दर्शकों और आलोचकों के एक वर्ग ने स्त्रीद्वेषी और हिंसक बताया था, इसके बावजूद यह 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म एक दिसंबर को रिलीज हुई थी और इसने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की।

फिल्म के कामयाब होने के मद्देनजर शनिवार रात को एक पार्टी रखी गई थी जहां कपूर ने उन्हें फिल्म



का हिस्सा बनाने के लिए निर्देशक का आभार जताया। अभिनेता ने कार्यक्रम में कहा, फिल्म 'एनिमल' की कामयाबी के जश्न के मौके पर आज यहां आने के लिए आप सबका शुक्रिया। फिल्म से लोगों के एक वर्ग को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। पार्टी में रेड्डी वांगा और 'एनिमल' के अन्य अभिनेता अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, प्रेम चोपड़ा, सुरेश ओबेरॉय, सौरभ सचदेवा और सिद्धांत कार्निक ने भी शिरकत की। निर्देशक ने इस फिल्म में योगदान के लिए कलाकारों और अन्य जुड़े लोगों का आभार जताया। रेड्डा वांगा ने कहा, हर चरित्र बहुत खास था और उसने बेहतरीन काम किया। यह सबकी कड़ी मेहनत से मुमकिन हो सका। निर्माता, गीतकार, संगीतकारों का शुक्रिया। आप सबका शुक्रिया।

अनिल कपूर ने मुख्य किरदार निभाने वाली अभिनेत्री मंदाना को फिल्म का भाग्यशाली शख्सियत बताया। रणबीर की पत्नी एवं अभिनेत्री आलिया भट्ट, मां-अभिनेत्री नीतू सिंह, फिल्म निर्माता महेश भट्ट, अभिनेता विवेक ओबेरॉय, राधिका मदान और फिल्म निर्माता अनीस बज़्मी और फराह खान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# देशद्रोही निकलीं बिपाशा बसु? मालदीव में पति के साथ छुट्टियां मना रही हैं एक्ट्रेस, पीएम मोदी के लक्षद्वीप विवाद के बीच जमकर ट्रोल हुई अदाकारा

मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर चल रहे विवाद के बीच, भारत ने एकजुट होकर अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की है और मालदीव के बहिष्कार पर विचार करते हुए भारतीय द्वीपों की खोज के लिए समर्थन व्यक्त किया है।

मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर चल रहे विवाद के बीच, भारत ने एकजुट होकर अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की है और मालदीव के बहिष्कार पर विचार करते हुए भारतीय द्वीपों की खोज के लिए समर्थन व्यक्त किया है। रिपोर्ट्स से संकेत मिलता है कि मालदीव सरकार ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप पोस्ट का मजाक उड़ाने के लिए जिम्मेदार तीन मंत्रियों को निलंबित कर कार्रवाई की है। सलमान खान, अक्षय कुमार, सचिन तेंदुलकर, ईशा गुप्ता और जान्हवी कपूर सहित कई उल्लेखनीय हस्तियां भारतीय द्वीपों की खोज आंदोलन में शामिल हो गई हैं। हालांकि, इस हंगामे के बीच इन दिनों मालदीव में वेकेशन एन्जॉय कर रहीं बिपाशा बसु इस चल रहे विवाद से अंजान नजर आ रही हैं।

पीएम मोदी के लक्षद्वीप विवाद के बीच मालदीव छुट्टियों की तस्वीरें पोस्ट करने पर बिपाशा बसु को ट्रोल किया गया। अपनी मालदीव



यात्रा के क्षणों को साझा करने वाली बिपाशा की सोशल मीडिया पोस्ट ने इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की आलोचना को जन्म दिया है, जो इस संवेदनशील समय के दौरान मालदीव में उनकी छुट्टियां मनाने पर अस्वीकृति व्यक्त करते हैं। एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने टिप्पणी अनुभाग में लिखा, आपका पूरा भारतीय फिल्म उद्योग मालदीव का बहिष्कार कर रहा है, लेकिन आप इसे बढ़ावा दे रहे हैं। तुम लोगों को शर्म आनी चाहिए कि तुम एक वेतनभोगी कठपुतली हो। एक अन्य ने लिखा, मालदीव सरकार ने हमारा अपमान किया और आप मालदीव में घूम रहे हैं। देशद्रोही निकले आप तो।

विवाद बढ़ने से पहले बिपाशा बसु अपना जन्मदिन मनाने के लिए मालदीव गई थीं। हालाँकि, उनकी हालिया पोस्ट ने नेटिज़न्स को नाराज़ कर दिया है, जो मानते हैं कि अगर उन्हें स्थिति के बारे में पता होता, तो उन्होंने अनावश्यक ट्रोलिंग और प्रतिक्रिया से बचने के लिए इन तस्वीरों को साझा करने से परहेज किया होता।

# विवाद के बीच भारतीय और मालदीव राजदूतों की बैठक पर लगी अटकलें एक पोस्ट ने लगाया विराम

**मालदीव**

**दरअसल, सोमवार (8 जनवरी) को भारत में मालदीव के राजदूत इब्राहिम साहिब को समन किया गया था।**



**नई दिल्ली।** भारत विरोधी टिप्पणी करने के बाद भारत और मालदीव के बीच राजनयिक विवाद की शुरुआत हो गया है। इस बीच, मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त ने मालदीव के रूष्मग्न में बड़े राजदूत डॉ. अली नसीर मोहम्मद से मुलाकात की। हालांकि, इसको लेकर अटकलें लग रही थी कि यह बैठक भारत द्वारा मालदीव के उच्चायुक्त को तलब करने के कारण है, लेकिन इसी बीच मालदीव में भारतीय उच्चायोग की ओर से एक पोस्ट शेयर किया गया है। दरअसल, भारत विरोधी बयान देने के बाद भारत सरकार की ओर से नई दिल्ली में मौजूद मालदीव के राजदूत को तलब किया था।मालदीव में मौजूद भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उच्चायुक्त से मिलने की जानकारी दी। उच्चायोग ने पोस्ट किया, मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर ने आज मालदीव के विदेश मंत्रालय के राजदूत डॉ अली नसीर मोहम्मद के साथ एक पूर्व-निर्धारित बैठक की। इस बैठक में दोनों राजनयिकों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की है।

दरअसल, सोमवार (8 जनवरी) को भारत में मालदीव के राजदूत इब्राहिम साहिब को समन किया गया था। राजदूत इब्राहिम से मालदीव के कई मंत्रियों के जरिए भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। हालांकि, मालदीव सरकार ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर रविवार को ही तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया और इस टिप्पणी से किनारा काट लिया।

# ठंड में हार्ट अटैक के नए मरीज हुए दोगुने, मौसम में बदलाव



**नई दिल्ली।** ठंड की छुट्टियों और दिसंबर- जनवरी के दौरान दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा रहता है। इस दौरान लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने को लेकर अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की तरफ से आगाह किया गया है। एसएसएम हेल्थ डॉट कॉम के अनुसार क्रिसमस और जनवरी की छुट्टियों में हार्ट अटैक से ज्यादा लोगों की मौत होती है। भारत के संदर्भ में दिल की बीमारी के विशेषज्ञों का कहना है कि यह सही है कि ठंड के मौसम में हृदयाघात की आशंका सबसे ज्यादा होती है। इस दौरान भारत में सबसे ज्यादा दिल के दौरे के नए मरीज सामने आते हैं। दिसंबर और जनवरी के दौरान यहां पड़ने वाली ठंड, मौसम में बदलाव, प्रदूषण के बढ़ते स्तर और अनियमित शारीरिक गतिविधि, अनहेल्दी खानपान के कारण ज्यादातर केस सामने आते हैं। इस दौरान आउटिंग खासकर ठंड एरिया में जाने को लेकर बीपी व दिल के मरीजों के साथ सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। इससे बचने के लिए हार्ट अटैक आशंका के लिए जरूरी टेस्ट और सावधानी अपनाने से दिल के दौर को रोका जा सकता है। गुरुग्राम सनार इंटरनेशनल हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. डीके झांब ने बताया कि ठंड में दिल के नए मरीज बढ़ जाते हैं। इसमें 55-60 आयु वाले अधिक होते हैं। पिछले महीनेभर के दौरान यहां दिल्ली- एनसीआर से हार्ट अटैक वाले दिल मरीजों की संख्या सितंबर- अक्टूबर की तुलना में काफी बढ़ गई है। कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया सीएसआई के पूर्व महासचिव और कोलकाता के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. देबब्रत रॉय ने बताया कि ठंड का मौसम दिल के दौरे के लिए सबसे खतरनाक होता है।

# कोरियन पॉप बैंड बीटीएस से मिलने का जुनून तीन स्कूली छात्राओं ने उठाया बड़ा कदम

**चेन्नई।** करूर जिले के एक शांत इलाके में बसे एक गांव की तीन स्कूली लड़कियों और उनके परिवार ने कभी नहीं सोचा होगा कि म्यूजिक और डांस उन्हें एक बड़ा और हैरान करने वाला कदम उठाने पर मजबूर कर देते हैं। दरअसल, तमिलनाडु के सरकारी स्कूल में 8 कक्षा में पढ़ने वाली 13 साल की तीन छात्राओं ने फैसला किया कि वह अपने फेवरेट कोरियाई पॉप बैंड बीटीएस से मिलेंगी और इसके लिए उन तीनों ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल जाने का फैसला किया। बाल कल्याण समिति के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, उन्होंने किसी तरह बीटीएस स्टार से मिलने का दृढ़ निर्णय लिया और दक्षिण कोरिया जाने के लिए तमिलनाडु में थूथुकुडी और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम के बंदरगाहों का पता लगाया और अंत में विशाखापट्नम से जाने का फैसला किया। लड़कियां 4 जनवरी को चुपचाप अपने घरों से बाहर निकल गईं और इरोड से ट्रेन पकड़कर चेन्नई पहुंच गईं। काफी समय बीतने के बाद लड़कियां घर नहीं लौटीं, तो परिवार परेशान हो गया और उनके माता-पिता



ने करूर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद राज्य भर की पुलिस उन तीनों लड़कियों की तलाश में जुट गई। तीनों लड़कियों के पास कुल 14,000 रुपये थे, उन्हें लग रहा था कि इन पैसों के सहारे वह साउथ कोरिया पहुंच जाएंगी। काफी मशक्कत के बाद गुरुवार रात उन्हें चेन्नई के एक होटल में कमरा मिला। दरअसल, उन्हें लगता था कि वह बिना पासपोर्ट के ही जहाज से सियोल जा सकते हैं। शुक्रवार को वह अपनी ख्वाहिश पूरा करने के लिए एक जगह से दूसरी जगह भटकने लगी, लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ। जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा तो, वे अपने घर पहुंचने के लिए चेन्नई से ट्रेन में सवार हो गए।

वेल्लोर जिला बाल कल्याण समिति के प्रमुख पी वेदनायगम ने कहा, ÷काटपाडी रेलवे स्टेशन पर, जब वे आधी रात को खाना खरीदने के लिए उतरीं, तो उनकी ट्रेन छूट गई। पुलिस कर्मियों ने बच्चों और चाइल्ड लाइन अधिकारियों से बात की और हमें सूचित कर दिया गया।

तीनों लड़कियों को वेल्लोर जिले में एक सरकारी सुविधा में रखा गया और उनके माता-पिता को बुलाया गया और बच्चों और उनके माता-पिता के लिए काउंसलिंग सेशन किया गया। अधिकारी ने उनके माता-पिता से कहा, ÷हमें पता चला कि लड़कियों को बीटीएस बैंड और स्टार के बारे में छोटी से छोटी जानकारी पता थी, उनके कपड़े पहनने के तरीके और सब कुछ।

# जिनको रेगुलेट कर रहे उन्हीं से फंडिंग लेना हितों के टकराव का सीधा मामला

**नई दिल्ली।** बीते साल के आखिर में हितों के टकराव का एक बड़ा मामला सामने आया जब देश के शीर्ष न्यूट्रिशन विशेषज्ञों के संगठन न्यूट्रिशन सोसायटी ऑफ इंडिया (एनएसआई) ने अपने सालाना कार्यक्रम के लिए जंक फूड बनाने वाली कंपनियों से स्पांसरशिप ले ली। स्वतंत्र विशेषज्ञों के विरोध के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और न्यूट्रिशन पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन न्यूट्रिशन इंटरनेशनल (एनआई) ने विरोध स्वरूप एनएसआई के साथ अपना अनुबंध तत्काल समाप्त कर दिया। एनएसआई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन (एनआईएन) से संबद्ध न्यूट्रिशन पर काम करने वाले विशेषज्ञों का एक संगठन है। एनआईएन के निदेशक आमतौर पर एनएसआई में अध्यक्ष होते हैं, और अन्य पदाधिकारी पद भी एनआईएन के वरिष्ठ अधिकारियों के पास होते हैं। एनआईएन न्यूट्रिशन पर काम करने वाली देश की शीर्ष संस्था है। एनएसआई का 55वां सालाना राष्ट्रीय सम्मेलन 26 नवंबर को हैदराबाद में हुआ था। इस कार्यक्रम के लिए एसएसआई ने सॉफ्ट ड्रिंक निर्माता कंपनियों और जंक फूड निर्माता कंपनियों से स्पांसरशिप ली थी। इसके बाद न्यूट्रिशन इंटरनेशनल के अध्यक्ष और सीईओ जोएल स्पाइसर ने यह कहते हुए एनएसआई से सारे अनुबंध तोड़ लिए कि न्यूट्रिशन के क्षेत्र में पारदर्शिता बेहद जरूरी है और न्यूट्रिशन विशेषज्ञों की किसी भी सभा को जंक फूड कंपनियों द्वारा प्रायोजित नहीं होना चाहिए।

देश में न्यूट्रिशन थिंक टैंक, रिसर्च संस्थानों, नियामक संस्थानों और फूड कंपनियों का ऐसा गठजोड़ नया नहीं है। पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें न्यूट्रिशन थिंक टैंक या रिसर्च संस्थानों ने जंक फूड कंपनियों से स्पांसरशिप ली, इंडस्ट्री की फंडिंग से रिसर्च कर उनके अनुकूल रिजल्ट दिए या रिसर्च संस्थानों या नियामक में उच्च पदों से रिटायर होने के बाद इंडस्ट्री या इंडस्ट्री प्रायोजित संस्थानों में ऊंचे पदों पर आसीन हो गए।

# 24 घंटे में कोरोना के 605 नए मामले आए सामने, 4 मरीजों की मौत

**संक्रमण**

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में कोविड के 605 नए मामले सामने आए हैं, जबकि संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 4,002 हो गई है।**




**नई दिल्ली।** देश में कोविड मामलों में एक बार फिर सामने आने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में कोविड के 605 नए मामले सामने आए हैं, जबकि संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 4,002 हो गई है। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे में संक्रमण से चार लोगों की मौत हुई हैं, जिसमें से दो केरल से और एक-एक कर्नाटक और त्रिपुरा में हुई। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस बात की जानकारी दी गई है कि 7 जनवरी से अब तक जेएन.1 सब-वेरिएंट के कुल 682 नए मामले सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक से 199, केरल से 148, महाराष्ट्र से 139, गोवा से 47, गुजरात से 36, आंध्र प्रदेश से 30, राजस्थान से 30, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 21, ओडिशा से तीन, एक तेलंगाना और एक हरियाणा से दो मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने कहा कि भले ही मामलों की संख्या बढ़ रही है और देश में जेएन.1 सब-वेरिएंट का पता चला है। हालांकि, इससे परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि संक्रमित लोग होम क्वारंटीन में ही ठीक हो जा रहे हैं। राज्यों से केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बढ़ते मामलों की प्रवृत्ति का जल्द पता लगाने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर सांस की बीमारी के जिलेवार मामलों की नियमित रूप से निगरानी और रिपोर्ट करने को कहा है। कुल सक्रिय मामलों में से, इनमें से अधिकांश लोग अपने घर पर ही ठीक हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा, वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि JN.1 सब-वेरिएंट के कारण मामलों और मृत्यु दर में किसी तरह की वृद्धि देखने को मिल रही है।÷

# कांग्रेस विधायक नांजेगौड़ा के कई परिसरों पर ED की छापेमारी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बढ़ी मुश्किलें

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक केवाई नानजेगौड़ा और उनसे जुड़ी कुछ संस्थाओं के परिसरों पर सोमवार सुबह छापेमारी की। 61 वर्षीय विधायक कर्नाटक विधानसभा में मालूर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केवाई नानजेगौड़ा कोलार-चिक्काबल्लापुर मिल्क यूनियन लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं।

सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम जांच के तहत मालूर और कोलार जिलों में उनके परिसरों और उनसे जुड़ी कुछ संस्थाओं में भी रेड मारी जा रही है। बता दें कि ईडी का मामला कुछ स्थानीय पुलिस प्राथमिकियों के आधार पर दर्ज किया गया है।

# राजीव रंजन कायस्थ समाज का सरदार पटेलः दीपक सिन्हा



**नई दिल्ली।** ऑरवेल इंस्टीट्यूट एंड इंटलेक्चुअल सोसाइटी के संस्थापक दीपक सिन्हा ने संस्था द्वारा आयोजित बौद्धिक विश्व एवम कायस्थ समाज की भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि कायस्थ समाज ने अपने मेहनत और प्रतिभा के बल पर इस देश और दुनिया के तरक्की में हर तरीके से योगदान दिया है।चाहे विवेकानंद हों या जगदीश चंद्र बसु हों ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में कायस्थों ने अपने बौद्धिक क्षमता से पूरे विश्व का सेवा किया है।आजादी के लड़ाई में सच्चितानंद सिन्हा,राजेंद्र बाबू और जय प्रकाश नारायण के योगदानों को नकारा नहीं जा सकता है।मगर आजादी के 75 साल बाद कायस्थ समाज आपसी फूट और बिखराव के कारण देश के राजनीतिक परिदृश्य से लगभग गायब ही हो गया है।श्री सिन्हा ने कायस्थ एकता के लिए ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था के अध्यक्ष राजीव रंजन जी कायस्थों का एकीकरण बिल्कुल उसी तरह से कर रहे हैं जैसे सरदार पटेल भारत का एकीकरण कर रहे थे।राजीव जी न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी बसे हुए कायस्थों को एकसूत्र में लाने का कार्य बहुत ही समर्पित भाव से कर रहे हैं ताकि देश दुनिया के तरक्की में कायस्थ समाज का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो सके।कायस्थ समाज से अलग अलग क्षेत्रों में काम कर रहे युवाओं को सम्मानित करके राजीव रंजन जी ने जिस तरीके से उनमें ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है यह वास्तव में काबिल ए तारीफ है। श्री सिन्हा ने कहा कि राजीव रंजन के सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता से काफी प्रभावित हूं और उम्मीद करता हूं कि आगे भी चित्रांशों के लिए वे इसी जोश से काम करते रहेंगे।

# पोलियो टीका टीम की सुरक्षा पर तैनात पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर विस्फोट

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को पोलियो टीकाकरण



कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने जा रहे पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर एक बम विस्फोट किया गया। इस हादसे में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए।

यह घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के बाजौर जिले की मामुंड तहसील में हुई। जब विस्फोट हुआ तो, पुलिसकर्मी पोलियो टीकाकरण टीमों के साथ सुरक्षा ड्यूटी में शामिल होने के लिए वैन में चढ़े ही थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है, जहां आपातकाल घोषित कर दिया गया। विस्फोट में छह पुलिसकर्मी मारे गए और 22 अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि सभी घायल व्यक्ति पुलिसकर्मी हैं। कार्यवाहक मुख्यमंत्री केपीके अरशद हुसैन ने हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध आखिरी आतंकवादी के खात्मे तक जारी रहेगा। टीके के विरोध के कारण पाकिस्तान में पोलियो टीमों को अक्सर आतंकवादी निशाना बनाते हैं। हमले की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है, लेकिन पाकिस्तान तालिबान सहित इस्लामी आतंकवादियों ने पहले भी कई पोलियो टीकाकरण कार्यकर्ताओं और उनकी सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी है।

# चीन की राजकीय यात्रा पर निकले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद रविवार रात चीन के लिए रवाना हो गए। मालदीव सरकार के मुताबिक, ये मोहम्मद मुइज्जू की %पहली राजकीय यात्रा है। मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ मालदीव सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी साथ है।

यह यात्रा मालदीव के निकटतम पड़ोसी और पर्यटन के एक महत्वपूर्ण स्रोत भारत के साथ राजनयिक विवाद की पृष्ठभूमि में हो रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों का मुद्दा भारतीय उच्चायोग द्वारा उठाए जाने के बाद रविवार को मालदीव की सरकार द्वारा उसके तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया था।

# भारत-विरोधी बयान के बीच चीन पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू, शी चिनफिंग के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**यात्रा**

**चीन की इस यात्रा पर उनके साथ उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है।**



**बीजिंग।** भारत-मालदीव विवाद के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू सोमवार को पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर चीन पहुंचे हैं। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। मालूम हो कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। चीन की इस यात्रा पर उनके साथ उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है। राष्ट्रपति और प्रथम महिला के आगमन पर वरिष्ठ चीनी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दरअसल, भारत और मालदीव के बीच इस समय काफी विवाद छिड़ा हुआ है। दरअसल, पीएम मोदी हाल ही में लक्षद्वीप पहुंचे थे और उन्होंने लक्षद्वीप की कुछ तस्वीरें भी शेयर की। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें लक्षद्वीप की खूबसूरती दिखाई। इसके बाद मालदीव के कुछ वरिष्ठ मंत्रियों ने पीएम मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर दी, जिसको लेकर बात काफी बढ़ गई है। फिलहाल, मालदीव सरकार ने तीन मंत्रियों को टिप्पणी करने के कारण निलंबित कर दिया है। इसके बाद सोमवार को भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन के मुताबिक, मुइज्जू-चीनी राष्ट्रपति शी के साथ बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। वांग ने जनवरी में मीडिया से कहा, चीन और मालदीव के बीच संबंध अब एक नए ऐतिहासिक शुरुआती बिंदु पर खड़े हैं।

हमारा मानना है कि इस यात्रा के माध्यम से, दोनों राष्ट्राध्यक्ष द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ÷राष्ट्रपति मुइज्जू की यात्रा के दौरान, मालदीव और चीन आधिकारिक वार्ता करेंगे और व्यापार, व्यावसायिक विकास और सामाजिक आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे

इसमें कहा गया है कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। इसमें कहा गया है कि मुइज्जू चीन के दक्षिणपूर्वी शहर फूजौ में इन्वेस्ट मालदीव फोरम में भी भाग लेंगे और मालदीव और चीन के बीच सामाजिक-आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के रास्ते तलाशने के लिए वरिष्ठ चीनी व्यापारिक नेताओं से मिलेंगे।

# अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर क्या बोले न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम?

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान न्यूयॉर्क में माता की चौकी समारोह में शामिल हुए। समाचार एजेंसी ह्ढ्ढ द्वारा साझा की गई वीडियो में दिलीप चौहान को माता रानी की आरती करते देखा जा सकता है। यह माता की चौकी शहर के गीता मंदिर में आयोजित की गई थी। इस बीच मंदिर के पंडित ने मेयर एरिक एडम और दिलीप चौहान को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। जब उनसे अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर न्यूयॉर्क के हिंदुओं में दिख रहे उत्साह को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इस कार्यक्रम को हिंदू समुदायों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। समाचार एजेंसी ANI से बात करते हुए अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा, अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदू समुदाय को देखें, तो यह बेहद महत्वपूर्ण है।

# भारत बांग्लादेश का महान मित्र, हमारे बीच अद्भुत संबंध हैंः शेख हसीना

**संबोधित**

**पीएम शेख हसीना ने राजधानी ढाका में अपने आधिकारिक निवास गणभवन में मीडिया को संबोधित किया।**



**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना लगातार पांचवीं बार देश की सत्ता संभालने जा रही हैं। यानी कि हसीना लगातार पांचवीं बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपनी चुनावी जीत के बाद कहा कि भारत बांग्लादेश का एक महान मित्र है और हमारे बीच अद्भुत संबंध हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, भारत बांग्लादेश का बहुत अच्छा दोस्त है। उन्होंने 1971 और 1975 में हमारा समर्थन किया है। हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं। मैं वास्तव में सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत रिश्ते हैं। अगले 5 सालों में हमारा ध्यान आर्थिक प्रगति और हमने जो भी काम शुरू किया है उसे पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, हमने अपना घोषणापत्र पहले ही घोषित कर दिया है और जब भी हम अपना बजट बनाते हैं और अपने वादों को पूरा करने का प्रयास करते हैं तो हम अपने चुनावी घोषणापत्र का पालन करते हैं। जनता और देश का विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। पीएम शेख हसीना ने राजधानी ढाका में अपने आधिकारिक निवास गणभवन में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ÷जो लोग आतंकवादी संगठनों से संबंध रखते हैं या अवैध गतिविधियों में लगे हुए हैं, वह चुनाव से डरते हैं और चुनाव लड़ने से भी बचते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जनता की जीत में योगदान देते हैं, मेरी जीत में नहीं। बता दें कि रविवार को छिटपुट हिंसा और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों के बहिष्कार के बीच हुए 12वें आम चुनावों में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने 200 सीटों पर जीत हासिल की। उनकी पार्टी ने दो तिहाई बहुमत हासिल किया है। वहीं, विपक्षी जातीय पार्टी को 10 और निर्दलीय 45 उम्मीदवारों को जीत मिली है। शेख हसीना ने गोपालगंज-3 सीट से 1986 के बाद आठवीं बार जीत हासिल की। उन्हें 2,49,965 वोट मिले, जबकि उनके विरोधी प्रतिद्वंदी बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के उम्मीदवार एम. निजामुद्दीन लश्कर को महज 469 वोट मिले।

# इजरायली हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का वरिष्ठ कमांडर

**बेरूत।** इजरायल और हमास के बीच तीन माह से जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों के बीच जारी संघर्ष में अब तक 23 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई है, जबकि 60 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, इजरायल ने दक्षिण लेबनान पर हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई। समाचार एजेंसी रायटर ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि 7 अक्टूबर को इजरायली क्षेत्र में हमास के हमले के बाद सीमा पर बमबारी शुरू हुई थी, जिसके बाद से अब तक इजरायल ने दक्षिणी लेबनान पर भारी संख्या में गोलीबारी की है। इजरायली गोलीबारी में हिजबुल्लाह के 130 से अधिक लड़ाकों की मौत हो गई है।

# 51 सालों में पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर लॉन्च

**केप केनवेरल।** 51 वर्षों में अमेरिका का पहला चंद्र लैंडर सोमवार को चंद्रमा के सफर पर रवाना हुआ। खास बात यह भी है कि इस मिशन को अमेरिका की प्राइवेट कंपनी अंजाम देगी। एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी के लैंडर के साथ यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के रॉकेट वल्कन ने फ्लोरिडा के केप केनावरल स्पेस फोर्स स्टेशन से उड़ान भरी।

यह लैंडर 23 फरवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग कर सकता है। एस्ट्रोबोटिक के मुख्य कार्यकारी जॉन थार्नटन ने कहा, हम चंद्रमा की ओर जा रहे हैं! अगर यह मिशन सफल रहा, तो प्राइवेट कंपनी द्वारा चंद्रमा पर पहली साफ्ट लैंडिंग भी होगी। इससे पहले अमेरिका ने आखिरी बार चंद्रमा पर लैंडिंग मिशन दिसंबर 1972 में लॉन्च किया था। अपोलो 17 के जीन सर्नन और हैरिसन श्मिट चंद्रमा पर चहलकदमी करने वाले 11वें और 12वें व्यक्ति बने थे।



# सिफर मामले में इमरान खान को राहत, विशेष अदालत ने जारी किए रिहाई के आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सिफर मामले में राहत मिली है। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम मामले में पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी जमानत की पुष्टि करने के बाद सोमवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख इमरान खान की रिहा करने का आदेश जारी किया।

समाचार एजेंसी एएनआई ने पाकिस्तान स्थित समा टीवी के हवाले से बताया कि सिफर मामले में इमरान खान को रिहा किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, जमानत मिलने के बाद भी पीटीआई प्रमुख अदियाला जेल में ही रहेंगे। मालूम हो कि इमरान खान को तोशाखाना मामले में भी गिरफ्तार किया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना: मनीष

## आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है: मनीष शुक्ला

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन आज करंजाकला ब्लाक के परसनी ग्राम पहुंची जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला उपस्थित रहे। एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की योजनाओं और उनके सफल क्रियान्वयन से विपक्ष विचलित है। गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है। वह लोग समाज का विभाजन करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थियों से सोमवार को संवाद करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही



नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को जनता से मिल रहा प्यार इस बात का प्रमाण है। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भी हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है। इस दौरान मनीष शुक्ला ने जौनपुर ज़िले के करंजाकला ब्लॉक के जमालपुर ग्रामसभा और सोंधी ब्लाक के गुरैनी ग्रामसभा के लाभार्थियों से भी बातचीत की। उसके उपरान्त वहा पर उपस्थित गर्भवती महिलायों की गोदभराई की एवं बच्चों का अन्नप्राशन का कार्यक्रम किये।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्त, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्य की बात करते हुए कहा कि जब 140 करोड़ लोग एक स्वर और नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे तो दुनिया की कोई ताकत विकसित भारत बनने से रोक नहीं सकती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आज इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मेहनत का परिणाम है कि आज प्रदेश के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख गरीबों को घर मिला है, तीन करोड़ लोगों को शौचालय, 1.75 लाख गरीबों को उज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन, 1 करोड़ 54 लाख परिवारों को फ्री में बिजली का कनेक्शन, 1 लाख 21 हजार गांवों तक बिजली पहुंची है। 10 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से कवर हुए हैं। 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। अगर में जौनपुर जिले की बात करें तो यहां सरकार की विभिन्न योजनाओं के बड़ी संख्या में लाभार्थी हैं।

## डीएम व एसपी ने किया जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरको की तलाशी पुलिस फोर्स व अधिकारियों के द्वारा ली गई। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक चीज नहीं मिली। अधिकारियों के द्वारा जेल अस्पताल में जाकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक एस के पांडे को निर्देशित किया कि समय-समय पर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच कराई जाए। उन्होंने जेल में भर्ती कैदियों से वार्ता भी किया इसके उपरांत अधिकारियों के द्वारा पाकशाला में जाकर खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

# मोबाइल लूट कर पैसा ट्रांसफर करने वाला गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप गुप्ता के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस टीम ने धारा 392 भादंवि व 66डी आईटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को साइबर थाने द्वारा ट्रान्जेक्शन हिस्ट्री से ट्रेस कर चिन्हित किया। रंजीत गौतम पुत्र अमर बहादुर निवासी असरोपुर थाना सुजानगंज का नाम प्राकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु पुलिस टीम लग गयी कि बताया गया कि उक्त अभियुक्त मोटरसाइकिल से बधवा बाजार से पड़री की तरफ आ रहा है। इस पर पुलिस टीम लग गयी जो पडरी चौराहा थाना महाराजगंज से उसे गिरफ्तार कर ली। तलाशी के उसके कब्जे से लूट में प्रयोग की गयी मोटरसाइकिल एवं लूटी मोबाइल बरामद किया। इस बाबत पुलिस ने बताया कि उक्त अभियुक्त वादी के बनकट लोदी स्थित परचुन की दुकान पर गुटखा खरीदा तथा कहा कि मेरे पास नकद नहीं है। आप अपना यूपीआई आईडी या क्यूआर कोड दीजिये जिस पर वादी ने अपने मोबाइल में क्यूआर कोड दिखाया। इस पर अभियुक्त उपरोक्त वादी के मोबाइल को छीनकर मोटरसाइकिल से भाग गया जिसके बाद वादी के मोबाइल से उनके फोन पे खाते में पड़े पैसे को अपने अन्य के खाते में ट्रान्सफर कर उससे नकद प्राप्त कर लिया। गिरफ्तारी/बरामदगी वाली पुलिस टीम में निरीक्षक हरीनाथ भारती क्राइम ब्रान्च के अलावा उ0नि0 दिनेश कुमार साइबर क्राइम पुलिस थाना, हे0का0 ओम प्रकाश जायसवाल, हे0का0 सुखनन्दन यादव, का0 संग्राम सिंह यादव साइबर क्राइम पुलिस थाना, का0 रणविजय यादव, का0 धर्मेन्द्र सिंह थाना महाराजगंज शामिल रहे।

## श्यान की सटीक गेंदबाजी से एमआईसी फाइनल में

**प्रयागराज।** एमआईसी क्रिकेट क्लब ने चैलेंजर कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। विजेता



टीम के मो. श्यान की सटीक गेंदबाजी ( 5 - 1 - 19 - 4 ) कर अपनी टीम को फाइनल में जगह बनाई है। सोमवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 20.1 ओवर में सभी विकेट पर महज 88 रन ( मो. हम्माद 30, मो. बशर उद्दीन 13 रन, मो. श्यान 4/19, आरुष पाल 2/11, शिवांश गुप्ता 2/22, अली अहमद 1/24 ) पर सिमट गई। जवाब में एमआईसी क्रिकेट क्लब की टीम ने 23 ओवर में छह विकेट पर 89 रन ( प्रांजल सिंह 43, हसनी खान 16 रन, अहमद वाज़ी 3/11, कैफी 1/13, आर्यन चंद्रा 1/16, मो. नौमान 1/19 ) पर बना लिए।

# पीयू में देखा गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाइव

- सबका साथ-सबका विकास की सोच से कार्य कर रही
- भारत सरकार: नरेन्द्र मोदी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लाइव देखा गया। इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े लोगों से उनको प्राप्त हो रही विकास योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ कार्य कर रही है।

इस यात्रा पर मात्र 10 दिन में ही 10 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश के मुकुट रत्न, अंजाव से लेकर गुजरात के पश्चिमी तट पर देवभूमि द्वारका तक, लद्दाख की बर्फीली चोटियों पर चढ़ाई और अंडमान के फ़िरोज़ा तटों की शोभा बढ़ाने तक, विकसित भारत संकल्प यात्रा ने देश के सुदूरवर्ती इलाकों में समुदायों तक पहुंचकर सभी क्षेत्रों को गले लगाया है। इस आंदोलन का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है।

इस मौके पर कुलपति प्रो वंदना सिंह, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, अमृतलाल, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. मिथिलेश सिंह, प्रमोद कुमार यादव, डॉ राजकुमार, डॉ मनोज मिश्र, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अनु त्यागी, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ सुजीत कुमार चौरसिया, डॉ राहुल कुमार, डॉक्टर अंकित कुमार, आदि मौजूद रहे।

## धर्मांतरण कराने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** वादी मुकदमा अतवारू पुत्र समारू ग्राम चकडेडवानी थाना गम्भीरपुर आजमगढ मय हमराह सुजीत बरनवाल पुत्र स्व0 राजाराम बरनवाल निवासी सरायमीर कस्बा थाना सरायमीर जनपद आजमगढ के उपस्थित थाना आकर एक लिखित तहरीर दिये कि विपक्षी श्यामानन्द विन्द पुत्र भूलई निवासी ग्राम लूहसामुबारकपुर थाना गम्भीरपुर आजमगढ के द्वारा दुसरे धर्म के मशिनरो को बुलाकर वादी के पुत्रवधु को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराना व वादी को धर्म परिवर्तन के लिये लालच देना वादी के न मानने पर जान मारने की धमकी दी गयी, आदि के सम्बन्ध मे दाखिल किये जिसके आधार पर मु0अ0सं0 09/24 धारा 506 भा0द0वि0 व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 बनाम श्यामानन्द विन्द पुत्र भूलई निवासी ग्राम लूहसामुबारकपुर थाना गम्भीरपुर आजमगढ के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री अजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी गम्भीरपुर के पंजीकृत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## अव्यवस्था देख विफरे वी.डी.ओ.



**जौनपुर (खुटहन)** सोमवार को काजीशाहपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अव्यवस्था दिखने पर वीडियो गौरवेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान इंद्रेश को कड़ी फटकार लगाई महिलाओं के बैठने के लिए कुर्सियां नहीं थी जिसे ब्लाक मुख्यालय से मंगवाया गया वहीं पुरे कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान लापरवाह दिखे प्रधान मंत्री जी के लाइव प्रसारण के दौरान भी इधर उधर बात करते नजर आये कार्यक्रम में बहुत ही कम संख्या में ग्रामीण नजर आये कहीं न कहीं सायद ग्रामीणो तक ग्राम प्रधान द्वारा इस बात की जानकारी नहीं पहुंचाई गई कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि से लेकर गरीबों के मुफ्त इलाज व फ्री राशन से लेकर गर्भवती महिलाओं का टीका करण पुष्टाहार पर चर्चा हुई सरकार द्वारा चल रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को बताया गया ।इस अवसर पर प्रेम चंद तिवारी राजू सिंह वीडियो व तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सेविका समिति ने नकाली अक्षत कलश यात्रा



**प्रयागराज।** आज प्रयागराज दक्षिण भाग के देवप्रयागम नगर में राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने श्रीराम जन्म भूमि न्यास से प्राप्त पूजित अक्षत-कलश शोभा यात्रा निकाली। पीले वस्त्र में लगभग सौ बहनें श्रीराम जी का चित्र एवं कलश लेकर रामधुन गाते हुए ढोल ताशे के साथ निकलीं। यात्रा देवप्रयागम पीडीए कॉलोनी फेज एक के अन्नपूर्णा मंदिर से स्टेट बैंक कौशांबी रोड झलवा, झलवा चौराहा होते हुए भैरव मंदिर झलवा पहुंची। दर्शन पूजन के बाद ट्रिपल आइटी होते हुए वापस अन्नपूर्णा मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा का नेतृत्व समिति की विभाग शारीरिक प्रमुख श्रीमती सुलोचना ने किया। स्वयंसेविका ऊषारानी पाठक, मधु अग्निहोत्री, संध्या श्रीवास्तव, वार्ड 35 (झलवा) की पार्षद श्रीमती प्रीति साहू सहित अनेक महिलाएं सम्मिलित हुई। सुरक्षा का दायित्व नगर के स्वयंसेवकों ने सम्भाला।

## उत्कृष्ट कार्या के लिए हुए सम्मानित

**आजमगढ़।** महाराणा प्रताप सेना के वार्षिकोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन प्रभुनारायण पांडेय प्रेमी, कैप्टन उमाशंकर सिंह, शशि राय सहित 8 लोग सम्मानित हुए वहीं कला क्षेत्र में अभिषेक पंडित, ममता पंडित, राजकुमार को सम्मानित किया गया। साथ ही संगीत क्षेत्र में अजय मिश्र, आराधना सिंह, शैलेन्द्र सिंह वहीं प्रख्यात मूर्तिकार शैलेंद्र सिंह का सम्मान हुआ।

# कैंप लगाकर विभिन्न योजनाओं दी गयी जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत बहेरा व आलमपुर, अतरौलिया के ग्राम पंचायत चतुरपुर मढ़ाई पट्टी व महंगूपुर ढ़हार, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत सराय सागर मालटारी व समुन्दपुर, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत तोहफापुर



व पन्ती खूर्द, हरैया के ग्राम पंचायत बगई कपूर व बनहरा, जहानागंज के ग्राम पंचायत काजीपुर व पारसपुर, कोयलसा के ग्राम पंचायत अरांव गुलजार व रतनावे, लालगंज के ग्राम पंचायत मिर्जापुर व बघरवा उर्फ मोलनापुर चक, महराजगंज के ग्राम पंचायत चौरासी व देवेनपुर, मेंहनगर के ग्राम पंचायत हटवा आइमा व देवइत, मिर्जापुर के ग्राम पंचायत मुड़ियार व खांपुर चितरावल, पल्हनी के ग्राम पंचायत सराय सादी व सम्मोपुर, रानी की सराय के ग्राम पंचायत चड़ई व बिठलपुर, सठियांव के ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद व केरमा, तहबरपुर के ग्राम पंचायत जानकीपुर, तरवां के ग्राम पंचायत महुवापार व मऊ पारासीन, ठेकमा के ग्राम पंचायत मिर्जा जगदीशपुर व चिवटही में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा विकसित भारत बनाने का शपथ दिलाया गया। इसी के साथ ही लाभार्थियों द्वारा सफलता की कहानी भी सुनाई गयी। इसी क्रम में दिनांक 09 जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत खझुरी व पीठापुर, अतरौलिया के ग्राम पंचायत बढ़या व हरदिया, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत सोकहना खालसा व सोहराभार मु0 बरडीहा, हरैया के ग्राम पंचायत महाजी सिधवारा व करखिया रूस्तम सराय, जहानागंज के ग्राम पंचायत पोवठा व बीरभद्रपुर, तरवां के ग्राम पंचायत तियरा व मठबैजनाथपुर, ठेकमा के ग्राम पंचायत रसूलपुर बाजबहादुर व अमेठी में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक एवं लाभान्वित किया जायेगा।

# तहसील कर्मियों को ईवीएम/वीवीपैट की दी गई हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आगामी 10 तारीख से तहसील एवं जिला मुख्यालय पर ईवीएम प्रदर्शन सेंटर (ईडीसी) लगाए जाने के क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्येक तहसील से 5-5 कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट की हैंड्सऑन ट्रेनिंग दी गई।



स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इं0 कुलभूषण सिंह द्वारा ईवीएम/वीवीपैट का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आम जनमानस को ईवीएम के प्रति जागरूक करने हेतु चलाया जा रहा है। उन्होंने बीयू/सीयू एवं वीवीपैट का कनेक्शन करने के बारे में बताया एवं डेमोंसट्रेशन सेंटर पर भारत निर्वाचन आयोग के एसओपी के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में वोट देने वाले वोटरों के लिए लॉगबुक रजिस्टर बनाया जाएगा एवं प्रत्येक दिन ईवीएम में डाले गए वोटों को वीवीपैट के ड्रॉप बॉक्स से समस्त पर्चियां निकालकर नष्ट की जाएगी।

# इविवि के छात्रावासों में अवैध कब्जा हटाने के लिए अभियान शुरू

- ताराचंद हॉस्टल में विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ पहुंची भारी पुलिस फोर्स
- सभी छात्रावासों में चलेगा अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रावासों में वॉश आउट सोमवार से शुरू हो गया। शुरुआत डॉ. ताराचंद छात्रावास से की गई। सुबह नौ बजे बड़ी संख्या में फोर्स अवैध छात्रों का कब्जा हटाने के लिए हॉस्टल पर पहुंची तो अंतःवासियों में खलबली मच गई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले ही नोटिस जारी कर छात्रावासों से अवैध कब्जा हटाने की जानकारी दे दी थी।

इसकी सूचना विश्वविद्यालय के कैंपस और हॉस्टलों के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दिया गया था। विवि प्रशासन को सूचना मिली थी की बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हॉस्टलों में कब्जा जमाए हुए हैं जो विवि के छात्र नहीं हैं या उनका कोर्स पूरा हो चुका है। ताराचंद के साथ शताब्दी ब्वॉयज और केपीयूसी में भी अभियान चलाया गया।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह के अनुसार यह अभियान लगातार चार दिनों तक विश्वविद्यालय के 10 हॉस्टलों में चलाया जाएगा। नौ जनवरी को डायमंड जुबली हॉस्टल एवं एएन झा हॉस्टल, 10 जनवरी को जीएन झा हॉस्टल एवं पीसीसीबी हॉस्टल और 11 जनवरी को एसआरके हॉस्टल, सर सुंदर लाल हॉस्टल एवं हॉलैंड हॉल हॉस्टल में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। शनिवार को चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में हुई अधीक्षकों की बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई थी। सभी हॉस्टलों के अधीक्षकों से वैध अंतःवासियों की लिस्ट भी मांगी गई थी, ताकि अभियान के दौरान वैध अंतःवासियों के भी प्रवेश संबंधी आवश्यक दस्तावेजों एवं फोटो का भौतिक सत्यापन किया जा सके।

दरअसल, कई हॉस्टलों से शिकायत आई है कि जिन छात्रों के नाम कमरे आवंटित हैं, उनमें कोई दूसरा व्यक्ति रहता है। ऐसे ही लोगों हॉस्टलों से जारी अराजक गतिविधियों में लिप्त हैं और हॉस्टल प्रशासन के पास इनका कोई रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है। अभियान के दौरान हॉस्टलों के जिन कमरों में अवैध कब्जा है, उन कमरों पर इविवि प्रशासन अपना ताला लगा देगा। इसके बाद खाली कराए गए कमरे छात्रों को नए सिरे से आवंटित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि पिछले दिनों हॉस्टलों में लगातार घटनाएं हुईं। दो हॉस्टलों के छात्रों के बीच जमकर मारपीट, पत्थरबाजी, बमबाजी और गोलीबारी की घटना हुई। इसके बाद एक हॉस्टल में बम बनाते वक्त पीजी के छात्र का हाथ उड़ गया। इविवि प्रशासन ने जब छानबीन शुरू की तो पता चला कि हॉस्टलों के कमरों में बड़ी संख्या में अवैध कब्जा है। इसी वजह से इविवि प्रशासन ने हॉस्टलों में अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया।

# सम्मानित किए गए सफाई सैनिक

- सफाई सैनिक वार्षिक सम्मान दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** पुजारी मानव सेवा एवं प्रकृति संरक्षण संस्थान व शांतिपुरम विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में शांतिपुरम राजापुर में भव्य आयोजन के साथ सफाई सैनिक वार्षिक सम्मान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, प्रधानाचार्य ज्वाला देवी इंटर कॉलेज गंगापुरी युगल किशोर मिश्र, भास्कर पटेल पार्षद, पार्षद भोला तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुजारी मानव



सेवा एवं प्रकृति संरक्षण संस्थान के अध्यक्ष के पी मिश्र (मनोज) ने करते हुए अपने उद्बोधन में सफाई सैनिकों को नगर को स्वच्छ रखने में उनके सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करते हुए लोगों से अपील की कि सफाई सैनिक शहर को स्वच्छ बनाने में समाज की रीढ़ है। हमें इनके साथ सद्भाव एवं समरसता का व्यवहार करना चाहिए। महापौर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं कंबल से सम्मानित होने पर सभी सफाई सैनिकों ने प्रसन्नता व्यक्त किया। महापौर ने अपने उद्बोधन में इन सफाई सैनिकों के प्रति आभार जताते हुए संस्था को ऐसा कार्य सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया। अपने कथन में उन्होंने कहा वास्तव में सफाई सैनिक सम्मानित होने के पात्र हैं इतना कठिन कार्य करते हुए भी यह अपना कार्य लगन से करते रहते हैं यह समाज का दायित्व है कि हम ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से जब भी कभी मौका हो हम उनको सम्मान देते रहें।

# हनुमान मंदिर में 11 हजार दीपों के साथ मनेगा राम उत्सव: लालू मित्तल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की तर्ज पर शहर के हनुमत निकेतन सिविल लाइंस में भी राम उत्सव की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। कार्यक्रम के संयोजक लालू मित्तल ने बताया कि 22 जनवरी को पूरे सिविल लाइंस हनुमान मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा, जिसमें विशेष प्रकार की रोशनी, ध्वज होगी। विशेष आकर्षण राम मंदिर मॉडल होगा, जो कलाकारों द्वारा कड़ी मेहनत से बनाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में



11 हजार दीप जलाकर किया जाएगा। इस मौके पर सुंदरगांड का पाठ भी मुंबई के संगीतकारों द्वारा किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में एक विशाल एलईडी लगाई जाएगी, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या का सजीव प्रसारण सामूहिक रूप से सभी लोग देखेंगे। 12:32 शुभ मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारा का आयोजन होगा, जो दिनभर चलेगा। सूर्यास्त के बाद शाम छह बजे से शानदार आतिशबाजी की जाएगी और 500 वर्षों के बाद दूसरी दिवाली मनाई जाएगी। प्रचार प्रसार का कार्य देख रहे। अमरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में महामंडलेश्वर, साधु संत, मंदिरों के पुजारी आदि भी शामिल होंगे। इसी के साथ किन्नर अखाड़ा आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से विशेष मुलाकात करके उनको इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारने के लिए निमंत्रण दिया गया।

# अहंकारी भाजपा के खिलाफ न्याय की जीत: प्रमोद तिवारी

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** गुजरात के चर्चित बिलकीस बानो केस पर सुप्रीम कोर्ट से आज आए फैसले को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। सोमवार को सिविल लाइन्स स्थित एलगिन रोड आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस के डेप्युटी लीडर प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला गुजरात सरकार के मुंह पर झन्नाटेदार तमाचा है। उन्होंने सियासी निशाना साधते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद गुजरात के सीएम को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो केंद्र सरकार को उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। कहा की गुजरात सरकार को अपने फैसले को लेकर पूरे देश से माफी भी मांगनी चाहिए। प्रमोद तिवारी का कहना है कि बिलकिस बानो की घटना से भारत माता और नारी जाति शर्मिंदा हुई थी। जिन अपराधियों को जेल में होना चाहिए था, सरकार ने उन्हें न सिर्फ रिहा किया था बल्कि विजय पर्व भी मनाया था। प्रमोद तिवारी ने कहा है कि वह और उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पूरी तरह से सम्मान और स्वागत करती है। वहीं सुप्रीम फैसले को लेकर अहंकारी भाजपा के खिलाफ न्याय की जीत बताया। इस दौरान अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के बयान पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि उनका काम पूजा पाठ करना है और उन्हें वही करना चाहिए। उन्हें



सियासी बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी कभी सत्ता में नहीं आएगी, इस तरीके का बयान सिर्फ एक तानाशाह ही दे सकता है। प्रमोद तिवारी ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने जब देश को आजाद कराया था तब बीजेपी के लोग अंग्रेजों से मिले हुए थे। महंत सत्येंद्र दास का जो काम है उन्हें उसे ही बेहतर तरीके से करना चाहिए। कांग्रेस और बीजेपी की कोई तुलना नहीं हो सकती। अयोध्या का राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बना है। बीजेपी का इसमें कोई रोल नहीं है। कोर्ट के आदेश पर कांग्रेस सरकार के वक्त ही अयोध्या में ताला खुला था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी इस पर सियासत नहीं की और इसका श्रेय लेने की कोशिश नहीं की। सीट बंटवारे और प्रियंका व राहुल के चुनाव लड़ने पर विपक्षी इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे के सवाल पर प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस पर काम चल रहा है और जल्द ही सीटों का बंटवारा हो जाएगा।

उन्होंने दोहराया कि इंडिया गठबंधन ने फैसला लिया है कि पीएम पद को लेकर चुनाव नतीजे के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। प्रियंका राहुल और सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह तीनों पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं और इन्हें खुद ही तय करना होगा कि वह किस सीट से चुनाव लड़े। चुनाव लड़ने या ना लड़ने का फैसला भी इन्हें खुद ही लेना है। कांग्रेस परिवार उनके फैसलों का स्वागत करेगा। वाराणसी सीट पर पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस या इंडिया गठबंधन की तरफ से कौन चुनाव लड़ेगा, इस बारे में समय पर फैसला लिया जाएगा, लेकिन यह जरूर तय है कि बेहद मजबूत प्रत्याशी उतारा जाएगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के वाराणसी से चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह उनकी इच्छा जरूर है, लेकिन इस बारे में फैसला पार्टी को करना है। इस मौके पर पूर्व विधयाक विजय प्रकाश, जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, संजय तिवारी, हसीब अहमद, मनोज पासी, रईस अहमद, दिनेश सोनी साहित आदि लोग मौजूद रहे।

# देश में मिला नया तेल भंडार

**उत्पादन शुरू**

**सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ओएनजीसी ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 से पहला तेल उत्पादन शुरू कर दिया है।**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने देश में नई तेल खोज की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कृष्णा गोदावरी बेसिन में काकीनाडा के तट से 30 किलोमीटर दूर, कल पहली बार तेल निकाला गया था। 2016-17 में इस पर काम शुरू हुआ था हालांकि, फिर कोविड के कारण कुछ देरी हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वहां 26 कुओं में से 4 कुएं पहले से ही चालू हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास न केवल बहुत कम समय में गैस होगी। इसके अलावे मई और जून तक, हम प्रति दिन 45,000 बैरल का उत्पादन करने में सक्षम होने की उम्मीद करते हैं। यह उत्पादन हमारे देश के कुल कच्चे तेल के उत्पादन का 7 प्रतिशत और हमारे गैस उत्पादन का 7 प्रतिशत होगा।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ओएनजीसी ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 से पहला तेल उत्पादन शुरू कर दिया है। जिस स्थान पर तेल निकाला जाता है वह कृष्णा गोदावरी बेसिन में काकीनाडा के तट से 30 किलोमीटर दूर है।

बेसिन से पीक तेल और गैस उत्पादन के लिए चरण 3, पहले से ही चल रहा है और इसके जून 2024 में समाप्त होने की संभावना है। 98/2 परियोजना से ओएनजीसी के कुल तेल और गैस उत्पादन में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता भारत अपनी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए वैश्विक बाजार के विभिन्न स्रोतों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है।

ओएनजीसी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कंपनी ने 7 जनवरी 2024 को कृष्णा गोदावरी डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 (बंगाल की खाड़ी में) से पहली बार एफपीएसओ के लिए तेल निकालता शुरू किया जो परियोजना के चरण-2 के पूरा होने के करीब है। तेल और गैस उत्पादन के लिए चरण-3 पहले से ही चल रहा है और जून 2024 में इसके समाप्त होने की संभावना है। 98/2 परियोजना से ओएनजीसी के कुल तेल और गैस उत्पादन में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

# डीजीसीए ने पायलट्स की ड्यूटी टाइम से जुड़े नियम बदले

## साप्ताहिक विश्राम अवधि बढ़कर अब 48 घंटे होगा

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को उड़ान चालक दल के सदस्यों के लिए उड़ान ड्यूटी समय सीमा के संशोधित नियम जारी किए हैं। नियामक ने साप्ताहिक विश्राम अवधि बढ़ाकर 48 घंटे करने, रात के घंटे बढ़ाने और रात में उतरने वाले विमानों की संख्या छह से बढ़ाकर केवल दो करने का प्रावधान किया है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ये नियम एक दशक से अधिक समय से थकान से संबंधित विमानन सुरक्षा जोखिमों के प्रबंधन में सहायक रहे हैं। विमानन कंपनियों को एक जून तक संशोधित नियमों का अनुपालन करना होगा। बयान में कहा गया है कि पायलट्स की थकान से जुड़ी चिंताओं को दूर करने और उन्हें कम करने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन ऑपरेटर्स की ओर से सौंपी गई पायलट थकान रिपोर्ट के साथ बड़ी संख्या में पायलट रोस्टर एकत्र किए और उनका विश्लेषण किया। अध्ययन और विश्लेषण के आधार पर, थकान पैदा करने वाले कुछ प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गई, इनमें अधिकतम उड़ान ड्यूटी अवधि, रात की ड्यूटी, साप्ताहिक आराम की अवधि, उड़ान ड्यूटी अवधि विस्तार, आदि शामिल है। बयान के अनुसार, एयरलाइन ऑपरेटर्स, पायलट संघों और व्यक्तियों सहित विभिन्न हितधारकों से व्यापक डेटा विश्लेषण और प्रतिक्रिया के बाद संशोधित एफडीटीएल नियम तैयार किए गए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत में विशिष्ट परिचालन माहौल को ध्यान में रखते हुए नियमों में संशोधन करते समय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं- अमेरिका के एफएए और यूरोपीय संघ के ईएएसए को भी ध्यान में रखा गया है। संशोधित नियमों में विमान चालक दल के सदस्यों के लिए साप्ताहिक आराम की अवधि 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे करना अनिवार्य है, जिससे थकान से उबरने के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित हो सके।

# तमिलनाडु को जीआईएम 2024 में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव




**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को कहा कि राज्य की द्रमुक सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 के दौरान विभिन्न कंपनियों ने राज्य में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का वादा किया। जीआईएम 2024 के समापन सत्र में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनियों ने तमिलनाडु में कुल 6,64,180 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इससे राज्य में 26,90,657 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा और टैफे लिमिटेड की प्रमुख मल्लिका श्रीनिवासन सहित पार्टी मंत्रिमंडल के सहयोगियों और उद्योगपतियों की मौजूदगी में स्टालिन ने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि नए निवेश के लिए सभी आवश्यक मंजूरी एकल खिड़की मंजूरी के माध्यम से जारी की जाएगी। रिवर क्रूज पर्यटन पर 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी सरकार, बोले सोनोवाल केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि सरकार 2047 तक रिवर क्रूज पर्यटन और हरित जहाजों के विकास में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सोनोवाल ने शुक्रवार को कोलकाता में पहली अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद की बैठक से इतर कहा, ÷हम रिवर क्रूज में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहे हैं, जिससे 2047 तक यात्रियों की क्षमता दो लाख से बढ़कर 15 लाख हो जाएगी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले 10 वर्षों में हरित परिवहन में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करना है, ताकि 1,000 जहाजों और घाटों को विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर 2047 तक 60,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से होगा। इन परियोजनाओं से हजारों नौकरियां पैदा करने में मदद मिलेगी।

# इस सर्दी में, बादाम आधारित इस स्वस्थ और आसानी से बनने वाली मिठाई को आज़माएं



सर्दी भोजन और मिठाइयों का आनंद लेने का मौसम है, लेकिन विशेष रूप से आपके द्वारा खाए जाने वाले मीठे व्यंजनों के बारे में सावधान रहना महत्वपूर्ण है,यदि आप मधुमेह जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं।यदि आप इस सर्दी में कुछ मीठा खाने का मन कर रहे हैं, तो स्वादिष्ट बादाम और गाजर का हलवा रेसिपी आज़माने पर विचार करें। यह आपके आहार में गाजर को शामिल करने का एक अच्छा समय है क्योंकि यह मौसम में है और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है जैसे स्वस्थ दृष्टि को बढ़ावा देना, त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करना। इसके अतिरिक्त, व्यंजनों में मुट्ठी भर बादाम शामिल करने से न केवल उनका स्वाद बल्कि उनकी स्वास्थ्यप्रदता और पौष्टिक गुण भी बढ़ जाते हैं।हलवे के लिए बादाम को गाजर के साथ मिलाना न सिर्फ एक आसान रेसिपी है, बल्कि बेहद स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक भी है।ये नट्स विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन, जिंक और प्रोटीन जैसे 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हैं, न केवल ऊर्जा देने वाले हैं, बल्कि मांसपेशियों के विकास और रखरखाव में योगदान देने के लिए भी जाने जाते हैं। आप जो व्यंजन बनाते हैं उनमें मुट्ठी भर बादाम शामिल करने से भी इस सर्दी में त्वचा और हृदय के स्वास्थ्य में मदद मिलती है। प्रकाशित आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी ग्रंथों के अनुसार, बादाम त्वचा के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है और त्वचा की चमक बढ़ा सकता है। इसके अतिरिक्त, बादाम अपने तृप्तिदायक गुणों के कारण वजन घटाने में मदद करता है। इसलिए, सर्दियों में बादाम को अपने आहार और व्यंजनों में शामिल करना एक अच्छा विचार है और इससे विभिन्न स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। सबसे पहले, बनाने में आसान और स्वादिष्ट बादाम और गाजर का हलवा आज़माएँ। नीचे दी गई रेसिपी देखें।

सर्विंग 6 लोग, सामग्री मात्रा, (गाजर के लिए), गाजर ½ कि., क्रीम दूध आधा लि., शक्कर आधा कप., इलायची (पाउडर) 4 नग., घी 2 चम्मच., बादाम (ब्लांच) द कप. (क्रंबल या चूरा के लिए), आटा ङ कप., मक्खन (बिना नमक वाला) आधा कप., शक्कर आधा कप, पिसा हुआ बादाम आधा कप

**तरीका:** एक पैनमें दूध और गाजर को एकसाथ डालें और तब तक पकाते रहें जब तक कि दूध तीन चौथाई (3/4) न रह जाए।

इसमें इलायची पाउडर, घी और चीनी डालें फिर इसे अच्छे से मिला लें।

इसमें कटे हुए, ब्लांच किए हुए बादाम डालें और अच्छी तरह मिलाएँ।

फिर आटा, मक्खन, चीनी और पिसे हुए बादाम को एकसाथ मिलाकर इसका चूरा बनालें।

इस मिश्रण (चूरा) को 180एC पर तब तक पकाएं जब तक कि उसका रंग भूरा न हो जाए।

जब हलवे से भीनी-भीनी खुशबू आने लगे तो गैस बंद कर दें। आपका बादाम का हलवा बन कर तैयार हो गया है।

इसे सर्व करने से पहले एक बड़े बाउल में निकाल लें और ऊपर से सेकें हुए बादाम डाल दें।

**पोषण विश्लेषण**

कैलोरी 3,705 प्रोटीन 65.5 ग्राम
कुलवसा 216.2 ग्राम संतृप्त वसा 77.6 ग्राम
बहुअसंतृप्तवसा 63.9 ग्राम असंतृप्तवसा 22.6 ग्राम
कार्बोहायड्रेट 373.9 ग्राम फाइबर 43.2 ग्राम
कोलेस्ट्रोल 306 मिग्रा सोडियम 359.4 मिग्रा
कैल्शियम 1141.8 मिग्रा मॅग्नेशियम 633.9 मिग्रा
पोटेशियम 3329.5 मिग्रा विटामिन-ई 39.7 मिग्रा

# धर्मेंद्र प्रधान ने पहियों पर कौशल प्रदान करने वाली बस कौशल रथ लॉन्च की

**प्रशिक्षण**

**डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, खुदरा और उद्यमशीलता कौशल सहित अन्य पाठ्यक्रम मॉड्यूल में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करना।**



**संबलपुर, ओडिशा।** 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवा पीढ़ी की क्षमता विकसित करने के लिए, केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने पहियों पर कौशल प्रदान करने वाली बस कौशल रथ लॉन्च की। एनएसडीसी के नेतृत्व में इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सुलभ और व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। ये विशेष मोबाइल बसें ओडिशा के संबलपुर, अंगुल और देवगढ़ जिलों में इच्छुक उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

अत्याधुनिक उपकरणों, सुविधाओं और प्रमाणित प्रशिक्षकों से सुसज्जित, ये बसें डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, खुदरा और उद्यमशीलता कौशल सहित अन्य पाठ्यक्रम मॉड्यूल में प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करेंगी। ये सभी पाठ्यक्रम स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पर किए जा सकते हैं, जिसे विशेष रूप से एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से भारतीय नागरिकों में कौशल, पुनः कौशल और उन्नयन के लिए विकसित किया गया। कौशल रथ ओडिशा के कई जिलों से गुजरेगा और युवाओं को रोजगार और स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करके उनके साथ संबंध स्थापित करेगा। कंप्यूटर, उपकरण, सुविधाओं और योग्य प्रशिक्षकों से सुसज्जित, कौशल रथ अंगुल, संबलपुर और देवगढ़ जिलों से होकर गुजरेगा। इस चरण के दौरान, यह इन क्षेत्रों में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर भारत सरकार के शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। हालाँकि, आने वाले दिनों में, जैसे-जैसे एआई और एमएल हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाएंगे, यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं को डिजिटल साक्षरता और वित्तीय साक्षरता में प्रशिक्षित करें ताकि वे डिजिटल वित्तीय सेवाओं के समृद्ध क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सशक्त हो सकें इसके अलावा, देश तेजी से एक मजबूत डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बढ़ रहा है, जिसका उदाहरण डिजिटल लेनदेन में प्रत्येक 100 रुपये में से 45 रुपये के हिसाब से भारत का प्रभुत्व है, हमारे स्थानीय युवाओं को डिजिटल साक्षरता और समकालीन प्रौद्योगिकियों में अच्छी तरह से पारंगत होना चाहिए।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह कौशल रथ पहल ग्रामीण समुदायों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को डिजिटल साक्षरता और नए जमाने की तकनीक में शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक नागरिक इस डिजिटल युग में अच्छी तरह से परिचित है।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का काम पूरा

**नई दिल्ली।** हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को बताया कि उसने मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और दादर और नगर हवेली में भूमि अधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी भूमि अधिग्रहण की स्थिति साझा करते हुए कहा है कि परियोजना के लिए आवश्यक पूरी 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल लाइन बनाई जा रही है। एनएचएसआरसीएल ने एक बयान में कहा कि परियोजना के लिए सभी सिविल ठेके गुजरात और महाराष्ट्र के लिए दिए गए थे। इनमें 120.4 किलोमीटर गर्डर लॉन्च किए गए और 271 किलोमीटर घाट ढलाई का काम पूरा हो गया। एमएएचएसआर कॉरिडोर ट्रैक सिस्टम के लिए जापानी शिंकानसेन में इस्तेमाल किया जाने वाला पहला प्रबलित कंक्रीट (आरसी) ट्रैक बेड बिछाने का काम सूरत और आणंद में शुरू हो गया है। यह भारत में पहली बार है जे-स्लैब गिट्टी रहित ट्रैक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। एनएचएसआरसीएल ने कहा कि उसने गुजरात के वलसाड जिले में जरोली गांव के पास स्थित 350 मीटर लंबी और 12.6 मीटर व्यास की पहली पर्वतीय सुरंग को केवल 10 महीनों में पूरा करने के साथ एक उल्लेखनीय मील का पत्थर हासिल किया है। पहला स्टील पुल, जो 70 मीटर तक फैला है और जिसका वजन 673 मीट्रिक टन है, सूरत में एनएच 53 पर बनाया गया था, और 28 में से 16 ऐसे पुल निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। एमएएचएसआर कॉरिडोर पर 24 नदियों में से छह पर पार (वलसाड जिला), पूर्णा (नवसारी जिला), मिंधोला (नवसारी जिला), अंबिका (नवसारी जिला), औरंगा (वलसाड जिला) और वेंगानिया (नवसारी जिला) में पुल का निर्माण पूरा हो गया है।

# 'अपोलो' मार्क का दुरूपयोग कर डुप्लीकेट स्टील की चद्दर निर्माता कंपनी पर FIR दर्ज

**कानपुर।** कानपुर के फजलगंज इनडस्ट्रियल क्षेत्र में स्थित श्री गंगा गेलवनाईज़िंग कंपनी के ऊपर अपोलो ब्रांड की नकल करने के आरोप में एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड द्वारा पुलिस उपायुक्त सेंट्रल कानपुर के समक्ष शिकायत दर्ज की गयी जिसके पश्चात श्री गंगा गेलवनाईज़िंग कंपनी पर स्थानीय पुलिस द्वारा छापेमारी की कार्यवाही की गयी। शिकायतकर्ता कंपनी अपोलो एवं एपीएल अपोलो ब्रांड नाम से मेटल पाइप व ट्यूब के लिए प्रसिद्ध कंपनी है । हाल ही में शिकायतकर्ता कंपनी को पता चला की कानपुर फजलगंज स्थित श्री गंगा गैल्वनाइजिंग कंपनी लिमिटेड जिसके निर्देशक संजय अग्रवाल और अपूर्व अग्रवाल है, द्वारा अपोलो सुप्रीम नाम से स्टील की चद्दर की प्रोफाइलिंग की जाती है जो की अपोलो एवं एपीएल अपोलो ब्रांड से भ्रामक रूप से सामान है। शिकायतकर्ता कंपनी एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के अधिकारियों द्वारा फजलगंज पुलिस स्टेशन की स्थानीय पुलिस के साथ की गई छापेमारी में अपोलो सुप्रीम मार्क वाली 155 स्टील की चद्दर और 18 प्लास्टिक लेमिनेशन रोल बरामद कर जब्त किए गए। एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता श्रीहर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी कंपनी के पास ट्रेडमार्क अपोलो सुप्रीम के लिए कोई पंजीकरण नहीं है। उन्होंने बताया की आरोपी कंपनी ने वर्ष 2019 में अपोलो सुप्रीम ट्रेडमार्क के लिए एक आवेदन किया था किन्तु उस ट्रेडमार्क आवेदन में शिकायतकर्ता कंपनी एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड द्वारा वर्ष 2022 में आपत्ति दाखिल कर दी गयी थी। अतः आरोपी कंपनी के पास अपोलो या अपोलो सुप्रीम ट्रेडमार्क के लिए कोई कानूनी अधिकार नहीं है। एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के कानूनी विभाग के उपाध्यक्ष श्री राजीव कोठारी और उनके अधिवक्ता श्रीहर त्रिपाठी ने 29 दिसंबर 2023 को ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 और कॉपीराइट अधिनियम 1957 की प्रासंगिक धाराओं के तहत श्री गंगा गैल्वनाइजिंग कंपनी लिमिटेड के खिलाफ FIR संख्या 150/2023 फजलगंज थाने में दर्ज कराई गई है ।

# गैलेक्सी अनपैक्ड 2024: मोबाइल एआई के नये जमाने की शुरुआत

मोबाइल का एक नया और क्रन्तिकारी अनुभव आ रहा है। गैलेक्सी में नये-नये इनोवेशन के साथ संभावनाओं से भरे एक नये युग का आनंद उठाने के लिए तैयार होजाइए। इसे आपके जीने,लोगों से जुड़ने और कुछ नया क्रिएट करने का तरीका बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई गैलेक्सी एस सीरीज अभी तक के सबसे इंटेलीजेंट मोबाइल अनुभवों के मानक को ऊँचा करने जा रही है।

रोजाना की ज़िंदगी में एक शानदार आनंद का अनुभव कीजिये। 17 जनवरी को सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स सैन जोस में 'अनपैक्ड' की मेजबानी करेगी। गैलेक्सी के नये-नये प्रीमियम इनोवेशन से पर्दा हटाने में हमारे साथ हो जाइये। इसमें एआई से पॉवर्ड मोबाइल का बिलकुल नया अनुभव मिलेग। इस इवेंट को सैमसंग.कॉम , सैमसंग न्यूज़रूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर भारतीय समय के अनुसार रात 11.30 बजे स्ट्रीम किया जाएगा।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल टीम के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

**बैठक**

**प्रतिभागियों ने विचारों के गतिशील आदान-प्रदान, विचारशील चर्चा और आपसी सीख में शामिल होने के लिए सहयोगात्मक रूप से बैठक की।**

**लखनऊ।** सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल टीम के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, JAIP और JLP 2024 का आयोजन 200+ मार्केटिंग और प्रवेश कर्मचारियों और 60 अकादमिक नेताओं के लिए किया गया। प्रशिक्षण और चर्चाएँ 4-7 जनवरी, 2024 तक गोमती नगर, लखनऊ में हुईं। सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल पूरे भारत के 5 राज्यों में 55 K-12 स्कूल संचालित करता है।

जयपुरिया समूह के उपाध्यक्ष श्रीवत्स जयपुरिया ने प्रतिभागियों को संगठन के विकास में उनके निरंतर योगदान के लिए बधाई दी और प्रेरित किया। उन्होंने दृष्टि को सरेखित करने, संस्कृति के निर्माण, प्रतिभा घनत्व, नवाचार और सबसे महत्वपूर्ण आत्म-विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए नेतृत्व के अर्थ के बारे में बात की। शिक्षा का असली उद्देश्य राष्ट्र निर्माण है। संवादात्मक संबोधन को दर्शकों से व्यापक सराहना और तालियाँ मिलीं। यह हमारे परिवार की चौथी पीढ़ी है जो शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा दृष्टिकोण बरकरार है पूरे भारत में अधिक से अधिक सीखने के लिए छात्रों तक पहुंच प्रदान करना। आज, मुझे सभी 55 स्कूलों और 5 राज्यों में हमारे प्रभाव को देखकर गर्व है। हम भारत को बेहतर बनाने में एक मजबूत खिलाड़ी बने रहेंगे। बड़े होते हुए, मुझे टियर-2 टियर-3 के भारत की अद्भुत आकांक्षा स्तरों के बारे में पता नहीं था। मुझे बहुत गर्व है कि देश ने हमें यह महान परिवर्तनकारी जिम्मेदारी सौंपी है।

जयपुरिया समूह की उपाध्यक्ष सुश्री अंजलि जयपुरिया ने आंतरिक परिवर्तन पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, शिक्षा का असली उद्देश्य एक मजबूत मूल्य प्रणाली को स्थापित करना और उसे मजबूत करना है। जयपुरिया दर्शन और प्रथाएं, जैसे देवभाषा में दिव्य वाणी, मौन समय, आध्यात्मिक वापसी और परियोजना-आधारित शिक्षा, छात्रों को अधिक लचीला, गहन ज्ञानी और प्रगतिशील बना रही हैं। अपने भविष्य को सही मायने में समझने और 21वीं सदी के लिए तैयार होने के लिए, हमें अपनी समृद्ध विरासत और विरासत पर निर्माण करना चाहिए। वासुदेव कटुम्बकम विश्व एक है का दृष्टिकोण वास्तव में जयपुरिया में व्यवहार में है, और हम देश में जो प्रभाव पैदा कर रहे हैं उसे देखकर मुझे गर्व है।

# 'सरपंच संवाद' में प्रधानमंत्री मोदी के 9 संकल्पों को पूरा करने का लिया संकल्प

**प्रतिबद्धता**

**विकसित भारत@2047 के लिए गुणवत्तापूर्ण गांवों के निर्माण के लिए प्रतिबद्धता जताई**

**वाराणसी।** वाराणसी और इसके पड़ोसी जिलों के 500 से ज्यादा सरपंच एक साथ आए और प्रधानमंत्री रेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए 9 संकल्पों को पूरा करने के लिए सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा ली। गौरतलब है कि ये सभी सरपंच क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सरपंच संवाद पहल के तहत इकट्ठा हुए थे। यह एक ऐसी पहल है जो जमीनी स्तर पर गुणवत्ता बढ़ाने का काम करती है। विकसित भारत@2047 के लिए गुणवत्तापूर्ण गांवों का निर्माण विषय के तहत आयोजित कार्यक्रम में माननीया वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्रीअनुप्रिया पटेल की विशिष्ट उपस्थिति रही। इस दौरान क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जक्षय शाह भी मौजूद रहे।



इस मौके पर माननीया वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने ग्राम प्रधानों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷इस गौरव काल के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा में योगदान देने में गाँव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। त्त्फ्ढ्ढ की सरपंच संवाद पहल गांव के प्रधानों को जमीनी स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधनों से जोड़कर विकसित भारत यात्रा में योगदान देने के लिए एक सशक्त माध्यम के रूप में कार्य करती है। गुणवत्तापूर्ण गांवों के निर्माण में मात्र बुनियादी ढांचे का ही निर्माण नही करना है बल्कि हमे एक मज़बूत और समावेशी समाज का भी निर्माण करना है जहां प्रत्येक नागरिक भारतीय गांवों को गुणवत्तापूर्ण गांवों में बदलने की दिशा में काम करने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करते हुए आगे बढ़ सके।

क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री जक्षय शाह ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास में गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷इस गौरव काल में हमें विकसित भारत की ओर प्रेरित करने के लिए गुणवत्ता को शहरी केंद्रों से आगे बढ़कर हमारे ग्रामीण समुदायों के दिल तक पहुंचाना महत्त्वपूर्ण है । सरपंच संवाद पहल के माध्यम से हम शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और डिजिटल साक्षरता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर के सरपंचों को उनके गांवों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उपकरणों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से लैस कर रहे हैं। हमने पूरे भारत में लगभग 2.5 लाख सरपंचों का एक डिजिटल नेटवर्क बनाने के उद्देश्य से सरपंच संवाद मोबाइल ऐप बनाया है। यह ऐप जानकारी साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष और यूजर फ्रेंडली एकीकृत मंच प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित सरपंचों द्वारा पैनल चर्चाएं भी हुईं। सभी सरपंचों ने ग्रामीण विकास में अपनी सफलता की कहानियां और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। इन कहानियों में आत्मनिर्भरता, सामुदायिक जुड़ाव, टिकाऊ प्रथाओं और डिजिटल पहल के पहलुओं को शामिल किया गया है। इस चर्चा ने अन्य प्रतिभागियों के लिए सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य किया। सरपंचों के बीच हुई इस चर्चा में ग्रामीण परिवर्तन को आगे बढ़ाने में सहयोग और जानकारी साझा करने के महत्व का प्रदर्शन हुआ।

# बादाम जैसे प्राकृतिक प्रोटीन स्रोत प्रोटीन की जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा कर सकते हैं

**कानपुर।** प्रोटीन स्वस्थ आहार का एक आवश्यक अंग है, जो विभिन्न शारीरिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन भारत को प्रोटीन की कमी की चिंताजनक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, कई लोग आवश्यक दैनिक सेवन को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। भारत में, मांस और मछली जैसे मांसाहारी खाद्य पदार्थों के साथ प्रोटीन का एक आम संबंध है। इस ग़लतफ़हमी को चुनौती देते हुए, आलमंड बोर्ड ऑफ़ कैलिफोर्निया ने हाल ही में कानपुर में एक सेशन की मेजबानी की। इस कार्यक्रम के दौरान, डायटीशियन रितिका समद्दर ने इस बात पर जोर दिया कि बादाम जैसे प्राकृतिक प्रोटीन स्रोत अक्सर किसी की प्रोटीन की जरूरतों को पर्याप्त रूप से पूरा कर सकते हैं। उन्होंने शाकाहारी भोजन में प्रोटीन की कमी, वजन बढ़ने की चिंता और प्रोटीन पाचन से संबंधित मुद्दों के बारे में आम गलतफहमियों को संबोधित किया।दुर्भाग्य से, आज भी, बड़ी संख्या में भारतीयों में प्रोटीन की महत्वपूर्ण आहार आवश्यकता के बारे में जागरूकता का अभाव है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 73 प्रतिशत भारतीय अनुशंसित दैनिक प्रोटीन सेवन को पूरा करने में विफल रहते हैं, 90 प्रतिशत से अधिक में इस कमी के बारे में जागरूकता की कमी है। इसके अलावा, एक अन्य सर्वेक्षण ने एक महत्वपूर्ण मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में प्रोटीन के महत्व के बारे में समझ की व्यापक कमी को उजागर किया है, विशेष रूप से भारतीय परिवारों, विशेषकर माताओं के बीच। इस सेशन के दौरान, डायटीशियन रितिका समद्दर ने इस बात पर जोर दिया कि फिटनेस से संबंधित आहार के बढ़ते व्यावसायीकरण ने कई लोगों को गलती से प्रोटीन पूरक की आवश्यकता पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने यह पहचानने के महत्व पर जोर दिया कि बादाम, दालें और दाल सहित प्राकृतिक प्रोटीन स्रोत अक्सर किसी की प्रोटीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त से अधिक होते हैं। उन्होंने सोयाबीन, दालें, दालें और नट्स जैसे पौधे-आधारित प्रोटीन विकल्पों की उपलब्धता पर भी चर्चा की, जिनमें बादाम एक उल्लेखनीय उदाहरण है। रितिका समद्दर ने कहा ÷प्रोटीन मानव शरीर का एक आवश्यक अंग है, और इस पोषक तत्व का पर्याप्त मात्रा में सेवन करना महत्वपूर्ण है। हम सभी जानते हैं कि प्रोटीन आमतौर पर जिम संस्कृति से जुड़ा हुआ है, जहां लोग अक्सर कसरत के बाद प्रोटीन शेक का सेवन करते हैं, यह मानते हुए कि यह प्रदर्शन को बढ़ाता है। और मांसपेशियों की मरम्मत में सहायता करता है।

# कुशीनगर में पर्यटकों के लिए लागू नहीं हुई टेंटेड एकोमोडेशन योजना

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक वर्ष पूर्व टेंटेड एकोमोडेशन (टेंट का आवास) योजना लागू की गई थी। इसके तहत भारतीय व विदेशी पर्यटकों को खुले में आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना था। दिसंबर 2022 में केंद्रीय पर्यटन की टीम ने यहां तीन स्थलों का निरीक्षण किया था, लेकिन योजना में अब तक कोई प्रगति नहीं हो सकी है।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए इको टूरिज्म की एक नई योजना बनाई है। इसके तहत पर्यटकों को प्राकृतिक वातारण में ठहराया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा कुशीनगर सहित श्रावस्ती व कपिलवस्तु का



- **चार एकड़ में बनेगा टेंट का आवास, एक वर्ष पूर्व पर्यटन विभाग ने सर्वे किया था जमीन**
- **अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर का मामला**

चुनाव किया गया है। इन पर्यटक स्थलों पर प्रयागराज के संगम की तर्ज पर व्यवस्था की जाएगी। कुशीनगर में लगभग चार एकड़ में टेंटेड एकोमोडेशन की व्यवस्था करने की योजना है। इसमें पर्यटकों के लिए सुख-सुविधाओं के सभी साधन उपलब्ध रहेंगे। इसके लिए बीते वर्ष दिसंबर में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक अनिल ओरान, सहायक क्षेत्रीय निदेशक वाराणसी अमित गुप्त व उप्र पर्यटन के क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी रवींद्र कुमार, पर्यटक सूचना अधिकारी कुशीनगर डा. प्राण रंजन ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बुद्धस्थली में तीन स्थलों का निरीक्षण किया। टीम ने थाई बुद्धिस्ट मोनास्ट्री के सामने की भूमि, निरस्त हुए मैत्रेय प्रोजेक्ट स्थल व रामाभार पुल के पास स्थान का निरीक्षण किया था। योजना के तहत राज्य सरकार को भूमि उपलब्ध कराना है जबकि बजट की व्यवस्था केंद्र सरकार को करनी है।

### केंद्रीय पर्यटन विभाग के आदेश की प्रतीक्षा

क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी गोरखपुर रवींद्र कुमार ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन विभाग की टीम ने टेंटेड एकोमोडेशन के लिए एक वर्ष पूर्व ही सर्वे कर लिया था। रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जा चुकी है। केंद्रीय पर्यटन विभाग के आदेश की प्रतीक्षा है। आदेश आने पर अगली प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

## सर्द हवाओं के आगे कमजोर साबित हुई धूप

**अमेठी।** जनपद में कल से गुनगुनी धूप खिल रही है लेकिन सोमवार को सर्द हवाओं के आगे खिली धूप कमजोर साबित हो रही थी। लगभग पिछले एक पखवाड़े से जिले में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है ऐसे में जनजीवन बेहाल है कोहरा बारिश और बर्फीली हवाओं ने लोगों को खूब कंपाया। रविवार से धूप खिल रही है लेकिन सर्द हवाओं के आगे धूप कमजोर साबित हो रही है लोग खुले आसमान के नीचे सोमवार को भी धूप सेकते नजर आए। वही सर्दी से बेहाल छुट्टा मवेशी भी जहां-तहां मैदान में एकत्रित होकर धूप लेते नजर आ रहे थे।अपरान्ह बाद धूप काफी कमजोर हुई और सर्द हवाओं ने मौसम को फिर अपने आगोश में ले लिया। लोग ठिठुरन महसूस करने पर मजबूर हुए। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक गए और अलाव के सहारे बैठे रहे। वहीं ग्रामीण अंचल में सार्वजनिक स्थलों पर अभी तक अलाव नहीं जले हैं। जिसके कारण घास फूस जलाकर सुबह शाम लोग सर्दी भगाते नजर आ रहे हैं। गर्म कपड़ों में ढके होने के बावजूद बाइक सवार ठिठुरकर कर आवागमन करने को मजबूर हैं।

# अदालत प्रसाद को मथौली का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों में हर्ष, दी बधाई

## सौंपी गई जिम्मेदारियों को ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा: अदालत

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा निवासी व वार्ड नंबर एक के सभासद प्रतिनिधि अदालत प्रसाद आर्या को मथौली का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों में हर्ष है। नवनियुक्त अध्यक्ष को लोगों बधाई देने के साथ कस्बे कई जगह माला पहनाकर स्वागत किया। बता दें कि अदालत प्रसाद पूर्व में अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष थे। पार्टी के प्रति इनकी मेहनत और लगन को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने मथौली का मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया है। मंडल अध्यक्ष बनने की सूचना मिलते ही कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह जगह माला पहनाकर स्वागत किया। सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में एक बैठक कर सभासदों ने स्वागत किया। इस मौके पर मनोनित मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसे ईमानदारी पूर्वक व निष्ठा के साथ निभाऊंगा। मैं अनुसूचित जाति का हूं लेकिन भाजपा में कोई जाति पाती नही देखी जाती है। सबका साथ, सबका विकास के साथ कार्य कर रही है। मैं प्रदेश व शीर्ष नेतृत्व को तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक का संचालन सभासद हेमंत सिंह ने किया। इस दौरान सभासद प्रिंस जायसवाल, प्रिंस मद्धेशिया, रामाशंकर चौरसिया, रामकृपाल यादव, महेंद्र यादव, विवेक चौबे, मानवेन्द्र सिंह, बसंत कुशवाहा, आकाश जायसवाल, अजय कन्नौजिया, लक्ष्मण वर्मा, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।



नवनियुक्त मथौली मंडल अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत करते सभासद

# व्यय होने वाली सामग्रियों को लेकर डीएम ने दलों के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार प्रसार हेतु व्यय होने वाले सामग्रियों की दर निर्धारण हेतु सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय दलों के अध्यक्ष मंत्रियों के साथ आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक दौरान सामग्रियों के दर निर्धारण से संबंधित सभी जानकारी तथा सूची राजनीति दलों के प्रतिनिधियों को देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित दरों में यदि किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो चार दिन के अंदर अपनी आपत्ति निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्वागत द्वार निर्माण,



- **निर्धारित दरों में आपत्ति की दशा में राजनीतिक दल चार दिन में प्रस्तुत करें आपत्तिः डीएम**

पंडाल, सभा स्थल,फूल माला, बुकें कपड़े का बैनर सहित कुल 69 सामग्रियों हेतु की गई दरों के निर्धारण की सूची सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के सम्बन्ध में भी राजनीतिक दलों से जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा भी की गई। उन्होंने कहा की हमारा लक्ष्य है आगामी चुनाव के दृष्टिगत सभी अर्ह युवा को मतदाता सूची में जोड़ना तथा मृतक व्यक्तियों का विलोपन करते हुए सबसे शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना। निर्वाचन से संबंधित कोई भी परेशानी हो तो तत्काल मुझे या अपर जिलाधिकारी को अवगत करा सकते है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लाभार्थियों से संवाद हुआ



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया, गौरीबाजार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जन-जन तक मोदी सरकार की योजनाओं को पहुंचाने वाली 'मोदी की गारंटी गाड़ी' देवरिया सदर अंतर्गत गौरीबाजार ब्लाक के ग्राम पंचायत सवना परशुराम, भरिया तथा बखरा खास में पहुँची कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रोफेसर (डॉ.) सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने लगे स्टालों का निरीक्षण करते हुए महिलाओं की गोदभराई कराई एवं शिशु अन्नप्राशन संस्कार कराए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कहा कि गरीब और पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान है हर कमजोर व्यक्ति का ध्यान सरकार रखती है उसकी हर सम्भव मदद कर रही है प्रधानमंत्री ने पूरे देश का विचार किया है, हर परिवार को शुद्ध पानी मिले। इसके लिए जल जीवन मिशन बनाया गया। बीमार होने पर ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है सरकार ने हर मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति की है उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु के स्थान पंहुचने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। साथ ही उन्होंने भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने हेतु लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लाभार्थियों से संवाद किया कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि छठ्ठेलाल निगम, राजेश मिश्र, कृष्णनाथ राय, ग्राम प्रधान विकास यादव, रवि यादव, शिला देवी तथा शशिप्रभा राव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आनन्द राव गोलू, अनुज प्रताप सिंह तथा राजेश राव तथा देवेंद्र राय, विकास मणि त्रिपाठी, धीरज प्रताप राव, अतुल राय, कपिलदेव सिंह, प्रिंस मोदनवाल, रामप्रीत कुमार व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ उद्बोधन को सुना।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सोमवार को ग्राम पंचायत पूरे बढ़ई बहादुरपुर थौरा सरुवांवा लालूपुर ढबिया जामों माना मदनपुर महेशपुर गोयान व महिया सेन्दुरिया में किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया। डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया। एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया। जिसे 26 जनवरी 2024 तक जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से संचालित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम कृषि विभाग उद्यान विभाग खादी ग्रामोद्योग जल जीवन मिशन एनआरएलएम बाल विकास पेंशन स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया।

# परवेज आलम को सपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जगह-जगह हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** पूर्व में सपा युवजन सभा के तीन बार जिलाध्यक्ष रहे परवेज आलम को जिला कार्यकारणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है। यह मनोनयन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जिला कार्यकारणी में जिम्मेदारी सौंपा है। बता दें कि ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी परवेज आलम समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता है। इनके सक्रियता पर शीर्ष नेतृत्व ने तीन बार युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पद पर लगातार जिम्मेदारी सौंपी थी। परवेज आलम सपा के एक तेज तर्रार युवा नेता होने के नाते इन्हे समाजवादी पार्टी कुशीनगर के जिला कार्यकारणी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है। इनके मनोनित होने पर लक्ष्मीगंज, कप्तानगंज व लक्ष्मीपुर में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बधाई देने वालों में रणविजय सिंह उर्फ मोहन सिंह, विजय यादव, अशोक पांडेय, इमदाद हुसैन, मो. इमरान, सेराज खान, आफताब, राकेश उर्फ भोला यादव, तारिक अहमद, पिंटू यादव, सोनू यादव, रामसागर सिंह सहित तमाम लोग शामिल है।

- **तीन बार लगातार युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रह चुके है परवेज आलम**



## कड़ाके की सर्दी में फसल की रखवाली को मजबूर किसान

**अमेठी।** कड़ाके की सर्दी के बीच किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है।ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। कड़ाके की सर्दी में किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है। जिम्मेदार इन समस्याओं से मुंह फेरते नजर आते है जो की चिंता का विषय है। अन्नदाता विभिन्न तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है और शासन प्रशासन मूक दर्शक बने हैं। किसान आए दिन आवारा पशुओं की समस्याओं को समय समय पर उठाते हैं फिर भी किसानों की इस बड़ी समस्या को नजरअंदाज किया जाता है।

# ग्रामीण विकास ही विकसित भारत की नींवः डॉ. अजय

## गांव गरीब किसान महिलाओं को सम्मान प्रधानमंत्री मोदी का विजन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देश में भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। इसी क्रम में जनपद के विकासखंड पथरदेवा के उदयपुरा और गरीब पट्टी में संकल्प यात्रा पहुंची। यात्रा का पहुंचने पर समस्त ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोर-शोर से स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रधानाचार्य डा.अजय मणि त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाभार्थियों के संवाद कार्यक्रम को लाइव सुना, देखा। मुख्य अतिथि डा.अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि



प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य जनहित की सरकारी योजनाओं का प्रत्येक परिवारों के तक पहुंचने से है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराने के साथ ही प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं से लाभान्वित करना है, जब तक हमारा गांव विकसित नहीं होगा, तब तक देश विकसित नहीं होगा। ग्रामीण विकास ही समग्र विकास की नींव है, विकसित भारत की नींव है। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है। उत्तर प्रदेश के लगभग पचास हजार गांव तक यह यात्रा पहुंच चुकी है। विकसित भारत के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान, गांव, गरीब, किसान महिलाओं को हमे सम्मान देना होगा। यह सभी प्रधानमंत्री मोदी जी के विज़न में है।

उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए जनता को सरकार के पास नहीं बल्कि सरकार को जनता के पास पहुंचना है। इसी संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली वैन पूरे देश में चलाई जा रही है। इसका आप सभी क्षेत्रवासी लाभ अवश्य उठाएं और इसका ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र में प्रचार प्रसार करें जिससे अन्य लोग भी लाभ ले सकें। डा. त्रिपाठी ने कार्यक्रम में लगे विभागों के कैंपों का सघन निरीक्षण किया जिम्मेदारों से लोगों की पूरी मदद करने को कहा। कार्यक्रम को भाजपा नेता अवधेश सिंह, संजीत धर दुबे, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, मंडल अध्यक्ष नागेश पति त्रिपाठी, अंबुज शाही, ने भी संबोधित किया।

## कार्यकर्ताओं ने घर घर बांटे अक्षत और निमंत्रण

**देवरिया।** क्षेत्र के बैतालपुर विकास खंड की दलित बस्ती में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों को 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अक्षत और निमंत्रण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि 22 जनवरी को राम लला के गर्भ गृह में विराजमान होने के शुभ अवसर पर सभी लोग अपने अपने घर पर कम से कम 5 दीपक अवश्य जलाए तथा आपने आस पास स्थित मंदिरों में भजन कीर्तन भी करें और अगर हो सके तो भंडारे का भी आयोजन करें क्योंकि 22 जनवरी का दिन समस्त सनातनियो के लिए अत्यंत शुभ दिन होने जा रहा है यह ऐतिहासिक दिन होगा जब हमे भगवान श्री राम का अयोध्या धाम में स्वागत करने का शुभ अवसर प्राप्त होने जा रहा है।

# बुद्धा घाट व पाथवे का डीएम ने किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर स्थित बुद्धा घाट रामाभार स्तूप के निकट हिरण्यवती नदी घाटों पर बने पाथवे का जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने सोमवार को निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद कुशीनगर के ई.ओ. शैलेंद्र मिश्र से बुद्धा घाट व नदी के निकट कराए गए विकास परक निर्माण कार्यों एवं आसपास की साफ सफाई की जानकारी ली। घाट पर अच्छी साफ सफाई और चल रहे मोटर बोटिंग पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा की यहां पानी रुकने की उचित व्यवस्था करे जिससे की बोटिंग लगातार हो सकें।

जिलाधिकारी ने पाथवे के इर्द गिर्द निरंतर साफ सफाई कराने तथा हिरण्यवती नदी में उगने वाले जलकुंभी व शैवालों को साफ सफाई कराते हुए सौदर्यीकरण कर उत्कृष्ट, दर्शनीय, रमणीक स्थल बनाने हेतु ई.ओ. कुशीनगर को निर्देशित किया। उन्होंने नदी में नियमित रूप से साफ पानी बने रहने तथा साफ सफाई के प्लान पर विस्तृत चर्चा की तथा विशेषज्ञों के सलाह उपरांत विस्तृत कार्य योजना बनाकर समक्ष प्रस्तुत करने के भी निर्देश ईओ कुशीनगर को दिए। उन्होंने कहा की हम सब को मिलकर बुद्धा घाट, हिरण्यवती नदी का सर्वांगीण विकास कर पर्यटन एवं आकर्षण का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा की इसकी नियमित रूप से उचित साफ सफाई होनी चाहिए ताकि पर्यटन हेतु आए पर्यटकों और आस पास के निवासियों के लिए यह आकर्षण का केंद्र बन सकें।

पर्यटन के क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं जिसे हम सब को मिलकर विकसित करना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा घाट के आसपास खाली स्थान पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण या पौधरोपण कर ग्रीन बेल्ट एरिया का विकास करने हेतु ईओ और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, तहसीलदार कसया नरेंद्र राम, अधि0 अधि0 कुशीनगर शैलेंद्र मिश्र, लेखपाल निलेश रंजन तथा सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# गायों के लिए टीनशेड निर्माण का कार्य सेवा समिति की तरफ़ से शुरू

**भटनी अवधनामा संवाददाता।** भटनी नोनापार निवासी (एनआरआई अमेरिका) वीरेन्द्र प्रसाद एवं नोनापार निवासी विधिक सलाहकार राज तिवारी का सराहनीय पहल- श्रीमती आर सी देवी सेवा समिति के संरक्षक एकडंगा निवासी (एनआरआई अमेरिका) श्री वीरेन्द्र प्रसाद एवं नोनापार निवासी विधिक सलाहकार राज तिवारी (पूर्व वायुसेना) ने भटनी स्थित अनाथ गौशाला में गायों के लिए टीनशेड निर्माण का कार्य सेवा समिति कि तरफ़ से शुरू किया। अनाथ गौसेवा के संचालक श्री मुकेश दीक्षित के निजी अनुरोध और उनके गौ सेवा से प्रभावित होकर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने यह सराहनीय पहल की। इस वर्ष गोपाष्टमी पर्व में जिलाधिकारी श्री अखंड प्रताप सिंह और भाजपा नेता श्री शंशाक मणि त्रिपाठी, श्री हितेंद्र तिवारी, श्री अंबिकेश तिवारी, श्री सिद्धु तिवारी, श्री टिंकू तिवारी के साथ विधिक सलाहकार मानवाधिकार नोनापार निवासी राज तिवारी जी ने कार्यक्रम में शामिल हो कर गौशाला का निरीक्षण किया और सेवा समिति के संरक्षक श्री वीरेन्द्र कुमार से वतालाप कर गाय माता कि सेवा में टीनशेड का निर्माण का संकल्प लिया। बात दे श्री विरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम एकडंगा भटनी देवरिया पिछले 30 सालों से अमेरिका में रह रहे हैं और भारत में अपने स्व पिता के सुबेदार मेजर श्री हरिहर प्रसाद के स्मृति में सेवा समिति चलाते हैं और भारत में सक्रिय रूप से विधिक सलाहकार राज़ तिवारी के साथ मिलकर पुनीत कार्य करते रहते हैं। सेवा समिति गौसेवा के साथ साथ आर्गिक खेती, महिला उत्थान, वृद्ध सेवा आदि समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और गौ सेवा आश्रम भटनी को श्रीमती आर सी देवी सेवा समिति एकगडंगा द्वारा एक लाख रुपए का दिया गया सहयोग



### डीएम ने की संवेदनशील एवं मानवीय पहल

# हृदय रोग से गंभीर रुप से बीमार युवती के इलाज के लिए दो लाख का चेक कराया उपलब्ध

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** नगर पंचायत हेतिमपुर निवासी राजेश कुमार वर्मा अपनी पुत्री रेनू वर्मा के हृदय रोग से पीड़ित होने के कारण उसके इलाज हेतु सहयोग की अनुरोध के साथ जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह से मिले व बताये कि मेरी पुत्री के हृदय में चिकित्सको ने वाल्ब लगाये जाने के लिये संस्तुति किये है, जो गंभीर रुप से अस्वस्थ है और इलाज अर्थाभाव के कारण हो नही पा रहा है। जिलाधिकारी श्री सिंह ने श्री वर्मा के इस समस्या पर अत्यन्त ही संवेदनात्मक रुप से सहानुभूतिपूर्वक विचार किया और इन्हे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की मानवीय पहल की।

जिलाधिकारी ने भुजौली कालोनी निवासी विजय राय समाज सेवी से रेनू वर्मा के इलाज हेतु आर्थिक सहयोग किये जाने की अपील की। जिलाधिकारी के इस पहल पर विजय राय ने दो लाख रुपए का चेक रेनू वर्मा के इलाज हेतु दिया, जिसे जिलाधिकारी एवं विजय राय ने संयुक्त रुप में कलक्ट्रेट अवस्थित जिलाधिकारी कक्ष में राजेश कुमार वर्मा को अपने हाथो प्रदान किया तथा बीमार श्री वर्मा की पुत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी किये। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी बीमार के इलाज हेतु आर्थिक सहयोग किया जाना अत्यन्त ही पुनीत कार्य है। बीमार युवती के पिता राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी की संवेदनशीलता व पहल अत्यन्त ही सराहनीय है। इससे मेरी पुत्री के इलाज में काफी सहयोग मिलेगा तथा उसके हार्ट का आपरेशन भी शीघ्रता से करा सकूंगा। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सदर विपिन्न द्विवेदी, बीमार चल रही रेनू वर्मा के भाई पवन वर्मा उपस्थित रहे।



# तम्बाकू और तम्बाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहे युवाः सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

- ओरियंटेशन ऑफ़ लॉ इनफोर्सेस प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन
- राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित हुई कार्यशाला



**बहराइच।** जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ओरिएंटेशन ऑफ लॉ इनफोर्सेस प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण/ उन्मुखीकरण कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, रेल विभाग आदि समेत समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर कार्यरत आशा एवं एएनएम ने तम्बाकू नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त कर तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सतीश कुमार सिंह ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन डीएचआईओ बृजेश सिंह ने किया। सीएमओ डॉ0 सतीश कुमार सिंह ने कहा कि बेहद चिन्ताजनक है कि तम्बाकू उद्योग अब युवाओं को निशाना बनाते हुए उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही है। अगर हम जागरूक नहीं बने तो तम्बाकू उद्योग के इस अनैतिक आचरण के चलते जल्द ही तम्बाकू और निकोटीन का उपयोग करने वाली अगली पीढ़ी हमारे सामने होगी। इसलिए इससे बचना बेहद जरूरी है। युवाओं को तम्बाकू उत्पादों का प्रचार प्रसार करने वाले अभिनेताओं को अपना रोल मॉडल नहीं बनाना चाहिए। युवा पीढ़ी को तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद के सेवन से बचना चाहिए।एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 एस0 सोलंकी ने कार्यशाला में बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है जिसमें धारा 4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर धूम्र पान करना अपराध है। पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। डॉ0 परितोष तिवारी ने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों व उससे बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पादों से मुंह में छाले पडना, गले में छाले पडना, पेट में छाले पडना तथा फेफड़ों में छाले पड़ जाते हैं तथा टीवी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ ही श्वास की बीमारियां एलर्जी की बीमारियां डायबिटीज ब्लड प्रेशर बढना, अनिद्रा इत्यादि प्रकार की बीमारियां भी इससे हो जाती है। जो लोग इसके आदी हो जाते हैं या जिनको लत लग जाती है वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पाते हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ0 विजित जायसवाल ने बताया कि तम्बाकू के उपयोग का प्रभाव केवल मृत्यु दर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता और खराब मानसिक स्वास्थ्य से निपटने के प्रयासों को भी प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए तम्बाकू मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुछ दवाओं की प्रभावशीलता को कम कर देता है। मानसिक बीमारी के कारण लोगों में तम्बाकू का उपयोग करने की संभावना दोगुनी हो जाती है और साथ ही तम्बाकू लोगों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के प्रति अधिक संवेदनशील बना देता है। कार्यक्रम के अंत मे जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने स्वास्थ्य कर्मचारियों समेत विभिन्न विभाग से आए प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई कि हम कभी भी धूम्रपान या तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों या परिचितों को धूम्रपान का या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे और अपने अस्पताल परिसर को तंबाकू मुक्त रखेंगे।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष राणा एवं डॉ0 शंभू दयाल, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सतीश गौतम, डीपीएम सरजू खान, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मो0 हारून, फहीम अहमद, शरद श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक के डॉ0 अंशुमान सिंह श्रीनेत, फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ0 रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, राज कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय एवं मुकेश हंस आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र रक्षक रहे सेनानी रामदुलार मौर्य की मनाई पुण्यतिथि



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** नगर के चौक स्थित सब्जी मंडी में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रहे स्व0 रामदुलार मौर्य की पुण्यतिथि उनके पौत्र पत्रकार आशीष कुमार मौर्य के संयोजक्त में मनाई गई। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरिचरन यादव की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी करतार केशव यादव मौजूद रहे।उपस्थित सभी ने स्वर्गीय रामदुलार मौर्य को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मौजूद जगन्नाथ वर्मा ने स्व.राम दुलार मौर्य जी को महानतम लोकतंत्र रक्षक सेनानी बताया उक्त मौके पर आशीष कुमार मौर्य, प्रतीक कुमार मौर्य, अमित मौर्य, संजय कुमार यादव, मनोज मौर्य, योगेश यादव, राम सुंदर यादव , कन्हैया लाल यादव , राजेश्वर प्रसाद मौर्य, राहुल तिवारी, राजेश शुक्ला, ज्वाला प्रसाद मिश्र, छेदी लाल यादव, आरके मौर्य, चंदन अग्रहरि, आदि लोग मौजूद रहे।

# भौतिक राजनीति में सादगी के परिचायक रहे पूर्व विधायक स्व. अम्बिका प्रसाद

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बाबू अम्बिका प्रसाद सिंह जी की आज 16 वीं पुण्यतिथि है। 1974 में इसौली से विधायक चुने गए तो विधानसभा में किसानों, जरुरतमंदों की आवाज बुलंद करते रहे। सुल्तानपुर जनपद के कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन रहते 80 के दशक में कादीपुर में सरकार द्वारा आवंटित बजट से कम में कोल्ड स्टोरेज बनाकर शासन को बची धनराशि वापस कर एक नई मिसाल कायम कर दी जिले में ही नहीं वरन् पूरे प्रदेश में उनके ईमानदारी के चर्चे आम हो गये थे । विभिन्न पदों पर रहने के बावजूद भी धन वैभव की मानसिकता से दूर रहे। जमींदार परिवार में जन्म लेने के बावजूद पूरी जिंदगी गरीब एंव शोषित वर्ग की लड़ाई लड़ते रहे। गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक मदद करके औरों से भी सहयोग कराकर उनके सपनों को साकार किया। आज भी उनके तरासे गये लोग विभिन्न क्षेत्रों में डॉक्टर और इंजीनियर व अन्य पदो पर रहकर सेवा प्रदान कर रहे हैं। जो कुछ भी पास रहा जरुरतमंदों की मदद को हमेशा खड़े रहते थे, पूरा जीवन दूसरों का सहयोग किया अपने लिए कुछ नहीं रखा।

सरकार द्वारा आवंटित किराये के मकान में अपना पूरा जीवन बिता दिया। देहावसान के कुछ दिन पूर्व अपने पैतृक गांव में अपने गृह निवास पर मौजूद थे। सकट चौथ थी शाम को अलाव जला हुआ था लोंगो के साथ क्षेत्र के विकास की चर्चा कर रहे थे। और अचानक देहावसान हो गया वो अमरत्व को प्राप्त हो चुके थे लोंगो को यकीन नहीं हुआ लेकिन यह सत्य था राजनीति में इमानदारी का सूर्य अस्त हो चुका था। राजनीति में शुचिता ईमानदारी और सादगी के प्रतिमूर्ति रहे। सरल और सहज व्यवहार के धनी विधायक जी कमजोरों और गरीबों के लिए सरलता से उपलब्ध रहते थे। धन वैभव से दूर रहकर समाज के लिए पूर्णतया समर्पित रहे एक कवि की पंक्तियाँ उनके किरदार को परिभाषित करती है।

**अमीरी की तो ऐसी की कि**
**अपना घर लुटा बैठे।**
**फकीरी की तो ऐसी की कि**
**उसके घर में जा बैठे**

# स्मार्टफोन मिलने से खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे



अवधनामा संवाददाता

- राम बरन महाविद्यालय जयसिंहपुर में 567 छात्रों को मिला स्मार्टफोन

**जयसिंहपुर, सुल्तानपुर।** प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना अंतर्गत रामबरन पी जी कालेज विभारपुर के 567 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधिकारी अरुण कृष्ण ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्मार्टफोन वितरण योजना सरकार की बेहद महत्वपूर्ण योजना है। स्मार्ट फोन का बच्चे दुरपयोग न करे । जिसका लाभ समाज के अति पिछड़े बच्चों तक पहुंच रहा है फोन पा कर बच्चे अपने भविष्य का बेहतरीन निर्माण कर सकते है। स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे। प्रबन्धक अजय सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों के ज्ञानार्जन के लिए स्मार्टफोन वितरण कर रही है। स्मार्ट फोन और टैबलेट से सारी जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर अरबिन्द कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि जहां हमारी बच्चियों के लिए समाज में तमाम प्रतिबंध है वहीं सरकार की फोन वितरण योजना से बालिकाओं को बल मिलेगा। इस मौके पर प्रशासक संजय सिंह, डारेक्टर अमर प्रताप सिंह, प्राचार्य अजय तिवारी, राम प्रताप दुबे, जितेंद्र सिंह, सिंधूलता आदि मौजूद रहे।

# मारवाड़ी युवा मंच की वार्षिक सभा उत्प्रेरणा कार्यक्रम भव्यता से हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** राष्ट्रव्यापी समाजसेवी संगठन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय इकाई का दो दिवसीय वार्षिक सदस्य समागम उत्प्रेरणा बहराइच शाखा के आतिथ्य में स्थानीय लेजर रिजॉर्ट में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सामाजिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन प्रांतीय कार्यसमिति सदस्यों ने अध्यक्ष नेहा अग्रवाल एवं महामंत्री नवीन पाढ़लीवाल के संग आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशा मोदी, पूर्व अध्यक्ष संदीप सराफ एवं निवर्तमान अध्यक्ष अनुराग चांदवासिया का भी सानिध्य प्रतिभागियों को प्राप्त हुआ।दूसरे दिन साधारण सभा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें सदस्यों ने सांगठनिक चर्चा की। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय विकास अग्रवाल संपादक अमित तोदी ने संगठन के वार्षिक मुखपत्र म्हारी यात्रा उत्प्रेरणा अंक का विमोचन किया। सत्र में आशीर्वचनों के बाद शाखाओं को सामाजिक कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया।शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद कार्यक्रम की अगली कड़ी में विशिष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले मारवाड़ी समाज के सदस्यों एवं समाज के बच्चों को समाज गौरव रत्नों से सम्मानित किया गया। इसमें सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल का सानिध्य प्राप्त हुआ। समापन सत्र में पदाधिकारियों एवं शाखाओं को विशिष्ट उपलब्धि सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष सुधा देवी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।कार्यक्रम को सफल बनाने में निकुंज केडिया, गौरव करुंडिया, नीलेश अग्रवाल, अंकुर ड्रोलिया की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन विकास अग्रवाल, मोनिका माहेश्वरी एवं पल्लवी केडिया ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन बहराइच शाखा अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने किया।

# सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने का आदेश धराशाई

- पूर्व सहायक कोषाधिकारी के धन बल के आगे दम तोड़ रहे मुख्यमंत्री की मंशा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने का हजारों फरमान जारी कर चुकी है। लेकिन जनपद में बैठे राजस्व विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है मामला जनपद के तहसील सदर भंडरा,परशुरामपुर में सरकारी जमीन गाटा संख्या 1361 का है। जहां कागजों में नवीनपरती के रूप में ग्राम सभा के खाते की भूमि है,जिस पर पूर्व सहायक कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा द्वारा जबरन कब्जा करके कातिलों तार से घेर कर अपनी पत्नी दयावती के नाम दर्ज गाटा संख्या 1349 में मिला लिया गया है। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी सुल्तानपुर से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक हुई की गई।शिकायत में जांच में अतिक्रमण पाया भी गया,लेकिन राजस्व महकमे के जिम्मेदारों ने अब तक सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं करवाया ग्रामीणों ने पुनः शिकायत तहसीलदार सदर सुल्तानपुर से किया। जिस पर तहसीलदार सदर केशव प्रसाद सिंह ने दिनांक 1 दिसंबर 2023 को राजस्व निरीक्षक कुड़वार माता प्रसाद उपाध्याय,लेखपाल भंडरा परशुरामपुर दिनेश कुमार को तत्काल ग्राम सभा की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया। लेकिन उक्त राजस्व कर्मियों ने अतिक्रमणकारी आत्माराम मिश्रा को कार्रवाई से बचाने के लिए अपने ही उच्च अधिकारी तहसीलदार सदर का आदेश रद्दी की टोकरी में डाल दिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत नोनरा व टिकरिया

- ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर कर लिया हिस्सा

अवधनामा संवाददाता



**दुबेपुर,सुल्तानपुर।** विकास खंड दुबेपुर के ग्राम पंचायत नोनरा व टिकरिया मे सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व ब्लॉक प्रमुख दुबेपुर प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह डिंपल ने ग्रामीणों को जनहित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया। भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभवानित करना है, जिसको देखते हुए जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे, जिनका अवलोकन प्रमुख जी ने किया व मौजूद विभागीय अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने को कहा। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष व प्रमुख प्रतिनिधि ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, प्रधान मंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, का प्रमाण पत्र वितरीत किया। कार्यक्रम में एडीओ दिनेश कुमार सिंह, सचिव अनीता श्रीवास्तव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, प्रधान लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, नोनरा के ग्राम प्रधान हकीम उल्ला, टिकरिया प्रधान मंजू यादव, प्रधान प्रतिनिधि अनुरुद्ध यादव, प्रधान हरिश्चंद्र मौर्या सहित तमाम ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुत्र रूप में प्रभु श्री राम जैसा कोई उदाहरण नहीं: रमेश

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश ने आज यहां श्री राम मंदिर गृह संपर्क अभियान एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त ÷रामराज इस कलयुग में÷ गीत एलबम का लोकार्पण अवसर पर कहाकि दुनिया में प्रभु श्रीराम राम जैसा पुत्र का आदर्श उदाहरण कोई नही हैं। नगर के दरियापुर स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रान्त प्रचारक श्री रमेश जी ने विभाग संघचालक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह सियाराम गुप्ता, समाजसेवी, गायक अभिषेक शुक्ल संग एलबम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहाकि प्रभु राम जैसा आदर्श और मर्यादा का उदाहरण दुनिया में कोई नही है। जिसके राज्याभिषेक की तैयारी हो रही हो और क्षण भर में उसे वनवास की सूचना मिले और वह सहर्ष तैयार हो जाये।

# जनसमस्यायें सुलझाना शासन की प्राथमिकता



अवधनामा संवाददाता

- कड़ाके की सर्दी में लग रहा विधायक का जनता दरबार

**ललितपुर।** कड़ाके की सर्दी में भी प्रतिदिन सुबह सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के आवास पर जनता दरबार लगता है। जिसमें सुबह से ही फरियादियों की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाता है। सोमवार को अल सुबह सदर विधायक के आवास पर ग्रामीण और शहरी लोग अपनी समस्यायें सुलझाने आये। इसमें मुख्य समस्या खनन पट्टाधारकों के ऊपर सन-2016-17 में खनन डैडरैण्ट का लाखों रुपये बकाया बताने का की मामला था। पट्टाधारक नरेन्द्र राजा जाखलौन ने बताया कि सभी पट्टाधारक रॉयल्टी के रूप में डैडरैण्ट जमा करने को तत्समय तैयार थे। परन्तु उनसे एडवाँस में एमएम-11 के बदले ली जाने वाली रॉयल्टी खनन विभाग द्वारा नहीं ली गयी और बाद में एक तरफा लाखों रुपये डैडरैण्ट बकाया निकाल कर आरसी जारी कर दी गयी है। सदर विधायक ने इस पर फोन पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से बात की और न्याय करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस मामले को शासन को संदर्भित कर दिया जाये और शासन से निर्देश आने तक वसूली स्थगित रखी जाये। इस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार पीड़ितों की मदद का आश्वासन दिया। भूमि और सेवा से संबंधित पीड़ितों के अन्य मामलों में भी सदर विधायक ने फरियादियों की मदद की। सदर विधायक ने कहा कि उनका जनता दरबार लोगों की मदद के लिये हमेशा खुला रहेगा।

# वरिष्ठ नागरिकों को मिले सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभः गंधर्व सिंह

अवधनामा संवाददाता

- वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक हनुमानजी मंदिर पर



**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक कचहरी प्रांगण स्थित हनुमान जी मंदिर पर संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी एवं समिति के वरिष्ठ संरक्षक पं.प्रताप नारायण दीक्षित के आथित्य में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ जनों ने सरकार से मांग की कि वरिष्ठ जनों को रेलवे में पहले जो सुविधा मिलती थी उसको फिर से बहाल किया जाए, सभी बुजुर्गों एवं वरिष्ठ जनों का प्राथमिकता के तौर पर आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। सभी बुजुर्ग एवं वरिष्ठ जन शीतलहर के चलते अपने आप को सुरक्षित रखें एवं ऐसा आहार ले जिससे उन्हें इस सर्दी के मौसम में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। समिति के महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला मन्दिर की स्थापना हो रही है इसको देखते हुए आप सभी भी अपने-अपने घरों में 22 जनवरी को राम ज्योति जलाएं एवं अपने-अपने घरों को सजाए। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति आगामी 22 जनवरी को स्टेशन स्थित शिव जी के मंदिर में सुबह 9 बजे राम ज्योति की स्थापना,रामरक्षा स्त्रोत का पाठ एवं सुंदरकांड का आयोजन होगा, शाम को भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया है। जिसमे आप सभी नगरवासी पधारे एवं धर्म लाभ ले। मासिक बैठक में और भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए। आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी गहन चर्चा हुई। बैठक का संचालन महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया अंत में सभी का आभार राजाराम गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रताप नारायण दीक्षित, गंधर्व सिंह लोधी, अवध बिहारी कौशिक, गिरजा शंकर दुबे, राजाराम गोस्वामी, जगदीश पाराशर, मनजीत सिंह सलूजा, अवध बिहारी उपाध्याय, अरुण कुमार बबेले, रामप्रसाद रिछारिया, डा.राजेंद्र श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार दुबे, विजय सिंह परमार, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, आत्माराम रिछारिया, कैलाश चंद्र, प्रदीप रिछारिया एवं मीडिया प्रभारी कृष्णकांत सोनी आदि उपस्थित रहे।

## अपना दल (एस) की मासिक बैठक संपन्न

**ललितपुर।** केन्द्रीय मंत्री/अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देशानुसार रविवार को बड़ी नहर के पास चौकाबाग में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश सचिव कपूर सिंह पटेल व प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंच लोकेन्द्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि के मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल ने की। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी जुट जायें और गांव-गांव जाकर पार्टी का प्रचार करते हुये नीतियों से लोगों को अवगत करायें। यह भी कहा गया कि पार्टी की नीतियों से समाज के लोगों व आमजन को होने वाले लाभ के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाये। बैठक में प्रदेश सचिव कपूर सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंच लोकेन्द्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल, जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन, जिला सचिव सुखलाल कुशवाहा, फ्रण्टल जिलाध्यक्ष युवा आशीष पटेल, महिला मंच विद्या श्रीवास्तव, छात्र मंच शैलेश पटेल, सुमन यादव, कुबती, चतुर्भुज सिंह राजपूत, गिरबल राजपूत ने सदस्यता ग्रहण की।

# पति ने पत्नी व एक साल की मासूम को उतारा मौत के घाट

अवधनामा संवाददाता

- बैट से किया पत्नी के सिर पर प्रहार, मासूम पुत्री का दबाया गला
- स्वयं घायल होकर हुआ अस्पताल में भर्ती



**ललितपुर।** सोमवार की सुबह मोहल्ला चांदमारी निवासी नीरज कुशवाहा ने पुलिस को सूचना दी कि उसके घर में आधा दर्जन बदमाशों ने घुसकर उसकी पत्नी व एक साल की पुत्री की हत्या कर सोने-चांदी के जेवरात लूट लिये गये हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। तदोपरान्त एसपी मो.मुश्ताक, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया और जांच के लिए एसओजी, फॉरेंसिक, सर्विलांस टीमों के अलावा कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया था। मामले का महज चार घण्टों में ही पुलिस ने खुलासा करते हुये पति को ही गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को पुलिस लाइन में बुलाकर जानकारी दी। गौरतलब है कि चांदमारी निवासी नीरज कुशवाहा ने बताया कि देर रात करीब 2-3 के दरम्यान करीब आधा दर्जन लोग उसके घर में घुस आये और तोडफ़ोड़ करने लगे। आवाज सुनकर वह व उसकी 24 वर्षीय पत्नी मनीषा जाग गये। आरोप है कि बदमाशों ने उसकी पत्नी के सिर पर किसी भारी हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी, जबकि वह जब बचाने पहुंचा तो उसे भी घायल कर दिया। इसी बीच एक वर्षीय मासूम पुत्री निंपेक्षा को भी मौत के घाट उतार दिया गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया और जल्द से जल्द मामले के पटाक्षेप के निर्देश दिये। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में जांच की, जिसमें पाया गया कि पिछले 12 घण्टों से कोई भी अन्य व्यक्ति घर के अंदर जाते हुये नहीं दिखा। इधर मृतका का पति लगातार डकैती की कहानी बनाकर पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस टीम की जांच में निकलकर आया कि अवैध सम्बन्धों के चलते नीरज का उसकी पत्नी से झगड़ा हुआ करता था। पुलिस ने जब नीरज से गहनता से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मृतका के पति नीरज ने बताया कि रात करीब दो बजे उसके व पत्नी मनीषा के मध्य विवाद हो गया। इस बीच उसने क्रिकेट बैट से मनीषा के सिर पर कई बार प्रहार किये और उसके बाद एक वर्षीय पुत्री निपेक्षा का गला दबा दिया, जिससे उसकी भी मौत हो गयी। बताया कि साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसने सोने-चांदी के जेवरात को टी.वी. के पीछे छिपाते हुये डकैती की मनगढ़न्त कहानी बनायी। पुलिस ने आलाकत्ल के रूप में बैट भी बरामद कर लिया है।

### पुलिस ने इन धाराओं में किया मामला दर्ज

पूरे प्रकरण को लेकर मृतका मनीषा के पिता मोहल्ला चौबयाना निवासी पुरुषोत्तम कुशवाहा पुत्र सीताराम कुशवाहा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नीरज कुशवाहा पुत्र मोहन कुशवाहा के खिलाफ धारा 498 ए, 323, 304 बी, 302, 120 बी व दहेज उत्पीडऩ एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### हत्याकाण्ड का खुलासा करने वाली टीम

देर रात अंजाम दिये गये मासूम पुत्री व पत्नी के हत्याकाण्ड को लेकर जांचोपरान्त पति को गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी शशिभूषण, अतिरिक्त निरीक्षक जर्नादन, गोविन्द सागर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक पारूल, उप निरीक्षक विवेक धामा, उप निरीक्षक रामप्रकाश, निरीक्षक हरीशंकर चन्द एसओजी व सर्विलांस टीम से उप निरीक्षक सतीश कुमार शामिल रहे।

# मेरा गांव, मेरा अभिमान कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा एक दिन सामज के लिए - मेरा गांव, मेरा अभिमान कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को किया गयी। कार्यक्रम का आयोजन नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किया गया। एक दिन सामज के लिए - मेरा गांव, मेरा अभिमान कंपोजिट स्कूल सेंदुर में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन परियोजना प्रमुख (रिहंद) श्री पंकज मेदीरत्ता और अध्यक्षा (वर्तिका महिला मण्डल समिति) श्रीमती अनीता मेदीरत्ता नें दीप प्रवलित कर परंपरागत रूप से किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रति माह में एक रविवार को सामाजिक जिम्मेदारी, सामुदायिक कल्याण एवं परियोजना से प्रभावित गावों और आस पास के क्षेत्रों और वहाँ के निवासियों के उत्थान के लिये अपना एक दिन समर्पित करना है। इसके तहत समाज मे साफ सफाई के महत्व, अच्छे स्वास्थ्य, स्वछ पर्यावरण और अपने आस पास के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना, साथ ही साथ जरूरत मंद बच्चों एवं ग्रामीणो को विभिन्न उपयोगी वस्तुएँ वितरित करना समिलित है। एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम सेंदुर के लोगों को ठंड से निजात दिलाने हेतु कंबल, हाइजीन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेदिक शिविर लगाया गया एवं मुख्य चिकित्साधिकारी (रिहंद) डॉ मोनिषा कुलश्रेष्ठा नें स्वच्छता पर बल देते हुए विशेष वार्ता द्वारा लोगों को स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया। एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों, वर्तिका महिला मण्डल समिति कि सदस्याओं और कार्यकारी प्रशिक्षुओं द्वारा कंपोजिट स्कूल सेंदुर के बच्चों को विभिन्न खेल खिलाए गए और क्रिकेट एवं स्पोर्ट्स किट का वितरण भी किया गया जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उपस्थित बच्चों के पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नाश्ते और भोजन के पैकेट भी वितरित किए गए। परियोजना (रिहंद) के प्रमुख श्री पंकज मेदीरत्ता ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और सामुदायिक कल्याण हेतु एक दिन सामज के लिए - मेरा गांव, मेरा अभिमान जैसी पहल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों, विशेष रूप से बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक बातचीत की, अंतर्दृष्टि साझा की और उन्हें एक उज्जवल भविष्य की आकांक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्बोधन कि अगली कड़ी में श्री पंकज मेदीरत्ता ने कहा कि, हमारी प्रतिबद्धता बिजली प्रदान करने से कहीं अधिक है; हमारा उद्देश्य लोगों के जीवन को सशक्त बनाना है और इनके सतत विकास के प्रयासों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागध्यक्षगण, वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं, ग्रामीण एवं स्कूल के विद्यार्थीगण उपास्थि रहे।

## सजायाफ्ता बंदी की हालत बिगड़ी, मौत

**बांदा।** पड़ोसी की हत्या करने के आरोप में मंडल कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की अचानक हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज ले जाया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को मौत की खबर दी गई। इससे परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के बिसंडी गांव निवासी चंद्रकुंवर (70) पुत्र बच्छराज ने 20 वर्ष पूर्व विवाद के दौरान पड़ोसी रामहित की हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में चंद्रकुंवर को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया था। तब से चंद्रकुंवर सजा काट रहा था। जेल में रहने के दौरान वह बीमार हो गया। उसका जेल अस्पताल में उपचार किया जा रहा था। रविवार की दोपहर को अचानक चंद्रकुंवर की हालत खराब हो गई।

# प्रभारी निरीक्षक चोपन की पहल से लोगों में जगी उम्मीद

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय नगर के सिंदुरिया मार्ग पर सीसी रोड के काम को अचानक ठेकेदार द्वारा रोक दिए जाने से नाराज रह वासियों ने चोपन सिंदुरिया मार्ग रविवार को जाम कर दिया था जिसके बाद सुचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह के काफी समझाने बुझाने के बाद थोड़ी देर बाद जाम को खोल भी दिया गया था दूसरे दिन सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदार को थाने पर बुलाकर स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक करा दी जिसमें एक सर्वमान्य हल निकालते हुए ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा रहवासियों को यह आश्वासन दिया गया कि आज रात से ही सड़क के निर्माण का कार्य पुनः शुरू कर दिया जाएगा इसके लिए स्थानीय निवासियों ने थाना प्रभारी के प्रयासों की प्रशंसा की है बताते चलें चोपन सिंदुरिया मार्ग को पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सीसी रोड का निर्माण विगत 8 महीने पूर्व से ही कराया जा रहा है लेकिन आज तक महज 700 मीटर तक की सड़क कंप्लीट नहीं हो पाई अपूर्ण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिसमें फिसलने के वजह से राहगीर आये दिन गिर कर घायल हो रहे हैं और किचड़ और गंदगी के अंबार जमा होने के वजह से लोगों का जीना दूभर हो गया है जबकि इसी सड़क पर हजारों वाहनों का नित्य आवागमन होता है तथा इसी सड़क पर स्थानीय व्यापारिक प्रतिष्ठान है सरकारी बैंक है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी है बावजूद इसके विभागीय लापरवाही की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस दौरान महेंद्र केशरी, शुसील शाहनी, विकास गिरी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की जनपदीय संगठनात्मक बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**चोपन/सोनभद्र।** सोमवार को चोपन मण्डल के नगर स्थित श्याम लाज में जिले की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जहां मुख्य अतिथि के रूप में बैठक में जिला प्रभारी अमरनाथ यादव मौजूद रहे। सर्वप्रथम पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अमरनाथ यादव ने बैठक में बूथ सशक्तिकरण, नमो एप, सरल एप, मतदाता जागरुकता अभियान आदि प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा किये और बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से बारी बारी से संगठन द्वारा दिये गये दायित्व पर वृहद चर्चा किये। वहीं जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा को हर गांव और शहर तक पहुंचाकर विकास कार्यो की जनता में चर्चा करें और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताएं बैठक में तीन मंडल अध्यक्षों के नाम का भी घोषणा किया गया जिसमें घोरावल से सुभाष चन्द्र सिंह पटेल, रेनूकुट से हरिराम छवि तथा दुद्धी से सुमित सोनी को नई दायित्व दी गई। इस मौके पर ओमप्रकाश दूबे, कृष्ण मुरारी गुप्ता, अमरनाथ पटेल, कुशुम शर्मा, पुष्पा सिंह, हेमलता जायसवाल, शारदा खरवार, सूर्य मणी तिवारी, आसुतोष चौबे, सुरेन्द्र अग्रहरी, राकेश पाण्डेय, वृजेश पाण्डेय, सुरेश शुक्ला, सतीश पांडेय, मनोज सिंह, सुनील सिंह, डॉ सत्येंद्र आर्य, विकास चौबे, संतोष शुक्ला , प्रदीप अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री रामसुंदर निषाद ने किया।

## दो ट्रकों की सीधी टक्कर, तीन घायल, हाईवे जाम

**मौदहा हमीरपुर।** कोहरे के कारण सोमवार तड़के दो ट्रकों में सीधी टक्कर हो गई जिसमें जहां तीन लोग घायल हो गए तो वहीं कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। सोमवार तड़के नेशनल हाईवे 34 पर मंकरांव के निकट कोहरे के कारण दो ट्रकों में सीधे टक्कर हो गई जिसमें मवईया निवासी नीरज(20)पुत्र रमेश और उन्नाव निवासी विपनेश (22) पुत्र लल्लू और लवकुश (22) पुत्र राजबहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से नीरज को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं नेशनल हाईवे पर हुई दो ट्रकों की टक्कर से कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम लगा गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/डाला।** सोमवार को नगर के रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोड़ के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद पकौड़ी लाल कोल भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, जिला प्रभारी अमर नाथ यादव,डाला मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे, नगर अध्यक्षा फुलवंती कुमारी अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र यादव पीओ डूडा राजेश उपाध्याय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। वहीं नगर पंचायत डाला बाजार (पर्वतीय) रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री का कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो पात्र व्यक्ति किन्ही कारणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, आपूर्ति कार्यालय राशन कार्ड, आधार, स्वास्थ्य कैम्प, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, बैंक के माध्यम से बीमा योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये हैं उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाय, जिसको लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टाल मसलन प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ,उज्ज्वला योजना, जिला पूर्ति कार्यालय राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड ,स्वास्थ्य कैंप, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, बैंकों के माध्यम से बीमा योजना, आदि का स्टाल लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिया गया। लाभार्थियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का लाभ लिया। लाभार्थियों को आवास योजना के तहत प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू ने किया।इस दौरान हनुमान सिंह, मुकेश जैन, संतोष कुमार, मनीष तिवारी, सुभाष पाल भैरों जायसवाल, रिशु जयसवाल, मनोज सिंह, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी देवहूति पाण्डेय, लिपिक अंकित पांडेय, रिशी कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट फोन सहयोगी: विधायक



छात्रा को स्मार्ट फोन देतीं विधायक ओममणि और मौजूद छात्राएं

**अवधनामा संवादाता**

> पार्वती महिला महाविद्यालय में विधायक ने छात्रों को वितरित किए स्मार्ट फोन

**नरैनी।** क्षेत्रीय विधायक ने महिला महाविद्यालय में स्नातक पास छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे।कहा तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट फोन सहयोगी साबित होगा।नया फोन पाकर छात्राओ के चेहरे खिल उठे।

कस्बा स्थित पार्वती महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा नरैनी से विधायक ओम मणी वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया। बीए और बीएससी पास कर चुकी 200 छात्राओं को विधायक ने स्मार्ट फोन वितरित कर उन्हे उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि सूचना क्रांति के इस युग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी विद्यार्थियों को नई तकनीक द्वारा समग्र रूप से सक्षम बनाना चाहते हैं। बताया कि हमारे देश के युवा हर तरह से शसक्त हैं साथ ही उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए स्मार्ट फोन वितरित किए जा रहे हैं। बताया कि जहां छात्र अपने अध्ययन कार्य में स्मार्ट फोन का सहारा लेकर घर बैठे तमाम समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं वहीं सरकार द्वारा संचालित तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं की जरूरी जानकारियां भी पास पड़ोस के गरीबों को देकर उनकी मदद भी कर सकते हैं। बताया कि बेटिया आज सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर सहभाग कर रही हैं इस स्मार्ट फोन के माध्यम से उन्हें और ज्यादा मदद मिलेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक यमुना प्रसाद पाण्डेय, प्राचार्य डॉ ममता त्रिवेदी, भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय, दीन दयाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेश पाण्डेय, शिक्षक स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# जिले की सभी नगर निकायों में सुनी गई फरियादियों की समस्या

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं मनीष सोनकर, प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 1, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। उक्त जन शिकायतों की सुनवाई में पालिका के कर्मचारी सर्व श्री सन्त कुमार सोनी, लिपिक, सुजीत कुमार, सफाई नायक, विमलेश लाल जलकल प्रभारी, रामविलास गुप्ता, प्रकाश प्रभारी आदि लोग उपस्थित रहें। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## अलाव ताप रहे राजमिस्त्री को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**बांदा।** काम निपटाने के बाद साइकिल से घर जा रहा राजमिस्त्री गांव के समीप जल रहे अलाव में बदन सेंकने लगा। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

गिरवां थाना क्षेत्र के तेरा गांव निवासी बच्चा वर्मा (42) पुत्र सत्तीदीन महुआ में राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहा था। रविवार की शाम को काम खत्म करने के बाद वह बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहा था। तभी गांव के समीप स्थित मंदिर के पास जल रहे अलाव में वह बदन सेंकने लगा।

## गांजा की खेती करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांदा।** गांजा की खेती करने वाले अभियुक्त को कालिंजर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 8.4 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा गया है। सोमवार सुबह थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेती करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना कालिंजर पुलिस गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गोपरा में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के पीछे बाड़े में अवैध रुप से गांजे की खेती की जा रही है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा छापेमारी कर एक अभियुक्त को ग्राम गोपरा से गिरफ्तार कर लिया गया।

# सुमेरपुर में किया गया रोजगार मेला

**अवधनामा ब्यूरो**



**हमीरपुर।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल् योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जनपद हमीरपुर में प्रस्तावित विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों के आयोजन के क्रम में द्वितीय रोजगार मेला विकासखंड सुमेरपुर में केपी इंटर कॉलेज देवगांव रोड सुमेरपुर में आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को तमाम कंपनियों ने विभिन्न क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया उक्त रोजगार मेले का शुभारंभ धीरेंद्र शिवहरे नगर पंचायत अध्यक्ष सुमेरपुर एवं भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने दीप प्राजूलन कर किया गया तहसील सदर हमीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड सुमेरपुर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक रवि वर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 691 भारतीयों ने रोजगार के लिए आवेदन पंजीकरण कराया जिसमें 327 युवाओं का चयन विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने मौके पर ही करके नियुक्ति पत्र प्रदान किया इस रोजगार मेले मेंअवनीश कुमार उपाध्याय जिला सेवा योजना अधिकारी प्रदीप जिला कौशल प्रबंधन कौशल विकास मिशन शिवराम सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सरीला राठ मौदहा सुमेरपुर एवं अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बांदा।** आटो खरीदने के लिए बाइक में सवार होकर जा रहे तीन लोगों को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

कमासिन थाना क्षेत्र के अमेढ़ी गांव के मजरा देविन पुरवा निवासी राजन (30) पुत्र बाबू निषाद अपने भाई सत्यकरन (32), दुर्गा (20) के साथ बाइक में सवार होकर आटो खरीदने के लिए जा रहे थे। बाइक सवार अभी कमासिन पेट्रोल पंप के पास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनो भाई जख्मी हो गए। राजन को गंभीर चोटें आईं।

# इस वर्ष 15 मार्च से खोले जायेगें गेहूँ केन्द्र

**अवधनामा ब्यूरो**

**हमीरपुर।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा रवी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ की खरीद अवधि में बदलाव करते हुए हर वर्ष की भांति 01 अप्रैल से 15 दिन पूर्व दिनांक 15 मार्च 2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 15 जून 2024 तक निर्धारित की गयी है। इस बार शासन द्वारा गतवर्ष के गेहूँ के समर्थन मूल्य 2125 रू0 प्रति कु0 में 150 रूपये प्रति कु0 की वृद्धि करते हुए गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रू0 प्रति कु0 निर्धारित किया गया है।

जिले में इस बार 15 मार्च 2024 से गेहूँ केन्द्र खोले जायेगें, जिसके लिए सभी तैयारिया शुरू कर दी गयी है। गेहूँ खरीद हेतु खाद्य विभाग द्वारा 08 प्रस्ताव दिये गये हैं। साथ ही कय एजेन्सियों को गेहूँ खरीद हेतु कय केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है तथा 20 जनवरी 2024 तक कय केन्द्रों का चयन कर जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन कराया जाना है। गेहूँ बिकी के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या कय केन्द्र प्रभारियों द्वारा भी पंजीकरण कराया जा सकता है। धान खरीद वर्ष 2023-24 में किसानों द्वारा किये गये पंजीकरण को गेहूँ खरीद वर्ष 2024-25 में प्रयुक्त किया जायेगा। कृषकों द्वारा पंजीकरण के समय अपना आधार नम्बर दर्ज करने पर धान खरीद वर्ष 2023-24 में दर्ज किये गये विवरण को गेहूँ पंजीकरण हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। कृषकों द्वारा इस पंजीकरण में संशोधन करने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यदि कृषक संशोधन नहीं करना चाहता है तो पंजीकरण लॉक कर सकेगा। कृषक द्वारा दर्ज किये गये मो0 नम्बर पर ओ0टी0पी0 प्रेषित की जायेगी और इस ओ0टी0पी0 के माध्यम से पंजीकरण लॉक होगा। किसानों को पंजीकरण के लिए कम्प्यूटराईज्ड खतौनी, फोटोयुक्त पहचान पत्र. एवं आधारकार्ड लाना अनिवार्य होगा। किसान भाई अपनी कम्प्यूटराईज्ड खतौनी का खाता संख्या किसान पंजीकरण में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोये गये गेहूँ के रकबे को अंकित करेगें तथा अपनी हिस्सेदारी की सही-सही घोषणा पंजीकरण में करेगें। किसान के वृद्ध/असहाय होने की दशा में पंजीकरण कराते समय अपना नामिनी अवश्य नामित करायें। गेहूं खरीद में कृषकों के आधार सीडेड (लिंक) बैंक खातों में ही भुगतान हो सकेगा। कृषकों के आधार लिंक बैंक खातों के सत्यापन के लिए एन0पी0सी0आई0 (नेशनल पेमेन्ट कार्पोरेशन आफ इण्डिया) की सेवायें ली जाती हैं। कृषक के पास यदि एक से अधिक बैंक खाते हैं तो उसके सबसे लेटेस्ट आधार अपडेटेड बैंक खाते में ही भुगतान जायेगा। कृषक का खाता इनवैलिड / रिजेक्ट होने की दशा में कृषक कों सम्बन्धित बैंक में जाकर अपना आधार लिंक कराना पड़ेगा तथा यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि बैंक द्वारा एन0पी0सी0आई0 मैपर को अपडेट कर दिया जाये। केवल आधार को बैंक खाते में लिंक करने मात्र से एन0पी0सी0आई0 में बैंक खाते में आधार अपडेट नहीं होगा अपितु एन0पी0सी0आई0 मैपर को अपडेट करना होगा।

पंजीकरण कराने के बाद किसान बंधु अपना गेहूँ गानक के अनुरूप अपने नजदीकी कय केन्द्र पर विक्रय हेतु दिनांक 15 मार्च 2024 से ले जायें और न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2275/कु0 का लाभ प्राप्त करें। किसान बंधु किसी भी सहायता के लिए खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी. तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लाक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## गायों को खिलाया गया गुड़ व बरसीन



**मौदहा - हमीरपुर।** कामधेनु गौशाला मौदहा के तत्वाधान में रविवार क गायों को पेट भर भोजन कराने की व्यवस्था कस्बे के जानें मानें लोगों द्वारा कराए जाने का संकल्प लिया गया इसी क्रम में इस की शुरुआत 7 दिसंबर को राजकीय महाविद्यालय मौदहा के बगल में चल रहे सरकारी गौशाला से हुयी जहाँ नगर पालिका परिषद मौदहा के अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्री नाथ, अनिल अग्रवाल, नीरज अनुरागी, उत्तम सिहं संतोष गुप्ता आदि के साथ गौशाला प्रबंधक शिवकरन उर्फ चन्द्र लोक उपस्थित रहे।

## जेल प्रीमियर लीग सीजन- 2 का शुभारंभ



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** जिला कारागार में सोमवार को जय प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ पहले ही मैच में रेड इलेवन में ब्लू इलेवन को रोमांचक मैच में एक रन से हराया। जिला कारागार सोनभद्र में जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव व जेलर जगदम्बा प्रसाद दुबे के मार्गदर्शन में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेल प्रीमियर लीग- सीजन-2 (क्रिकेट प्रतियोगिता) का शुभारम्भ हुआ। जिसमे उप कारापाल शशांक पेटल, गौरव कुमार एवं अखलेश पाण्डेय उपस्थित रहे एवं बन्दियो को मैच के लिये प्रोत्साहित किया।

## इंगोहटा आईपीएल का हुआ आयोजन

**सुमेरपुर - हमीरपुर।** ग्राम इंगोहटा में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन में सभी ग्राम प्रधान एवं भाजपा के पदाधिकारी हजारों दर्शक लोग उपस्थित रहे टूर्नामेंट कार्यक्रम में इंगोहटा गुरु प्रताप सिंह ने से बाहर से आए हुए खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस टूर्नामेंट कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुमेरपुर धीरेंद्र शिवहरे एवं गुरु प्रताप सिंह ने क्रिकेट खेल कर शुभ आरंभ किया इस टूर्नामेंट कार्यक्रम में ग्राम प्रधान टेढ़ा नोखे लाल यादव पूर्व प्रधान सौरभ सिंह भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव कैथी प्रधान अरिम्रदन सिंह चंदपूरवा प्रधान नरेंद्र पाल भंवरा प्रधान सुरेंद्र सिंह भदोरिया सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे शरद चेतन सिंह साहिल सिंह चंदेल एवं क्षेत्रीय दर्शक तथा खिलाड़ी उपस्थित रहे जिन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट का आनंद लिया।

## बच्चों को बांटे गये कम्बल



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में सर्दी के चलते बच्चो को स्वेटर वितरण किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष भी मौजूद रहे। राजकीय इंटर कॉलेज कुरारा में सर्दी से बचाव के लिए बच्चो को स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर पाकर बच्चो के चेहरे में मुस्कान दिखी नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर भी मौजूद रही। प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## करंट लगने से मासूम की मौत से मचा कोहराम

**मौदहा हमीरपुर।** बिजली के खम्भे में लगे सपोर्टिंग वायर की चपेट में आकर युवक बुरी तरह से गंभीर हो गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम सायर निवासी देवीदीन(20)दुर्गा प्रसाद गुप्ता गांव में सोमवार सुबह गांव में लगे बिजली के पोल के सपोर्टिंग वायर में उतरे करंट की चपेट में आ गया जिसे गंभीर हालत परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# अकबरनगर विस्थापितों के लिये आवंटन शुरू

अवधनामा ब्यूरो

- 33 विस्थापितों को आवंटन पत्र वितरित किये

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों के लिए प्रधानमंत्री आवास का आवंटन शुरू कर दिया है। प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को अकबरनगर में लगे विशेष शिविर में पहुंच कर 33 विस्थापितों को आवंटन पत्र वितरित किये। इस मौके पर प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। आवंटन पत्र वितरण के दौरान मण्डलायुक्त ने विस्थापितों से अफवाहों में न आने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन व प्राधिकरण विस्थापितों कोविशेष छूट देते हुए सिंगल विण्डो सिस्टम के तहत आवास और दुकानें आवंटित कर रहा है। इसे लेकर कोई संदेह हो तो शिविर में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मण्डलायुक्त ने दिव्यांगों को प्राथमिकता व उपलब्धता के आधार पर भूतल पर भवन आवंटित करने के निर्देश दिये। आवंटन की प्रक्रिया के पहले दिन 33



विस्थापितों को बसंतकुंज योजना स्थित प्रधानमंत्री आवास के आवंटन पत्र सौंपे। लविप्रा अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम व द्वितीय के विस्थापितों को आवास और दुकानें आवंटित की जा रही हैं। विस्थापितों को कोई परेशानी न हो इसलिए अकबरनगर पुलिस चौकी के पास विशेष पंजीकरण शिविर 21 जनवरी तक आयोजित होगा। शिविर में डूड की आसरा योजना के लिए भी पंजीकरण कराया जा सकता है। श्री वर्मा ने बताया कि अब तक 82 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया है, जिसमें से डूडा ने 46 विस्थापितों का सत्यापन कर लिया है। शेष का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। सोमवार को शिविर में आए 33 विस्थापितों को आवंटन पत्र सौंपे गये। 5000 रुपये में आवास का हो रहा पंजीकरण प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि विस्थापितों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं जिसमें प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि 10 हजार से घटाकर 5 हजार रुपये कर दी गयी है। व्यवसायिक श्रेणी में 25 प्रतिशत के स्थान पर 15 प्रतिशत धनराशि के अग्रिम भुगतान पर दुकानों का कब्जा दिया जा रहा है। इसके अलावा जिनके परिवार बड़े हैं या बड़े क्षेत्रफल के आवास चाहते हैं वे प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में खाली फ्लैटों को 15 प्रतिशत के अग्रिम भुगतान पर लेकर निवास कर सकते हैं। सभी श्रेणियों में हायर परचेज एग्रीमेण्ट के तहत विस्थापितों को आवास व दुकान का कब्जा दिया जाएगा और शेष धनराशि 10 सालों की आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा है।

# मुम्बई व अहमदाबाद रूट की कई ट्रेनें 10 जनवरी से रहेंगी कैंसिल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुम्बई व अहमदाबाद रूट की कई ट्रेनें 10 जनवरी से अलग अलग तारीखों में कैंसिल रहेगी। इससे हजारों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। यह बदलाव आगरा मंडल के मथुरा जंक्शन स्टेशन पर 10 से 21 जनवरी तक यार्ड रिमॉडलिंग और छह फरवरी से 21 मार्च तक प्री.नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों की वजह से किया गया है। इसके चलते ब्लॉक लिया गया है। गोरखपुर से चलने वाली गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस 22, 27 व 29 जनवरी और तीन व पांच फरवरी को निरस्त रहेगी। उदयपुर से चलने वाली उदयपुर सिटी कामाख्या एक्सप्रेस 22 व 29 जनवरी को, कामाख्या से चलने वाली कामाख्या उदयपुर सिटी एक्सप्रेस 25 जनवरी और एक फरवरी को नहीं चलेगी। गांधीधाम से चलने वाली गांधीधाम भागलपुर स्पेशल ट्रेन 26 जनवरी और दो फरवरी को कैंसिल रहेगी। इसी तरह भागलपुर से चलने वाली अहमदाबाद लखनऊ स्पेशल 29 जनवरी और पांच फरवरी को, गोरखपुर से चलने चाली गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 12, 19 व 26 जनवरी और दो फरवरी को रद्द रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर विशेष गाड़ी 13, 20 व 27 जनवरी और तीन फरवरी को निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस 21 च 28 जनवरी और चार फरवरी को, गोरखपुर से चलने वाली गोरखपुर बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 23 व 30 जनवरी और छह फरवरी को निरस्त रहेगी। इसी तरह बांद्रा से चलने वाली बांद्रा टर्मिनस लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस 20 व 27 जनवरी और तीन फरवरी को लखनऊ जंक्शन से चलने वाली लखनऊ जंक्शन बांद्रा टर्मिनस 21, 28 जनवरी व चार फरवरी को निरस्त रहेगी। अहमदाबाद से चलने वाली अहमदाबाद लखनऊ एक्सप्रेस 22 व 29 जनवरी को लखनऊ से चलने बाली लखनऊ अहमदाबाद एक्स्प्रेस 23 व 30 जनवरी को और अहमदाबाद से चलने चाली अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस 20, 25 में 27 जनवरी और एक व तीन फरवरी को कैंसिल होगी।



## गणतंत्र दिवस: पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म, पार्सल पैकेज पैकिंग से रहेंगे मुक्त

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस समारोह की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र यानि कि नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनन्द विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला और आदर्श नगर दिल्ली में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन, लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपीएस पर 23 से 26 जनवरी तक अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म, पार्सल पैकेज पैकिंग से मुक्त रहेंगे और सभी उपरोक्त स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी, मांग वीपी सहित सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति दी जा सकती है और सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जायेगी।

## कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन व निरस्तीकरण

**लखनऊ।** अनूपपुर जंक्शन पर तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के प्री.नॉन इण्टरलॉक व नॉन.इण्टरलॉक कार्य की वजह से ट्रेनों को निरस्त और मार्ग परिवर्तन कर चलाया जायेगा। लखनऊ जंक्शन से 11 एवं 15 जनवरी को प्रस्थान करने वाली 12535 लखनऊ जंक्शन रायपुर जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 12 एवं 16 जनवरी को प्रस्थान करने वाली 12536 रायपुर जंक्शन लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं बरौनी जंक्शन से 8 से 14 जनवरी तक प्रस्थान करने वाली 15231 बरौनी जंक्शन गोंदिया जंक्शन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी, जबलपुर, नैनपुर व बालाघाट के रास्ते चलाई जायेगी। गोंदिया जंक्शन से 9 से 15 जनवरी तक प्रस्थान करने वाली 15232 गोंदिया जंक्शन बरौनी जंक्शन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर व कटनी के रास्ते चलाई जायेगी।

# पुरानी पेंशन बहाली: रेल कर्मियों की चार दिवसीय भूख हड़ताल शुरू

- अवकाश लेकर भूख हड़ताल को बनाएं सफल: आर.एन. गर्ग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए एनजेसीए के आह्वान पर एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा एवं एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री कामरेड के एल गुप्ता के नेतृत्व में पूरे देश के रेलकर्मी चार दिवसीय भूख हड़ताल कर रहे हैं। इस हड़ताल को सफल बनाने में सभी एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारीयों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करी। मंडल मंत्री आर. एन गर्ग ने कहा की प्रतिदिन प्रत्येक कर्मचारी का कर्तव्य है की कम से कम



4 दिन 3 दिन 2 दिन या 1 दिन का अवकाश लेकर इस भूख हड़ताल को सफल बनाएं। मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने युवा साथियों से अनुरोध है किया की भूख हड़ताल में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर अपने व अपने परिवार के लिए आने वाले कल को सुरक्षित करने के लिये आप किसी भी जाति धर्म वर्ग समाज संगठन या जॉब से हो लेकिन याद रहे पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे की लाठी बनेगी तो आओ मिलकर एक ताकत बने साथियों याद रहे अभी नही तो कभी नहीं। इस अवसर पर मंडल मंत्री आर एन गर्ग, मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, नय्यर अहमद, ए के रावत, सूरज पाण्डेय, मोहम्मद नसीम, अनिल कुमार, उदय प्रताप सिंह, राजन सक्सेना, प्रवीण कुमार, मनोज अवस्थी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# नान इण्टरलॉक कार्य के कारण ट्रेनों का होगा मार्ग परिवर्तन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बाराबंकी जंक्शन पर नान इण्टरलॉक कार्य के कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। अमृतसर से 10 जनवरी को चलने वाली 12204 अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग शाहजहांपुर, रोजा, आलमनगर, लखनऊ व बुढ़वल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग शाहजहांपुर, रोजा, सीतापुर सिटी व बुढ़वल के रास्ते चलायी जायेगी। यह ट्रेन हरदोई एवं लखनऊ स्टेशनों पर नहीं रुकेगी शाहजहांपुर एवं बुढ़वल स्टेशनों पर ठहराव दिया जायेगा। सहरसा से 8 एवं 11 जनवरी को चलने वाली 12203 सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बुढ़वल, बाराबंकी, लखनऊ, आलमनगर, रोजा व शाहजहांपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बुढ़वल, सीतापुर सिटी, रोजा व शाहजहांपुर के रास्ते चलायी जायेगी। यह ट्रेन लखनऊ एंव हरदोई स्टेशनों पर नहीं रुकेगी तथा इसको बुढ़वल एवं शाहजहांपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया जायेगा। मुजफ्फरपुर से 8 से 11 जनवरी तक चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बुढ़वल, बाराबंकी, लखनऊ, आलमनगर, रोजा व शाहजहांपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बुढ़वल, सीतापुर सिटी, रोजा व शाहजहांपुर के रास्ते चलायी जायेगी। यह ट्रेन लखनऊ स्टेशन पर नहीं रुकेगी आर इसका बुढ़वल स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। आनन्द विहार टर्मिनस मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, दरभंगा नई दिल्ली एक्सप्रेस, बरौनी बांद्रा एक्सप्रेस, मऊ आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस, दरभंगा अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन भी बदले मार्ग से चलेगी।

# यूपी जोड़ो यात्रा साबित होगी मील का पत्थर: अजय राय

- कांग्रेस जनता की मांगों को और अधिक प्रमुखता से उठाएगी: प्रदेश अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने यूपी जोड़ो यात्रा के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर कहा कि यह यात्रा प्रदेश के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। यात्रा के अनुभवों से सीख लेकर प्रदेश कांग्रेस जनता की मांगों को और अधिक प्रमुखता से उठाएगी और लड़ेगी। यात्रा के जरिए पता लगा कि जनता देश-प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राज में त्रस्त है और 2024 के आम चुनाव में जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है। श्री राय सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यात्रा से जुड़े अनुभव साझा कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 20 दिसम्बर को सहारनपुर से शुरू हुई यात्रा 6 जनवरी को लखनऊ के शहीद स्मारक पर जनसभा के साथ सम्पन्न हुई। श्री राय ने कहा कि 18 दिन की यात्रा में सहारनपुर में लकड़ी वालों, मुजफ्फरनगर में गुड़ कारीगरों और महिलाओं के सवाल, बिजनौ की चीनी मिल मजदूरों की बात और गन्ना किसानों की समस्याएं, लखीमपुर के गन्ना किसानों के भुगतान की बातें सुनीं और समझीं।

# आय असमानता कम हुई, लोगों की आय में बढ़ोतरी का रुझान: रिपोर्ट

अवधनामा ब्यूरो

- भारतीय मध्यम वर्ग की स्थिति मजबूत
- गिनी गुणांक की गणना 0 और 1 के बीच होती है: एसबीआई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** एसबीआई रिसर्च के एक नए अध्ययन से पता चला है कि हाल के वर्षों में आय असमानता कम हुई है, लोगों की आमदनी बढ़ने और भारतीय मध्यम वर्ग की स्थिति मजबूत होने से ही यह संभव हो पाया है।

सीबीडीटी डेटा के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आयकर का आधार साल दर साल बढ़ रहा है और आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या आकलन वर्ष 2021-22 के 70 मिलियन यानी सात करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 74 मिलियन हो गई है। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 82 मिलियन आयकर रिटर्न दाखिल की गई हैं।

एसबीआई की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय वाले करदाताओं द्वारा दाखिल की गई आईटीआर में मूल्यांकन वर्ष (एवाई) 2013-14 और 2021-22 में 295 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कुल आय की उच्च श्रेणी की ओर बढ़ने की ओर सकारात्मक रुझान दर्शाता है। इसी अवधि के दौरान 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों द्वारा



दाखिल की गई आईटीआर की संख्या भी लगभग तीन गुना (291 प्रतिशत) बढ़ गई है।

गिनी गुणांक, आय असमानता के लिए सबसे व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली माप इकाइयों में से एक है। गिनी गुणांक की गणना 0 और 1 के बीच होती है, जहां पूर्ण आय समानता की स्थिति शून्य के गिनी गुणांक से और पूर्ण आय असमानता की स्थिति 1 से दर्शायी जाती है। इस माप का उपयोग करते हुए, एसबीआई रिसर्च ने गणना की है कि आकलन वर्ष 2014-15 के दौरान गिनी गुणांक 0.472 था, जो कम होकर आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 0.402 हो गया है।

इस बीच, 10 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 2.5 प्रतिशत करदाताओं की हिस्सेदारी 2013-14 के 2.81 प्रतिशत से घटकर 2020-21 में 2.28 प्रतिशत रह गई है। इसी अवधि के दौरान, 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले शीर्ष 1 प्रतिशत करदाताओं की हिस्सेदारी 1.64 प्रतिशत से कम होकर 0.77 प्रतिशत रह गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, आय की असमानता में इसलिए कमी आ रही है, क्योंकि पायदान के निचले हिस्से वाले लोग अब ऊपर उठ रहे हैं। वित्त वर्ष 2014 में आईटीआर फाइल करने वाले 36.3 प्रतिशत वे लोग थे, जो सबसे कम आय वाले समूह में शामिल थे। ये लोग सबसे कम आय वाले समूह से निकल कर आगे बढ़ गए और इस तरह वित्त वर्ष 2014-वित्त वर्ष 2021 के दौरान कम आय समूह से आईटीआर फाइल करने लोग 21.1 प्रतिशत रह गए हैं।

एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में महिला श्रम बल की बढ़ती भागीदारी, एमएसएमई के आय स्तर में स्पष्ट बढ़ोतरी और कोविड महामारी के बाद बदलते खपत रुझान को भी दर्शाया गया है। इस सिलसिले में लोग दोपहिया वाहनों के स्थान पर चार पहिया वाहनों को अपनाने लगे हैं तथा ट्रैक्टरों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। इस रुझान से भारत की मजबूत आर्थिक बहाली नजर आती है तथा उस के स्वरूप के विकास का मिथक भी टूटा है, जिसके अनुसार कुछ चुने हुए क्षेत्रों में ही बढ़िया कामकाज होता है, जबकि अन्य क्षेत्रों में गिरावट आती है।

# श्रद्धालुओं को परिवहन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी: दयाशंकर

अवधनामा ब्यूरो

- पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने के दिये गये निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को परिवहन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी, इसके लिए परिवहन विभाग अपने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्क रहकर पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही निजी बस संचालकों, ओला, उबर के मालिकों के साथ वार्ता कर बेहतर परिवहन सेवा मुहैया कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि जनपद अयोध्या को जाने वाले हाइवे पर प्रति 10 किमी पर होर्डिंग लगायी जाये, जिसपर कंट्रोल रूम एवं परिवहन विभाग का हेल्पलाइन नम्बर प्रदर्शित होगा। इसके अलावा सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा जनपदों में लगाये गये इण्टरसेप्टर वाहनों को जनपद अयोध्या के 200 किमी की परिधि में संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार लगाया जायेगा। उन्होंने सुगम एवं सुचारू परिवहन व्यवस्था हेतु प्रवर्तन अधिकारियों को जनपद अयोध्या के नजदीकी जनपदों में चक्रानुक्रम में ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये हैं। जनपद अयोध्या के नजदीक प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से ओवरलोडिंग,



ओवरस्पीडिंग एवं ड्रंकेन ड्राइविंग पर अभियान स्वरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। रोडवेज के द्वारा अपने डिपो में बसों की वैकल्पिक व्यवस्था रखी जाय, जिससे आगन्तुकों को यदि आवश्यकता पड़े तो उसे ससमय मदद हेतु पहुंचाया जा सके। परिवहन मंत्री ने जनपद अयोध्या को जाने वाले समस्त हाईवेज के प्रत्येक टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग का संयुक्त हेल्पडेस्क रोडवेज के अधिकारियों के साथ बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टोल प्लाजा पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन किये जाने हेतु प्रसारण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों की होर्डिंग भी लगायी जाय तथा परिवहन विभाग का टोल-फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-1800-151 एवं जनपद स्तरीय विभागीय कंट्रोल रूम एवं मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम का नम्बर भी प्रदर्शित किया जाय। 18 से 25 जनवरी, 2024 की अवधि में परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर एवं अयोध्या सम्भाग के सभी जनपद एवं लखनऊ, वाराणसी एवं गोरखपुर जनपद में 24म7 कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर स्थापित परिवहन विभाग का हेल्पलाइन नम्बर संचालित रहेगा।परिवहन मंत्री ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अयोध्या धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को ले जा रही बसों की साफ-सफाई बेहतर रहे। बसों में ड्राइवर्स, कन्डक्टर्स वर्दी में रहें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान भजन एवं रामधुन सुनाई दे, इसकी भी व्यवस्था परिवहन निगम की अयोध्या जाने वाली सभी बसों में किया जाये।

# मेरी नई पुस्तक 'हर वन टू लव' पाठकों के लिए अनूठा अनुभव होगी: रुचिता मिश्रा

**इंटर-स्पीक**

एम. एम. मोहसिन

**लखनऊ।** विश्व प्रसिद्ध लेखिका एवं नोवैलिस्ट रुचिता मिश्रा लंदन में रहती हैं और वहीं पर कार्यरत है। पिछले दिनों वह लखनऊ आई थी। अवसर था उनकी नई पुस्तक 'हर वन टू लव' के विमोचन का। रुचिता के बारे में बताते चलें कि लखनऊ की रहने वाली रुचिता मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा ला-मार्टिनियर स्कूल से हुई, और उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ फॉरेन ट्रेड से एमबीए की शिक्षा प्राप्त की। रुचिता तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट रही है। रुचिता मिश्रा के लखनऊ आगमन पर उनकी नई पुस्तक 'हर वन टू लव' का विमोचन हुआ। यह विमोचन लखनऊ के गोमती नगर में स्थित प्रसिद्ध यूनिवर्सल बुक सेलर्स में आयोजित हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सल बुक सेलर्स के चंद्र प्रकाश तथा गौरव प्रकाश जी मौजूद रहे। विश्व विख्यात कंपनी 'हार्पर कोलिंस' द्वारा प्रकाशित उनकी यह नई पुस्तक फिक्शन और नावैल पढ़ने वालों के लिए एक अनूठा अनुभव होगी। लेखिका ने अपनी इस पुस्तक में प्रेम और जीवन संबंधी नए काल्पनिक रिश्तों को अपनी कल्पना का किरदार बनाया है। अपने परिवार, जिसमें दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं, के साथ दायित्व निभाते हुए उन्होंने लेखन के इस काम को सदैव कुशलता पूर्वक संपन्न किया। उनकी पुस्तक 'सेकंड चांस एट लव' को 'बेस्ट सेलर्स ' का दर्जा भी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में उनके द्वारा रचित यह पांचवीं पुस्तक है। नोवल लेखन में उन्होंने अपनी शुरुआत अपनी पहली पुस्तक 'द [इन] एलिजिबल बैचलर' से की जो उनकी पहली पुस्तक थी।



वर्ष 2012 में रुचिता मिश्रा को अवध सम्मान से सम्मानित किया गया, इसके अतिरिक्त वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'अवधनामा' सम्मान से भी सम्मानित किए जाने पर उनके द्वारा आभार भी व्यक्त किया गया।

लेखिका ने हमें अपने दिए हुए इंटरव्यू के माध्यम से बताया कि उनके पुस्तकों के विषय में पाठक उन्हें ईमेल द्वारा अपना फीडबैक भेजते रहते हैं जिससे उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती रहती है। अपने संघर्ष को साझा करते हुए उन्होंने यह भी बताया कि 'लंदन ट्यूब' की यात्रा में भी समय निकालकर उन्होंने दो किताबें लिखी हैं। हमारे द्वारा यह पूछे जाने पर कि भारतीय परिवेश में इस तरह की स्टोरी लाइन कहां तक सही और तर्कसंगत है ,साथ ही उसका प्रभाव समाज पर क्या पड़ता है , उन्होंने कहा कि उनके नोवल के किरदार समाज का ही स्वरूप होते हैं, और कहीं ना कहीं कोई न कोई कहानी पनप रही होती है। लेखिका ने अपना अनुभव साझा करते हुए यह बताया की यह नॉवेल अस्सी हजार शब्दों पर आधारित है और रीडर्स को इससे सीखने के अस्सी हजार अवसर प्रदान करता है। उनके अनुसार उसका हर शब्द चयनित है और रीडर को पढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उनकी अन्य प्रसिद्ध पुस्तकों में 'आई डू,- डू आई' ,'समवन टू लव' 'सेकंड चांस एट लव' जैसे नोवल शामिल है।

# बिल्कीस बानो मामला: फैसले का किया स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बिल्कीस बानो के बलात्कारियों की रिहाई निरस्त कर दोषियों को दोबारा जेल भेजने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय का प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने स्वागत किया है। विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि विभाग ने दोषियों की रिहाई के बाद सवाल उठाते हुए दोबारा जेल भेजने की मांग के साथ 15 दिनों का हस्ताक्षर अभियान चलाया था। श्री आलम ने कहा कि अगस्त 2022 में जब उच्चतम न्यायालय ने बलात्कारियों को केन्द्र की अनुमति से रिहा ने न्यायपालिका की धूमिल हुई छवि इस निर्णय से थोड़ी बहुत दुरुस्त होगी। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह है कि बलात्कार के दोषियों की गैर कानूनी रिहाई का आदेश सुनाने वाले जजों पर भी उच्चतम न्यायालय कार्रवाई करेगा या नहीं। श्री आलम ने कहा कि बल्किीस के अपराधियों को विधानसभा चुनाव से पहले किया गया था, इसलिए उनकी रिहाई को न्यायिक से अधिक राजनैतिक फैसला माना गया था। इसलिए जरूरी है कि उच्चतम न्यायालय उन जजों के खिलाफ कार्रवाई कर संदेश दे कि न्यायपालिका अपनी स्वायत्ता बचाने में सक्षम है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय ने श्री एस सी त्रिवेदी मेमोरियल मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 07 जनवरी 2024,को मानस मंदिर परिसर, अयोध्या रोड, मौसमगंज, डालीगंज, लखनऊ में मनाया गया, शिविर की मुख्य अतिथि चित्रांगद' पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार उत्तर प्रदेश से सेवानिवृत द्वारा आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय की उपलब्धियों को सराहा तथा इस अवसर पर डॉ अभिषेक शुक्ला ने बताया वृद्धों को उनकी बीमारी के बारे में समय पर ज्ञान हो जाए और समय रहते इलाज हो जाए तो जीवन उपरांत अपंगता से बच पाएंगे, और अच्छा स्वास्थ्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब हम हर दिन कम से कम एक शारीरिक गतिविधि करें, स्वस्थ खाना खाएं, कोशिश करें पर्याप्त सोने की, अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त पानी पिएं, जल्दी उठें और योग करें। शिविर में लगभग 1860 लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें महिलाओं बच्चों समेत हर उम्र के लोगों ने हिस्सा



लिया इस शिविर में लगभग 5000 की जांच हुई जिसमें hbavc ,हेपेटाइटिस बी, लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह, रक्तचाप, ईसीजी, बॉडी वेट ,यूरिक एसिड की जांच हुई। शिविर में डॉक्टर अभिषेक शुक्ला एमडीएफआरसीपी, डॉ अमिता शुक्ला एम एसओबीजी,डॉ हिना उपस्थित थी, जिनके द्वारा शिविर में आए लोगों को डॉक्टरी परामर्श दिया गया और उसके बाद 5 दिन की दवा भी मुफ्त दी गई।